दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — तेंदूपत्ता संग्राहकों के बीमा, भुगतान और...
4 अभिव्यक्ति — झुंझुनू के शहीदों ने लिखी है शौर्यगाथा
9 मनोरंजन/खेल — सुशांत ने सहा था बहुत अपमान-कंगना...
11 व्यापार — दस लाख ग्राहकों ने डाउनलोड किया...

www.navpradesh.com
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2020, श्रावण शुक्ल पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-165 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जब हथियार ही बोथरे निकले तो कोरोना के खिलाफ जंग में जीत कैसे हासिल होगी? एन95 मास्क का अब तक इस्तेमाल होता रहा और लोग इसे लगाकरा निश्चिंत थे कि कोरोना वायरस से वे सुरक्षित हैं लेकिन अब पता चला है कि यह अनुपयोगी हैं। इसकी मान्यता रद्द कर दी गई है। अब तो लोग सैनिटाइजर को भी संदेह की नजर से देख रहे हैं कि इसके उपयोग से वे कोरोना वायरस के संक्रमण से बच सकते हैं या बेकार ही इसे हाथ पर मल रहे हैं। सही है। दूध का जला छाछ को भी फूंक फूंक कर पीता है।

छग में 800 से ज्यादा बेड की व्यवस्था करने को रेलवे तैयार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हर दिन राज्य में 200-250 से ज्यादा मरीज सामने आने लगे हैं। रायपुर हॉटस्पॉट बना हुआ है। जिस संख्या में यहां मरजी मिल रहे उसे देखते हुए शासन-प्रशासन को अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करनी होगी। लिहाजा स्थिति को देखते ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 800 से ज्यादा बेड की व्यवस्था के लिए अपनी तैयारी जाहिर कर दी है। शुरुआत में लगे लॉकडाउन काल में रेलवे द्वारा बनाए गए 100 आइसोलेशन कोच फिलहाल प्रदेश के तीन रेलवे स्टेशनों पर रखे गए हैं। राज्य सरकार जिन भी स्टेशन पर इन्हें तैनात करने के लिए कहेगी रेलवे इन्हें उन स्टेशन पर तैनात कर देगा। रायपुर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम तन्मय मुखोपाध्याय ने नवप्रदेश को बताया कि पहले लगाए गए लॉकडाउन में रेलवे ने 100 आइसोलेशन कोच बनाए थे। ये कोच रायपुर, दुर्ग व बिलासपुर स्टेशन पर हैं। राज्य सरकार इन्हें जहां भी भेजने के लिए कहेगी उन्हें वहां भेज दिया जाएगा।

- **100 आइसोलेशन कोच तैयार, रायपुर, दुर्ग व बिलासपुर में रखा गया हैं इन्हें**
- **जरूरत पड़ी तो कोरोना मरीजों के लिए अपने अस्पताल भी देगा रेलवे**

ऐसे समझे 800 बेड का गणित

मुखोपाध्याय ने बताया कि एक आइसोलेशन कोच में 8 मरीजों को रखा जा सकता है। इस लिहाज से 100 कोच में 800 कोरोना मरीजों की व्यवस्था हो सकती है। मुखोपाध्याय ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर छत्तीसगढ़ में स्थित रेलवे के अस्पतालों को कोरोना मरीजों के इलाज के लिए दिया जाएगा। रायपुर में 50 बेड का रेलवे का अस्पताल उपलब्ध है।

कोच में ये है सुविधा

रेलवे के प्रत्येक कोच में मरीजों के लिए जरूरी सुविधा उपलब्ध है। साफ सुथरा लेट बाथ के साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध है। हालांकि मुखोपाध्याय ने बताया कि क्रिटिकल मरीजों को कोच में नहीं रखा जा सकता। इन कोच में वेंटिलेटर मौजूद नहीं हैं।

अच्छी खबर

शिक्षाकर्मियों का संविलियन 1 नवंबर से जारी हुआ आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने शुक्रवार को 16 हजार शिक्षाकर्मियों के संविलियन का आदेश जारी कर दिया गया। इस आदेश के मुताबिक इन शिक्षाकर्मियों का संविलियन 1 नवंबर से होगा। उल्लेखनीय है कि शिक्षाकर्मियों के संविलियन को लेकर फैसला बीते दिनों कैबिनेट की बैठक में ले लिया गया था। और अब आदेश जारी हुआ है। हालांकि जुलाई के बजाय शिक्षाकर्मियों का संविलियन 1 नवंबर से होगा। राज्य सरकार ने चार अलग-अलग बिंदुओं में आदेश जारी किया है। 2 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षाकर्मियों का संविलियन नवंबर में होने के साथ-साथ 1 जुलाई 2020 को 8 साल की सेवा पूरी कर चुके शिक्षाकर्मियों को भी 1 नवंबर से संविलियन शिक्षा विभाग में करने का आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि शिक्षक पंचायत व नगरीय निकाय संवर्ग के नियुक्ति आदेश के विरुद्ध यदि कोई मामला कोर्ट में है तो उस पर अभी निर्णय नहीं लिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रायपुर के सिविल सर्जन, दुर्ग के 16 जवानों समेत रिकॉर्ड 426 नए मरीज

- **जिला अस्पताल रायपुर के सिविल सर्जन, उनकी पत्नी व बेटे की कोरोना रिपोर्ट भी आई पॉजिटिव**
- **अकेले रायपुर से ही मिले 244 नए मरीज, राजधानी व बलौदाबाजार में दो मौतें भी**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर/दुर्ग। प्रदेश में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। शुक्रवार को जिला अस्पताल रायपुर के सिविल सर्जन तथा दुर्ग से बीएसएफ के 16 जवानों समेत कुल 426 नए मरीज मिले। 180 को डिस्चार्ज किया गया, जबकि दो मौतें भी दर्ज की गई है। यह प्रदेश में एक दिन में कारोना मरीजों का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। इसके साथ ही गुरुवार के 371 मरीजों का रिकॉर्ड की भी टूट गया। रोज की तरह शुक्रवार को भी रायपुर से ही अब तक के सर्वाधिक 244 मरीज मिले। रायपुर की बात करें तो सिविल सर्जन की पत्नी व उनके लड़के की भी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। राजधानी में सीएसपी कोतवाली का चालक आरक्षक भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को चालक सीएसपी के साथ ड्यूटी में था। जानकारी के मुताबिक सीएसपी का चालक पुलिस लाइन में रहता है। किसी कारण से वह चार दिन के लिए छुट्टी पर घर गया था और गुरुवार को ही वापस ड्यूटी पर लौटा था। जिसके बाद वो दिनभर सीएसपी के साथ ही था। अब सीएसपी कोतवाली भी कोरोना जांच कराएंगे। प्रदेश में अब कुल एक्टिव केस का की संख्या बढ़कर 2216 हो गई है। वहीं मौतों का आंकड़ा भी बढ़कर 36 हो गया है।

बेवजह बिना मास्क घूम रहे 20 पर कार्रवाई

राजधानी के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में निषेधाज्ञा आदेश लागू रहने के दौरान बेवजह बिना मास्क घूमते पाये जाने पर पुलिस ने करीब 20 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निषेधाज्ञा आदेश के दौरान बेवजह सड़कों पर घूमते पाये जाने पर पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के भाठागांव, आजाद चौक थाना क्षेत्र में मंगलबाजार तथा सिविल लाईन थानाक्षेत्र में कार्रवाई की गई।

संक्रमित मरीज के संपर्क में आए थे सिविल सर्जन

बताया जा रहा है कि एक संक्रमित मरीज के संपर्क में आने पर सिविल सर्जन संक्रमित हुए। जब उन्हें इस बात का पता चला था तो उन्होंने खुद को क्वारंटाइन कर लिया था। इसके पहले भी रायपुर के अस्पतालों के कुछ डॉक्टर-नर्सों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

जाने, कहां से कितने मरीज मिले

रायपुर से 244, राजनांदगांव से 28, दुर्ग से 20, बस्तर से 18, कांकेर से 15, कोंडागांव से कोरबा से 14-14, बलरामपुर से 11, रायगढ़ से 10 , बीजापुर व सरगुजा से 9-9, बेमेतरा से 7, सूरजपुर से 8, जांजगीर चांपा से 6, जशपुर से 3, बालोद, बलौदाबाजार, बिलासपुर व दंतेवाड़ा से 2-2, तथा महासमुंद व गरियाबंद से 1-1 मरीज सामने आए। राजधानी में कोरोना मरीजों की बाढ़ आने के चलते अब राज्य शासन और स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के बाद शहर में कोरोना संक्रमण की जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

बिलासपुर के मटियारी गांव का वाकया

सगे बेटे ने मां-पिता, 2 भाई और बहन की कर दी हत्या

- **फिर खुद हाईवा के सामने आकर दे दी जान**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सीपथ थानांतर्गत मटियारी गांव में एक सनकी बेटे ने अपने ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर तेज रफ्तार हाईवा के सामने कूदकर जान दे दी। परिवार के आरोपी बड़े बेटे ने गुरवार की देर रात अपनी मां संतोषी, पिता रूपदास, दो भाई रोहित व ऋषि तथा बहन कामिनी की धारदार टंगिया से हत्या कर दी। सभी गहरी नींद में थे। इसके बाद वह खुद भी तेज रफ्तार हाईवा के सामने कूद गया। जिससे उसकी भी मौके पर मौत हो गई। युवक ने यह अपराध क्यों किया, इसका पता नहीं लग पाया। ग्रामीणों के मुताबिक हत्यारा रोशन घर का बड़ा लड़का था और नशे का आदि था। शायद नशे की हालत में ही उसने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रोशन नशे का आदी था। गांव वालों ने भी यही कुछ कहा है। घटना दो से तीन बजे के बीच की है। घर में रोशन जिस थाली में खाना खा रहा था वह अब भी रखा हुआ है। शायद वह देर रात नशे के बाद घर लौटा । और मां बाप भाई बहन को मौत के घाट उतार दिया। चश्मदीद नाबालिग को संरक्षण में लिया गया है। पूछताछ होगी इसके बाद ही घटना की वास्तविक जानकारी मिल पाएगी।

-मानसिंह राठिका, थाना प्रभारी, सीपत

बुआ के लड़के से कहा-सलामती चाहते हो तो भाग जाओ

घटना के चश्मदीद रोशन सूर्यवंशी की बुआ के नाबालिग बेटे ने बताया कि वह पंधी का रहने वाला है। घटना की शाम को वह मटियारी स्थित रोशन के घर गया था। खाना- पीना होने के बाद हम लोग सोने चले गए। इसी बीच रोशन सूर्यवंशी ने इस काण्ड को अंजाम दिया। नाबालिग ने बताया कि रात करीब साढ़े तीन बजे के आसपास उसकी नींद खुली। रोशन सूर्यवंशी को हाथ में खून लगी कुल्हाड़ी के साथ देखा। वह हड़बड़ा कर उठ गया। उस समय वह रोशन के छोटे भाई ऋषि सूर्यवंशी के साथ ही सोया था। रोशन ने उससे कहा कि जान की सलामती चाहता है तो वह तत्काल वहां चला जाए। इसके बाद वह सायकल उठाकर अपने घर पंधी पहुंचा। मां पिता को घटना की जानकारी दी। जिसके के बाद सभी लोग मटियारी पहुंचे। यहां पहुंचने पर घर के सामने सड़क पर हत्यारे रोशन को मृत पाया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि सामूहिक हत्या को अंजाम देने के बाद खुद मौत को गले लगा लिया।

कोरोना अपडेट

देश	टोटल केस	मौत
भारत	13,35,406	31,398
अमेरिका	4,202,361	147,740
ब्राजील	2,303,661	84,440
ब्रिटेन	297,914	45,677
मैक्सिको	3,70712	41,908
इटली	245,590	35,097
फ्रांस	179,398	30,182
स्पेन	317,246	28,429
ईरान	286,523	15,289
रूस	800,849	13,046

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 38128.90
निफ्टी- 11194.15
गोल्ड- 51111 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 61642 (1 कि ग्रा.)

चुनाव आयोग ने लिया फैसला

56 विस व 1 लोस सीट पर उपचुनाव कोरोना काल में ही

नई दिल्ली/ (वार्ता)। चुनाव आयोग ने कोरोना काल में 56 विधानसभा सीटों तथा एक संसदीय सीट पर उप चुनाव कराने का फैसला किया है। आयोग की समीक्षा बैठक में शुक्रवार को यह निर्णय लिया गया। आयोग की प्रवक्ता शेफाली शरण ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सीटों के उपचुनाव की तारीख उचित समय पर घोषित की जाएगी। आयोग ने गुरुवार को कहा था कि चुनाव आयोग की शुक्रवार को होने वाली बैठक में इन सीटों के उपचुनाव के बारे में विचार किया जाएगा।

आयोग के अनुसार 22 जुलाई को आयोग के वरिष्ठ प्रधान सचिव सुमित मुखर्जी द्वारा जारी विज्ञप्ति से मीडिया में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी इसीलिए उसने गुरुवार को यह स्पष्ट किया कि आठ विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के बारे में जो फैसला लिया गया था, वह एक विशेष परिस्थिति में लिया गया था लेकिन आयोग ने जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 151 के तहत उपरोक्त सभी सीटों पर उपचुनाव कराने का फैसला किया है।

विज्ञप्ति में कहा गया था कि आठ विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव सात सितंबर तक स्थगित किये गए हैं लेकिन कल की बैठक में सभी सीटों के उप चुनाव के बारे में विचार किया जाएगा।

करंट से हाथी की मौत किसान की गिरफ्तारी

- **फसल बचाने खेत में बिछाया था करंट वाला तार**

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले में करंट लगने से एक दंतेल हाथी की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर रेंजर सहित वन विभाग की टीम पहुंची। जांच किया तो पता चला कि फसल लगी बाड़ी में करंट के तार की चपेट में आने से हाथी की मौत हुई। जिसके बाद बाड़ी मालिक को गिरफ्तार कर पुछताछ करने पर पता चला कि उसने फसल को जंगली जानवरों से बचाने के लिये अपने घर की बाड़ी में करंट प्रवाहित तार बिछा रखा था। आरोपी का नाम रंजीत किस्पोट्टा है। हाथी देर रात, इस क्षेत्र में दल से अलग हो कर भटक गया और करंट के सम्पर्क में आ गया। करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके तपकरा के रेंजर अभिनव केसरवानी सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राजभवन में गहलोत गुट के नेताओं ने दिया धरना

- **राजस्थान संकट : राज्यपाल से मिले सीएम गहलोत**

जयपुर/नवप्रदेश। राजस्थान में व्हिप उल्लंघन के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट के यथास्थिति बनाने के आदेश के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र ने मुलाकात की। इस दौरान गहलोत गुट के कांग्रेस विधायकों ने राजभवन में ही धरना देना शुरू कर दिया। विधायकों ने गहलोत जिंदाबाद के नारे लगाए। इससे पहले गहलोत समेत सभी विधायक बसों में बैठकर राजभवन के लिए निकले। राजभवन जाने से पहले मुख्यमंत्री फेयरमाउंट होटल में विधायकों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों को एकजुट रहना है और हमारे पास बहुमत है। इतना ही नहीं हमारी सरकार पांच साल तक चलेगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम



प्रोत्साहन — चयननित ग्राम पंचायतों व प्रतिभागियों को गांधी जयंती पर सीएम भूपेश करेंगे सम्मानित

गांवों में स्वच्छता बढ़ाने 4.34 करोड़ के पुरस्कार

- **पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने की पुरस्कारों की घोषणा**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। गांवों में स्वच्छता को बढ़ावा देने राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा चार करोड़ 34 लाख रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इन पुरस्कारों के लिए चयनित ग्राम पंचायतों और प्रतिभागियों को गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को पुरस्कृत करेंगे। 30 जुलाई से 15 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने शुक्रवार को राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के तहत 15 श्रेणियों में दिए जाने वाले पुरस्कारों की घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खुले में शौचमुक्त हो चुके गांवों में इसका स्थायित्व बरकरार रखने, समुदाय की सहभागिता और लोगों में साफ-सफाई की अच्छी आदतों को प्रेरित करने ये पुरस्कार दिए जा रहे हैं। स्वच्छता को बढ़ावा देने अलग-अलग स्तरों पर अलग-अलग तरह के बेहतर काम करने वाले विभिन्न वर्गों को पुरस्कृत किया जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुरस्कार की श्रेणी एवं राशि

- **राज्य स्वच्छता पुरस्कार 2020 :** स्वच्छ सुंदर शौचालय पुरस्कार के प्रत्येक विजेता हितग्राही को 5001 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर दस-दस हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।
- **स्वच्छ सुंदर सामुदायिक शौचालय पुरस्कार :** जिला एवं राज्य स्तर पर दिए जाएंगे। जिला स्तर की विजेता ग्राम पंचायत को 21 हजार रुपए और राज्य स्तरीय विजेता पंचायत को एक लाख रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी।
- **राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सेग्रिगेशन शेड :** चयनित ग्राम पंचायत को एक लाख रूपए दिए जाएंगे। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए दो श्रेणियों में विजेताओं का चयन किया जाएगा। जिला स्तर की विजेता पंचायत को 21 हजार रूपए और राज्य स्तरीय विजेता को 51 हजार रूपए के पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

अयोध्या मामला

आडवाणी ने सीबीआई कोर्ट में दर्ज कराया बयान

लखनऊ/ (वार्ता)। अयोध्या में बाबरी मस्जिद विध्वंस मामले में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठतम नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत में अपना बयान दर्ज कराया। आडवाणी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीबीआई की अदालत के सामने पेश हुए। उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार विशेष अदालत को इस मामले का 31 अगस्त तक निस्तारण करना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने इस मामले में गुरुवार को अपना बयान दर्ज कराया था। अदालत ने श्री जोशी से बड़ी संख्या में इस मामले पर सवाल किये। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अयोध्या में राममंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त पहले ही हो चुका है ।

कांग्रेस को अब क्यों आई पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की याद?

सोनिया और राहुल गांधी ने की पूर्व पीएम की प्रशंसा

नई दिल्ली ए.। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को नजरअंदाज किए जाने को लेकर लगातार आरोपों का सामना करती रहीं कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को उनकी जमकर तारीफ की। 24 जुलाई 1991 को आर्थिक उदारीकरण वाले बजट को पेश किए जाने के 29वें सालगिरह पर सोनिया ने नरसिम्हाव राव के नेतृत्व को मजबूत बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कई राजनीतिक, सामाजिक और विदेश नीति की उपलब्धियां अर्जित की गईं। राहुल गांधी ने भी राव के प्रति सम्मान जाहिर करते हुए उन्हें आधुनिक भारत को आकार देने वाला बताया है।

सोनिया गांधी ने कहा

सोनिया गांधी ने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव की जन्मशताब्दी हमारे लिए सबसे विद्वान शख्सियत को याद करने और श्रद्धांजलि देने का अवसर है। राज्य और केंद्र की राजनीति में लंबे समय तक काम करने के बाद वह प्रधानमंत्री ऐसे समय में बने जब देश में गंभीर आर्थिक संकट था। उनके मजबूत नेतृत्व की वजह से देश कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सका।

24 जुलाई 1991 के केंद्रीय बजट ने देश में आर्थिक रूपांतरण का रास्ता साफ किया। उनके कार्यकाल में देश ने कई सामाजिक, राजनातिक और विदेश नीति की उपलब्धियां हासिल हुईं। इन सबसे बढ़कर वह एक समर्पित कांग्रेसी थे, जिन्होंने कई जिम्मेदारियों पर काम करते हुए पार्टी की पूरी तन्मयता से सेवा की। मैं एक वर्ष तक चलने वाले आयोजनों के लिए तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमिटी को बधाई देती हूं। पीवी नरसिम्हाव राव बहुत सम्मानित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शख्सियत थे। कांग्रेस पार्टी को उनकी उपलब्धियों और योगदान पर गर्व है।

क्या हैं राजनीतिक मायने

राजनीतिक विश्लेषकों को यह घटना साधारण नहीं लगती। वह इसे एक पार्टी अध्यक्ष द्वारा अपने पूर्व प्रधानमंत्री को याद किए जाने भर की औपचारिकता नहीं मानते, बल्कि इसके पीछे कई कारणों की तलाश में जुटे हैं। ऐसा इसलिए कि नरसिम्हा राव और सोनिया गांधी के बीच रिश्ते सहज नहीं थे। दोनों के बीच कितनी तल्खी थी इसको इस बात से समझा जा सकता है, रशीद किदवई की किताब '24, अकबर रोड ' के विमोचन के मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मीडिया सलाहकार रह चुके संजय बारू ने कहा था कि कांग्रेस ने दिल्ली में उनका अंतिम संस्कार तक नहीं होने दिया और नरसिम्हा राव के परिवार को मजबूर किया गया कि वे उनके शव को हैदराबाद ले जाएं। इसे कांग्रेस के डैमेज कंट्रोल की कोशिश के तौर पर भी देखा जा रहा है। हाल के कुछ सालों में कांग्रेस पार्टी ने देखा है कि बीजेपी खासकर पीएम नरेंद्र मोदी ने किस तरह देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को नजरअंदाज किए जाने को लेकर कांग्रेस को घेरा है। कहा जाता है कि बीजेपी ने सफलतापूर्वक कांग्रेस पार्टी से पटेल की विरासत को छीन लिया है।

अमेरिका और ड्रैगन में गहराया तनाव

ह्यूस्टन वाणिज्य दूतावास नहीं छोड़ रहा चीन

चीन के वाणिज्य दूतावास ने अमेरिका के आदेश को मानने से इनकार कर दिया है

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार तक दूतावास को खाली करने का आदेश दिया था

ह्यूस्टन ए.। अमेरिका और चीन के बीच ह्यूस्टन वाणिज्य दूतावास को लेकर तनाव गहरा गया है। चीन के वाणिज्य दूतावास ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय के आदेश को मानने से इनकार कर दिया है। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार तक चीनी वाणिज्य दूतावास को खाली करने का आदेश दिया था। उधर, चीन के ह्यूस्टन स्थित महावाणिज्य दूत काई वेई ने कहा कि उनका कार्यालय 'अगले आदेश तक खुला रहेगा।

काई वेई ने कहा कि चीन वाणिज्य दूतावास को बंद करने के आदेश का विरोध कर रहा है। उन्होंने पोलिटिको न्यूज वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'आज हम अभी भी सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। इसलिए हम देखेंगे कि कल क्या होगा।' चीनी वाणिज्य दूत ने कहा कि चीन ने अमेरिका से दूतावास को बंद करने के अपने आदेश को वापस लेने के लिए कहा है। चीन ने दलील दी है कि यह वियना समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय समझौतों का उल्लंघन है।

अमेरिका और चीन में न्यू कोल्ड वॉर की आशंका बढ़ी

उन्होंने कहा, 'चीन ने हमारी बौद्धिक संपदा चुराई और ट्रेड सीक्रेट चुराए जिसकी वजह से लाखों अमेरिकी नागरिकों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी।' इससे पहले अमेरिका ने चीन को ह्यूस्टन में स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को 72 घंटे में बंद करने का आदेश दिया था जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव बढ़ गया है। देश में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन के खिलाफ कड़े कदम उठाने के सिलसिले में यह नया कदम है। चीन ने बुधवार को इस आदेश की निंदा करते हुए इसे 'अपमानजनक' बताया था और कहा कि अगर इस फैसले को वापस नहीं लिया गया तो इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

चीन ने अमेरिकी दूतावास को बंद करने दिया आदेश

काई ने कहा, 'हम हर तरह के हालात के लिए तैयार हैं लेकिन हमने कड़ा विरोध भी दर्ज कराया है...हम अमेरिका से अनुरोध करते हैं कि अपने अवैध आदेश को वापस ले।' चीनी वाणिज्य दूत का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब चीन ने अमेरिका को अपने चेंगदू में स्थित वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। चेंगदू में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास चीन में कई प्रांतों का कामकाज देखता है। इसी केंद्र के पास तिब्बत स्वायत्तशासी इलाके की भी जिम्मेदारी है। माना जा रहा है कि तिब्बत को लेकर अमेरिकी कदम को देखते हुए चीन ने यह कदम उठाया है। बीजिंग ने अमेरिका-चीन रिश्तों में आए तनाव के लिए वॉशिंगटन को जिम्मेदार ठहराया और मांग की कि अमेरिका तत्काल ह्यूस्टन में चीनी वाणिज्य दूतावास को बंद करने के आदेश को वापस ले। इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पियो ने गुरुवार को कहा था कि चीन का ह्यूस्टन स्थित वाणिज्य दूतावास जासूसी का गढ़ बन गया था। पॉम्पियो ने कहा, 'इस सप्ताह हमने चीन के ह्यूस्टन स्थित वाणिज्य दूतावास को बंद करने का फैसला किया है क्योंकि यह जासूसी और बौद्धिक संपदा को चुराने का अड्डा बन गया था।'

विदेश मंत्रालय का बयान बताता है कि सरकार ने कबूल कर लिया कि चीन ने एलएसी की स्थिति बदल दी है: चिदंबरम

***नई दिल्ली ए.।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन के बीच जारी मौजूदा तनाव को लेकर विदेश मंत्रालय के बयान पर सवाल उठाया है। उन्होंने दावा किया कि गुरुवार को जारी बयान में कहीं भी 5 मई से पहले की स्थिति को बहाल करने की बात नहीं कही गई है।*

चिदंबरम ने कहा कि बयान एक तरह से सरकार का कबूलनामा है कि चीन ने क्षेत्र में मई से पहले की स्थिति को बदल दिया है। चिदंबरम ने ट्वीट किया, 'विदेश मंत्रालय का कल (गुरुवार) रात का बयान भारत के फ्रपूरी तरह से खाली कराने और डी-एस्केलेशन और सीमा क्षेत्रों में पूर्ण शांति बहाली' के रूप में भारत की उम्मीद की बात करता है। अब तक संतोषजनक है। लेकिन भारत की 5 मई 2020 तक की 'यथास्थिति की बहाली' की मांग पर बयान में चुप्पी क्यों है? अगले ट्वीट में चिदंबरम ने पीएम मोदी के उस दावे पर सवाल उठाया कि किसी ने भी भारतीय सीमा में घुसपैठ नहीं किया है और न कोई भारतीय क्षेत्र में है। उन्होंने लिखा, 'यह बयान एक और उदाहरण है कि चीन ने 5 मई तक प्रचलित यथास्थिति को बदल दिया है। यह इस दावे के लिए एक और झिड़की है कि 'किसी ने भारत में घुसपैठ नहीं की है और कोई भी भारतीय क्षेत्र में नहीं है। एक दिन पहले गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने अपने बयान में कहा कि भारत चाहता है कि चीनी पक्ष कंपलीट डिसइंगेजमेंट और डी-एस्केलेशन के काम को पूरी ईमानदारी से करे और सीमाई इलाकों में शांति की पूर्ण बहाली करे।

कोविड की तरह चीन पर मेरी चेतावनी को अनसुना कर रही है सरकार: राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने पहले कोरोना वायरस को लेकर सचेत करते हुई कही गई मेरी बातों को अनसुना किया और अब वह चीन को लेकर भी वही कर रही है। उन्होंने ट्वीट किया, ''मैं कोविड-19 और अर्थव्यवस्था के बारे में सचेत करता रहा। उन्होंने मेरी चेतावनी को नहीं सुना। नतीजा-देश पर आपदा।'' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, ''मैं चीन के बारे में भी बार बार सचेत कर रहा हूं। वे अब भी नहीं सुन रहे।'' गौरतलब है कि राहुल गांधी ने कोरोना वायरस के मुद्दे पर मार्च महीने की शुरुआत में संसद परिसर में कहा था कि कोरोना वायरस के संकट को लेकर सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए और आगे 'आर्थिक सुनामी' आने वाली है जिससे निपटने की तैयारी करनी होगी। वह चीनी सेना की घुसपैठ को लेकर भी पिछले कुछ हफ्तों से सरकार से सवाल पूछ रहे हैं। हाल ही में भाजपा ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी सेना का मनोबल गिरा रहे हैं।

भारतीय ने नेपाल में लड़की पर तेजाब फेंका, गिरफ्तार

काठमांडू। नेपाल में 25 वर्षीय एक भारतीय को काठमांडू के बाहरी इलाके में 22 वर्षीय लड़की पर तेजाब फेंकने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने दावा किया कि उसे उसके 42 वर्षीय नेपाली नियोक्ता मोहम्मद आलम ने लड़की के चेहरे पर तेजाब फेंकने को कहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आरोपी ने लड़की पर बृहस्पतिवार शाम उस समय तेजाब से हमला किया, जब वह किसी काम से घर से बाहर निकली थी। घटना के दो घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया। तेजाब से उसके हाथ भी जल गए हैं। पूछताछ के दौरान उसने अपराध करने की बात स्वीकार कर ली।

हैदराबाद मुठभेड़

न्यायालय ने सिरपुरकर आयोग का कार्यकाल 6 महीने बढ़ाया

नयी दिल्ली ए.। उच्चतम न्यायालय ने हैदराबाद मुठभेड़ कांड की जांच के लिये गठित न्यायमूर्ति सिरपुरकर आयोग का कार्यकाल शुक्रवार को छह महीने के लिये बढ़ा दिया। पशु चिकित्सक से सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार चार आरोपियों की पुलिस मुठभेड़ में मौत की जांच के लिये न्यायालय ने शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश वी एस सिरपुरकर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग का गठन पिछले साल दिसंबर में किया था। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से जांच आयोग के आवेदन पर विचार के बाद उसका कार्यकाल छह महीने बढ़ाने का आदेश पारित किया ताकि वह अपना काम पूरा करके अंतिम रिपोर्ट पेश कर सके। शीर्ष अदालत द्वारा पिछले साल 12 दिसंबर को गठित इस जांच आयोग के अन्य सदस्यों में बंबई उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रेखा सोन्दूर बाल्दोता और सीबीआई के पूर्व निदेशक डी के कार्तिकेयन शामिल हैं। इस आयोग को छह महीने में अपनी रिपोर्ट न्यायालय को सौंपनी थी। न्यायालय को शुक्रवार को सूचित किया गया कि कोविड-19 महामारी के कारण पेश आयी अपरिहार्य परिस्थितियों की वजह से आयोग जांच का काम पूरा नहीं कर सका।

पापड़ लॉन्च करते हुए बोले मोदी के मंत्री

इसको खाने से ऐंटीबॉडी बनेंगे और कोरोना से लड़ सकेंगे

बीकानेर/नई दिल्ली ए.। कोरोना के संक्रमण काल के बीच भले ही देश में तमाम लोग इस महामारी से बचने के लिए चिकित्सकीय नुस्खे तलाश रहे हैं, लेकिन इस बीच ही मोदी सरकार के मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक अजीब सी सलाह दी है। मोदी सरकार के मंत्री और बीकानेर के बीजेपी सांसद अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को एक प्राइवेट कंपनी का पापड़ लॉन्च करते हुए कहा है कि इस पापड़ से कोरोना से लड़ने की ऐंटीबॉडी डेवलप होगी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अर्जुन राम मेघवाल के इस वीडियो की कड़ी आलोचना हो रही है। अर्जुन राम मेघवाल केंद्र सरकार में भारी उद्योग और

संसदीय कार्य विभागों के राज्यमंत्री हैं।

अर्जुन राम मेघवाल इस वीडियो में 'भाभी जी पापड़' को प्रमोट कर रहे हैं। मेघवाल वीडियो में कह रहे हैं कि इस पापड़ कोरोना वायरस से लड़ाई में मददगार साबित होगा। इस पापड़ से शरीर में ऐंटीबॉडी पैदा होंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि इस पापड़ को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत बनाया गया है।

सोशल मीडिया पर हो रही आलोचना

केंद्रीय मंत्री के इस बयान की सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। ये बयान ऐसे वक्त में आया है, जबकि देश में रोज कोरोना के केस तेज रफ्तार से बढ़ रहे हैं। सारी दुनिया में एक त्रासदी बन चुके कोरोना वायरस और इसके इलाज के नाम पर मंत्री के इस पापड़ ब्रांड ने बीजेपी की फजीहत शुरू करा दी है। वहीं सोशल मीडिया पर भी इस लॉन्चिंग का वीडियो लगातार शेयर किया जा रहा है।

वरिष्ठ नौकरशाह राजेश भूषण को स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया

नयी दिल्ली ए.। वरिष्ठ नौकरशाह राजेश भूषण को शुक्रवार को शीर्ष नौकरशाही में एक मामूली फेरबदल के तहत स्वास्थ्य सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गयी। वह प्रीति सूदन की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे, जिनके कार्यकाल में अप्रैल को तीन माह की वृद्धि की गयी और वह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रही हैं। बिहार काडर के 1987 बैच के आईएएस अधिकारी भूषण स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी हैं। उन्हें इस साल अप्रैल में ओएसडी नियुक्त किया गया था। कोरोना वायरस महामारी से निपटने में स्वास्थ्य मंत्रालय अग्रिम भूमिका निभा रहा है। एक अन्य फेरबदल में, खान सचिव सुशील कुमार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है। त्रिपुरा काडर के 1987 बैच के के आईएएस अधिकारी कुमार को राम कुमार मिश्रा के स्थान पर नियुक्त किया गया है। मिश्रा को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव बनाया गया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने अनिल कुमार जैन को खान मंत्रालय के सचिव के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया है। मध्य प्रदेश काडर के 1986 बैच के आईएएस अधिकारी जैन कोयला मंत्रालय के सचिव हैं।

डबल बैरल बंदूक से पुलिसकर्मियों पर दागी थीं कई राउंड गोलियां

कानपुर ए.। कानपुर के बिकरू गांव में पुलिसवालों की हत्या मामले में गिरफ्तार विकास दुबे के करीबी शिवम दुबे ने कबूल किया कि उसने पुलिसकर्मियों पर गोलियां दागी थीं। पुलिस की पूछताछ में दुबे ने बताया कि वारदात की रात वह डबल बैरल लेकर प्रभात की छत पर चढ़ गया था, जहां से उसने पुलिस की टीम पर फायरिंग की। उसने बताया कि उन लोगों ने एक साथ पुलिस पर 50-60 राउंड की फायरिंग की थी।

दुबे को पुलिस ने गुरुवार की रात कानपुर नगर के चौबेपुर पुलिस स्टेशन के पास गादी साबुन कारखाने से गिरफ्तार किया। एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह ने कहा कि 24 साल का शिवम दुबे इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस के अनुसार हमले के दिन वहां था। इसके अलावा पहले से से गिरफ्तार हो चुके गिरोह के अन्य सदस्यों ने भी इस बारे में बयान दिए थे। शिवम कथित तौर पर हरदोई में अपने मामा के घर में छिपा हुआ था। पुलिस द्वारा उसे ट्रैक करने पर उसने जगह बदल ली थी। बाद में एक मुखबिर से उसके कानपुर में होने की खबर मिली।

विकास के साथी शिवम दुबे ने कबूला-

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में शिवम दुबे ने मामले को लेकर कई महत्वपूर्ण खुलासे किए। दुबे ने बताया कि वारदात वाले दिन वह मौके पर मौजूद था। उसने एक डबल बैरल बंदूक ली और प्रभात मिश्र की छत पर चढ़ गया था। प्रभात वहां पहले से मौजूद था। दुबे ने बताया कि आसपास अन्य छतों पर भी हथियारबंद लोग मौजूद थे। इसके बाद उन लोगों ने पुलिस की टीम पर एक साथ 50-60 राउंड की फायरिंग की। बता दें कि पुलिस पर हमला करने के लिए इस्तेमाल की गई डबल बैरल बंदूक पहले ही पुलिस जब्त कर चुकी है। शिवम दुबे से पहले एसटीएफदयाशंकर अग्निहोत्री, श्यामू बाजपेयी, जहान यादव और शशिकांत को गिरफ्तार कर चुकी है।

सात और पुलिसकर्मी सस्पेंड, आईपीएस डिप्टी एसपी सहित चार पर हो चुकी है कार्रवाई

कानपुर संजीत हत्याकांड

कानपुर ए.। योगी सरकार ने कानपुर में लैब टेक्नीशियन संजीत यादव हत्याकांड में 11 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की है। इसमें आईपीएस अपर्णा गुप्ता,डीएसपी मनोज कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर रणजीत राय, दो दारोगा राजेश और योगेंद्र प्रताप सिंह सहित छह सिपाही अवधेश, दिशु भारती, विनोद कुमार, सौरभ पांडे, मनीष और शिवप्रसाद को लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया है।

22 जून की रात लैब टेक्नीशियन संजीत नौबस्ता स्थित हॉस्पिटल से बर्रा पटेल चौक के पास स्थित पैथालॉजी में सैंपल देने के लिए निकला था। सैंपल देकर उसे घर जाना था लेकिन रास्ते से लापता हो गया। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस ने जब संजीत की कॉल डिटेल निकलवाई तो पता चला कि संजीत की बात राहुल नामक एक युवक, एक युवती सहित कई अन्य लोगों से हुई थी। पिता चमनलाल ने राहुल के खिलाफ बेटे के अपहरण का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। 13 जुलाई को पिता ने पुलिस के कहने पर फिरौती के 30 लाख रुपए से भरा बैग भी अपहर्ताओं के कहने पर गुजैनी पुल से नीचे फेंक दिया था। इसके बावजूद अपहृत बेटा नहीं मिला। अब उसके हत्या होने की पुष्टि पुलिस ने कर दी है।

अपहरणकांड में ये रहीं पुलिस की खामियां

- अपहरणकर्ताओं ने परिजनों को करीब 26 बार कॉल किया इस दौरान उनसे करीब आधा-आधा घंटे तक बातचीत हुई फिर भी सर्विलांस टीम उन्हें ट्रेस नहीं कर पाई।
- अपहरण के बाद से पुलिस ने हॉस्पिटल के कैमरे चेक करने के साथ ही कर्मचारियों से भी पूछताछ की। लेकिन एक महीने तक हॉस्पिटल के आसपास या स्मार्ट सिटी के कैमरों के फुटेज नहीं खंगाले।
- परिजनों का कहना है कि वह बर्रा इंस्पेक्टर के कहने पर ही अपहरणकर्ताओं को फिरौती देने गए थे। आरोप है कि पुलिस ने बिना तैयारी के ही बैग तो फिंकवा दिया लेकिन गुजैनी पुल या आसपास टीम को नहीं लगाया। इतना ही नहीं घटनास्थल की जांच पड़ताल करने के बजाय हाईवे के ऊपर से ही लौट गए।

संजीत की तलाश में यहां-यहां गई पुलिस टीम

अपहृत संजीत की तलाश में पुलिस टीमें सचेंडी, मेहरबान सिंह का पुरवा, उन्नाव, कानपुर देहात, फतेहपुर, हमीरपुर, सहित शहर के आसपास के इलाकों में भी गई। अपहरणकर्ताओं ने अलग-अलग दस स्थानों से फिरौती के लिए पिता चमनलाल को फोन किया। टॉवर डॉटा फिल्ट्रेशन की मदद से पुलिस ने इन सभी से आने वाले कॉल्स का ब्यौरा जुटा उससे भी पुलिस को कोई खास सफलता नहीं मिली।

टीम के साथ मुखबिर तंत्र भी हुआ फेल

संजीत अपहरणकांड में पुलिस की हर इकाई फेल नजर आई। चाहे वह एसटीएफहो स्वॉट,सर्विलांस या फिर मुखबिर तंत्र। अपहरणकर्ताओं ने 29 जून से 13 जुलाई तक परिजनों को कुल 26 बार फोन किया इस दौरान न तो उनकी कॉल ट्रेस की जा सकी और न ही उनकी लोकेशन मिली। हालांकि पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के मोबाइल रिचार्ज करने वाले दुकानदार को पकड़कर जरूर अपनी पीठ थपथपा ली लेकिन इससे ज्यादा पुलिस कुछ भी नहीं कर सकी।

■ न्यूज गैलरी

पिता के क्रिया-कर्म के लिये दिये उधार मांगने पर बड़े भाई ने की पिटाई

रायपुर। उधार में दिये रुपये वापस मांगने पर गाली-गलोच कर जान से मारने की धमकी देकर मुक्का मारकर नाक फैक्चर कर दिया। घटना की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हनुमान मंदिर चंगोराभाठा निवासी प्रहलाद साहु 38 वर्ष पिता समारु साहु ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी ने अपने बड़े भाई आशराम साहु को पिता के क्रियाक्रम के लिये उधार रुपये दिये थे जिसे वापस मांगने पर विवाद कर बड़े भाई ने उसके साथ मारपीट कर मुक्का मारकर नाक फैक्चर कर दिया। घटना 22 जुलाई की बतायी जा रही है।

संदिग्ध अवस्था 5 युवक व 4 युवती गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी के गीतांजलि नगर में पुलिस ने 5 लड़के सहित 4 लड़कियों को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार किया है। खम्हारडीह थानाक्षेत्र के गीतांजलि नगर स्थित कालोनी के डुप्लेक्स मकान में कुछ युवक-युवतियों की ठहरे होने जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापामारकर 5 लड़के व 4 युवतियों को संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार कर उनसे पुछताछ कर रही है। वही पुलिस को देखकर पकड़े गये युवक युवती जन्मदिन मनाने का बहाना बनाने लगे। रहवासियों की माने तो आए दिन युवक -युवतियों का इस मकान में जमवाड़ा रहता है।

जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

रायपुर। जुआ खेलते तीन जुआरियों को पुलिस ने नगदी रुपये एवं ताश की 52 पत्ती के साथ गिरफ्तार किया है। सेजबहार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी बोरिया कला मुजगहन में बुधवार को जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस ने छापामारकर पिन्टू टण्डन एवं पिता भागवत प्रसाद व संतविन्दर सिंह एवं सुबोध मिश्रा को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है।

शोक सूचना

श्रीमती मंजू देवी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करते हैं कि दिलीप अग्रवाल जी की धर्मपत्नी एवं सनी अग्रवाल की माताजी श्रीमती मंजू देवी जी का आकस्मिक निधन दिनांक 24-7- 2020 शुक्रवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 25-07- 2020 शनिवार सुबह 10:00 बजे निवास स्थान ष्ठ 201 देवेंद्र नगर सेक्टर 4 से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम जाएगी। शोकाकुल- दिलीप अग्रवाल (पति), सन्नी अग्रवाल (पुत्र)।

बृजमोहन, अजय, शिवरतन, नारायण की भूपेश सरकार को चुनौती

तेंदूपत्ता संग्राहकों के बीमा, भुगतान और योजना पर उठाए कई सवाल

■ जनजातियों, आदिवासियों को प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

■ योजना क्यों बंद की गई पूछा सवाल, बोले श्वेत पत्र जारी करें

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल ने राज्य सरकार के उपर प्रदेश के जनजातियों, आदिवासियों को प्रताड़ित व उपेक्षित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार के पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि 1 जून 2019 को तेंदूपत्ता संग्राहकों के बीमा का नवीनीकरण क्यों नहीं हुआ? बीमा की कोई दूसरी योजना नहीं होने के कारण हजारो वनवासी-आदिवासी परिवार प्रभावित हुए है। इस अवधि में जितने परिवार में आकस्मिक निधन, एक्सीडेंट विपदा आई उस पीड़ित हुए परिवारों का क्या होगा? उसे किस योजना का लाभ देंगे। उनको किस योजना की सहायता राशि मिलेगी। जब सरकार की दूसरी योजना की तैय्यारी ही नही तो प्रांरभ बीमा योजना क्यों बंद किया गया। इस सब पर एक स्वेत पत्र जारी करे सरकार।

भाजपा विधायकों ने राज्यसरकार से प्रश्न किया कि पूर्व की बीमा योजनाओं में संग्राहको को कितनी राशि बीमा के किस-किस नियमों के तहत् किन-किन योजनाओं में मिलता था व श्रम विभाग की योजना में उन्हें कितनी-कितनी किन-किन योजनाओं से राशि मिलेगी।

भाजपा विधायकों ने कहा कि श्रम विभाग की जिस बीमा योजना ''असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना को प्रारंभ करने की बात सरकार कर रही है वह योजना तो 2010 से ही प्रदेश में लागू है व पंजीकृत तेंदूपत्ता संग्राहकों को तो इस योजना का भी लाभ शासन की अन्य योजनाओं के साथ ही साथ मिल रहा था, इसमें नई बात कौन सी है। भाजपा विधायकों ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को बीमा, बोनस व लाभांश देने में यह सरकार पूरी तरह असफल अक्षम व आदिवासी विरोधी रही है। सरकार ये क्यों छुपा रही है कि उन्होंने 1 जून 2019 तक बीमा का नवीनीकरण क्यों नहीं कराया। बोनस के राशि 597 करोड़ वितरित क्यों नहीं की। समितियों को 432 करोड़ लाभांश वितरित क्यों नही किया गया ? तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों को छात्रवृत्ति दो सत्र का क्यों नहीं दिया? इस सबका जवाब कौन देगा ? गरीब आदिवासियों के हक के पैसे को रोककर रखने के लिए दोषी कौन है। दोषियों के खिलाफ क्यों कार्यवाही नहीं हो रही है, इसलिए तो इस सरकार के नियत पर संदेह स्वाभाविक है।

राज्य सरकार से बीजेपी के 6 सवाल

- तेन्दुपत्ता बीमा, बोनस, लाभांश, छात्रवृत्ति पर स्वेत पत्र जारी करे सरकार?
- बीमा बंद होने के बाद मृत व दुर्घटना से प्रभावित तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार को किस योज ना का लाभ कैसे मिलेगा?
- 1 जून 2019 तक बीमा का नवीनीकरण क्यों नही हुआ, जिम्मेदार कौन?
- 2 साल का छात्रवृत्ति वितरण नही होने का जवाबदार कौन?
- बोनस व लाभांश के राशि वितरित नही करने के लिए जवाब दार कौन?
- श्रम विभाग की इनकी नई योजना तो 2010 से लागू है, और तेंदूपत्ता संग्राहको को लाभ भी मिल रहा था?

भाजपा विधायकों ने कहा कि 1 जून 2019 से तेंदुपत्ता श्रमिको की सभी योजना बंद है जो 16 करोड़ का प्रावधान सरकार बता रही हैं वह तो श्रम विभाग को देना है रू 100 श्रम कर्मकार मंडल को देना है रू. 20 जो इसका डाटा तैयार करेगा उसको देना है तो रू. 16 करोड़ों रुपए इसी में चला जाएगा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ का सीधा-सीधा यह रू. 16 करोड़ों रुपए उनकी बचत राशि में कमी हागी। यह जो पैसा बता रहे उसी गरीब आदिवासियों को मेहनत का पैसा है। इसको तो सरकार को माफ करवाना चाहिए। पिछले सरकार में श्रम विभाग के योजनाओं के लिए तेंदूपत्ता सग्रहकों को कोई राशि नही लगती थी।

भाजपा विधायकों ने कहा जनवरी 2020 में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के संचालक मंडल में यह प्रस्ताव आया था की आदिवासी तेंदूपत्ता संग्रहण कर्ताओं का बीमा कराया जाए उसके बाद 22 मई 2020 के छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के संचालक मंडल की बैठक में बीमा कराने के लिए और उसका पंजीयन कराने के लिए 16 करोड़ का प्रावधान किया गया है। एक बात समझ नहीं आई जनवरी में प्रस्ताव आया, मई में पास हुआ, राशि स्वीकृत हुई अभी तक आदिवासी संग्रहण कर्ताओं के बीमा देने के लिए श्रम विभाग में पंजीयन क्यों नहीं कराया गया यह तो घोर लापरवाही है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर आप कार्यवाही क्या कर रहे है। पार्टी का कहना है कि तेंदूपत्ता संग्राहकों की बीमा योजना 50 वर्ष तक की आयु के तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए कन्वर्जन प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना थी। इसमें सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रूपये तथा दुर्घटना मृत्यु पर 2 लाख रूपये का अतिरिक्त अर्थात 4 लाख रूपये सहायता राशि का प्रावधान था। प्रीमियम प्रति संग्राहक=342 रुपये, केन्द्र शासन 50प्रति.=171 रूपये, राज्य शासन 37.5प्रति.=128.25 रुपये, लघु वनोपज संघ 12.5प्रति.=42.75 रुपये, 1 मार्च 2018 को बीमित संग्राहक संख्या =4,71,027 थी। जिनका नवीनीकरण नहीं कराये जाने के कारण 1 जून 2019 से बीमा पॉलिसी बंद हो गई है 51से 59 तक की आयु के संग्राहकों के लिए आम आदमी बीमा योजना थी। इसमें 30 हजार रुपये से लेकर 75 हजार रूपये तक सहायता के प्रावधान है। प्रीमियम प्रति संग्राहक =200रुपये, केन्द्र शासन 50प्रति.=100 रुपये, राज्य शासन 37.5त्न=75रूपये, लघु वनोपज संघ12.5प्रति.=25 रूपये, 1मार्च 2018 को बीमित संग्राहक संख्या =2,07,497, (दो लाख सात हजार चार सौ सनतानबे), नवीनीकरण नहीं कराये जाने के कारण 1 जून 2019 से बीमा पॉलिसी बंद हो गई है।

भाजपा विधायको ने कहा कि वर्तमान में दिनांक 1 जून 2019 से नवीनीकरण नहीं कराये जाने के कारण उक्त बीमा योजना बंद हो गई है। इसे केन्द्र सरकार द्वारा बंद करना बताया जा रहा है जो की एकदम गलत है। वर्तमान में उक्त योजना बंद है परंतु राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ पुरानी योजना में शामिल होने के कारण 1 जून 2019 को नवीनीकरण हेतु पात्र था। बीमा निगम लगातार पत्राचार करता रहा। वास्तविकता यह है कि सरकार व विभाग संघ संग्राहकों की जानकारी समय पर तथा आज तक भी एकत्रित नहीं कर पाया है। राज्य सरकार द्वारा भी अपने हिस्से की राशि नहीं दी गई जिसका परिणाम प्रदेश के लाखो आदिवासी परिवार बीमा की सुविधा से वंचित हो गए और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी रही।

अवैध कटाई को लेकर भाजपा विधायक दल जांच कमेटी गठित

ननकी, बांधी सौरभ सिंह पता लगाएंगे बांस कटाई का रहस्य

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने वन मंडल कटघोरा के बांकीमोंगरा के हल्दीबाड़ी बीट में अवैध बांस कटाई को लेकर सोशल मीडिया में जारी वीडियो की निष्पक्षता से जांच के लिए भाजपा विधायक दल की तरफ से तीन विधायकों की कमेटी बनाई है जो पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच करेगी। इस कमेटी में पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक ननकीराम कंवर की अध्यक्षता में दो सदस्य पूर्व मंत्री व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी व विधायक सौरभ सिंह को शामिल किया गया है। जांच दल 10 दिनों के भीतर पूरे मामले की जांच रिपोर्ट सौपेगा ताकि घटना की वास्तुस्थिति स्पष्ट हो सके। एक सवाल उठता है कि आखिरकार इस पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच किस वजह से नही की जा रही है? इसके चलते भ्रम की स्थिति बनी हुई है।अब यह भाजपा विधायक दल की जांच से ही स्पष्ट हो पायेगा।

बैंकों को दोपहर 3 बजे तक खोलने की छूट

रायपुर। जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश के बाद आज लॉकडाउन के बीच कई बैंक खुल गए हैं और सामान्य कामकाज शुरू हो गया है। लेकिन लॉकडाउन के चलते बैंकों में आम दिनों की अपेक्षा ग्राहकों की काफी कम संख्या है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन ने कल गुरूवार को एक आदेश जारी कर राजधानी रायपुर में बैंकों के संचालन के लिए छूट देने का ऐलान किया था। देर शाम जिला प्रशासन से आदेश भी जारी हो गया कि शासकीय, अर्धशासकीय बैंक दोपहर 3 बजे तक संचालित किए जा सकते हैं। इसके बाद आज शुक्रवार को राजधानी के कई कई बैंकों को खोल दिया गया है। बैंकों में सीमित संख्या में कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ सामान्य कामकाज शुरू हुआ, लेकिन ग्राहकों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। इधर बैंक कर्मचारियों के मन में भी कोरोना संक्रमण का खौफ है, लिहाजा बैंकों में सीमित संख्या में कर्मचारी ड्यूटी पर आ रहे हैं, कई बैंकों ने तो अपने कर्मचारियों की संख्या पहले से ही सीमित कर दी है, ऐसे में लॉकडाउन के बीच कई कर्मचारी सुरक्षा कारणों से ही बैंक नहीं आ रहे हैं। दूसरी ओर अतिआवश्यक होने पर ही ग्राहक बैंक पहुंच रहे हैं, अधिकांश ग्राहक नेटबैंकिंग से अपना काम चला रहे हैं। खासकर बड़े व्यापारी वर्ग और फुटकर व्यापारी नेट बैंकिंग के माध्यम से अपना काम चला रहे हैं। आम नागरिक बहुत जरूरी होने पर ही बैंक पहुंच रहे हैं।

कोरोना संक्रमण : बाजारों के बंद रहने से रक्षाबंधन पर्व रहेगा फीका

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना महामारी के चलते इस बार रक्षाबंधन पर्व फीका रहेगा। कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए आम आदमी डरा हुआ है, वहीं बाजारों से भी रौनक गायब है। वर्तमान में चल रहे लॉकडाउन को देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार रक्षाबंधन में होने वाली ग्राहकी बुरी तरह से प्रभावित होगी।

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश भर में इस समय कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। जानकारों की माने तो अब यह बीमारी सामजिक संपर्क के चलते तेजी से अपना पांव पसार रही है। यही वजह है कि मरीजों के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए राज्य के कई जिलों में टोटल लॉकडाउन एक बार फिर से लगा दिया गया है। हालांकि यह लॉकडाउन 28 जुलाई तक के लिए लगाया गया है, लेकिन दूसरी ओर जानकारों का कहना है कि परिस्थितियों की समीक्षा के बाद लॉकडाउन को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस बात को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है कि लॉकडाउन आगे बढ़ेगा या नहीं। दूसरी ओर लॉकडाउन के चलते शहर के बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। 03 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व है। भाई-बहन के निश्चिल प्रेम का प्रतीक यह पर्व इस वर्ष सूना रह सकता है। बाजारों के बंद रहने तथा कोरोना के भय से इस समय आमजनों में भय व्याप्त है। गत वर्ष रक्षाबंधन के पखवाड़े भर पूर्व से ही बाजारों में रौनक आ जाती थी। लेकिन कोरोना ने इस रौनक को बुरी तरह से प्रभावित किया है। थोक में राखियां उठा चुके व्यापारी भी परेशान है कि आखिर पर्व में उनकी राखियां बिकेंगी या नहीं। दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि कोरोना को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

धर्म-कर्म कोरोना से भंग हो गई राजधानी के अखाड़ों की वर्षों पुरानी परंपरा

आज नागपंचमी, अखाड़ों में नहीं होगा कुश्ती

■ तीन प्रमुख स्थानों में होती थी दंगल

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। राज्य में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए पुरानी बस्ती, रावणभाठा, गुढ़ियारी, रामसागर पारा एवं अन्य स्थानों पर क्रीडा समितियों द्वारा आयोजित नागपंचमी के अवसर पर कुश्ती का आयोजन रद्द कर दिया गया है।

सरस्वती क्रीड़ा समिति जैतुसाव मठ के पास स्थित अखाड़े के वरिष्ठ सदस्य रमेश यदु ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण वर्षों की ऐतिहासिक परंपरा अखाड़े में कुश्ती का आयोजन इस वर्ष रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कुश्ती प्रेमी दर्शकों से आयोजन नहीं होने पर दुख प्रकट करते हुए अपने ही घरों में रहकर अनावश्यक लाकडाउन के दौरान सड़कों पर नहीं घूमने फिरने की अपील की है।

संक्रमण और लॉकडाउन वजह

ऐतिहासिक परंपरा के रद्द करने की खास वजह है कोविड-19 कोरोना संक्रमण और इसके कारण शासन का लॉकडाउन घोषित किया जाना। एक वक्त था जब नागपंचमी से पूर्व ही अखाड़ों की मिट्टी तैयार होती थी। प्रतिभागी और विजयी पुरस्कारों की घोषणा कर दी जाती थी। सबसे बड़ा रूतबा होता था जीत के बाद कुश्ती में नाम कमाना। जैतूसाव मठ, पुरानी बस्ती, रावणभाठा, गुढ़ियारी, रामसागर पारा आदि पारंपरिक अखाड़ों में समितियों के पास प्रदेशभर के पहलवान अपना नाम दर्ज करवाते थे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

कोरोना वारियर्स विशेष रूप से रहेंगे उपस्थित

रायपुर। कोरोना संक्रमण के चलते इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में चुनिंदा लोगों को ही आमंत्रित किया जाएगा। इसमें कोरोना वारियर्स विशेष रूप से शामिल होंगे। वहीं बड़ा आयोजन न करते हुए सादगीपूर्ण आयोजन किया जाएगा। सूत्रों की माने तो केन्द्रीय गृहमंत्रालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए जाने के लिए गाइडलाइन जारी किया गया है। समारोह में शामिल होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मास्क पहनने, सामाजिक दूरी का पालन करने का निर्देश दियाग याहै। वहीं यह भी कहा गया है कि इस आयोजन में कोरोना संक्रमण के खिलाफ काम करने वाले लोगों को विशेष रूप से शामिल किया जाए। इसमें डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मी, सफाई कर्मियों के अलावा ऐसे लोगों को जो कोरोना संक्रमण की रोकथाम में अपना अहम योगदान दे रहे हैं, उन्हें शामिल किया जाएगा। सादगीपूर्ण अयोजन में पुलिस, अर्धसैनिक बल, गृह रक्षक, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड आदि शामिल होंगे।

भूपेश बघेल की सरकार वादे पूरे करने वाली सरकार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षाकर्मियों के संविलियन का आदेश जारी किए जाने का स्वागत करते हुए कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कांग्रेस की सरकार, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार वादे पूरे करने वाली सरकार है। करोना संक्रमण के कारण तमाम वित्तीय परेशानियों के बावजूद शिक्षाकर्मियों का संविलियन का आदेश जारी करके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने बहुत बड़ा कदम उठाया है। 2003 में भाजपा की सरकार शिक्षाकर्मियों के संविलियन का वादा करके बनी थी लेकिन भाजपा ने 2003 से लेकर 2018 तक शिक्षाकर्मियों के संविलियन के लिए एक रुपए की राशि का भी प्रावधान नहीं किया। शिक्षाकर्मियों के संविलियन की घोषणा तो की गई लेकिन बिना किसी वित्तीय प्रावधान के। 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद शिक्षाकर्मियों के संविलियन के लिए राशि की व्यवस्था भी की गई और शिक्षाकर्मियों का संविलियन भी किया जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में भी कांग्रेस सरकार का अपने वादे पूरे करने के प्रति प्रतिबद्धता है। कांग्रेस संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के लोग अभी भी रमन सिंह सरकार की वादाखिलाफी और मतदाताओं से धोखाधड़ी को भूले नहीं है।रमन सिंह सरकार के 15 साल धोखाधड़ी से भरे रहे और 5 हॉर्स पावर पंपों की मुफ्त बिजली, 5 साल तक ?300 बोनस, धान का 2100 रुपए समर्थन मूल्य, हर आदिवासी परिवार से एक युवा को नौकरी, बेरोजगारी भत्त, हर आदिवासी परिवार को 10 लीटर दूध देने वाली जर्सी गाय जैसे वादों को नहीं निभा कर भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के मतदाताओं के साथ 15 साल तक धोखाधड़ी की जिसके परिणाम स्वरूप ही छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने भाजपा को 15 सीटों पर सीमित कर दिया। शिक्षाकर्मियों के संविलियन का स्वागत करते हुए कांग्रेस संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के नेता लगातार शिक्षाकर्मियों की लड़ाई का समर्थन करते रहे और आज अंततः कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल की सरकार ने शिक्षाकर्मियों से किया गया वादा पूरा कर दिखाया।

संपादकीय

कोरोना की तेज होती रफ्तार

भारत में कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार लोगों को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। कोरोना की तेज होती रफ्तार से सरकार की चिंता भी बढ़ गई है, अब तक भारत में कोरोना से संक्रमित लोगों की संख्या 12 लाख से ज्यादा हो गई है। एक ही दिन में 49 हजार से अधिक कोरोना संक्रमण के मामले आने के बाद अब कोरोना वायरस के संक्रमण ने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ दिए है, यदि इसी रफ्तार से कोरोना वायरस अपने पांव पसारता रहा तो भारत जो इस समय विश्व का तीसरा सबसे बड़ा कोरोना संक्रमित राष्ट्र है उसके पहले स्थान पर आने में देर नहीं लगेगी। भारत दुनिया की दुसरी सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है यदि कोरोना वायरस का प्रकोप इसी तरह टूटता रहा तो न जाने और कितने लोग कोरोना वायरस से संक्रमित होंगे। अभी भी हालत यह है कि विभिन्न राज्यों में कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए बेड कम पड़ रहे है। वैंटिलेटर की तो भारी कमी बनी हुई है इस बीच एन95 मास्क की मान्यता रद्द हो जाने से भी कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है। अब तक जो लोग एन 95 मास्क का इस्तेमाल करते रहे है उनके भी कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा पैदा हो गया है। कुल मिलाकर मर्ज बढ़जा ही जा रहा है ज्यों-ज्यों इसकी दवा की जा रही है। कोरोना वायरस के बढ़ते कहर के कारण कई राज्यों में फिर से लॉकडाउन करने की नौबत आ गई है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, नई दिल्ली आदि राज्यों में कोरोना वायरस के सामुदायिक संक्रमण का खतरा पैदा हो गया है। अन्य राज्य भी धीरे धीरे कोरोना वायरस के संक्रमण की चपेट में आते जा रहे है। सरकार को अब इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है इसके लिए चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों की एक टीम बनानी चाहिए और उसके साथ विस्तृत चर्चा कर के ही आगे की रणनीति बनानी होगी तभी कोरोना वायरस के खिलाफ भारत को जंग में सफलता मिल पाएगी। इसके लिए देशवासियों को भी अपना योगदान देना होगा कोरोना वायरस को गंभीरता से लेना होगा और इस बारे में केन्द्रिय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करना होगा तभी बात बनेगी अन्यथा आने वाले समय में स्थिति विकराल रूप धारण कर सकती है। केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह कोरोना की चुनौती से निपटने के लिए जल्द से जल्द प्रभावी पहल करें और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों की रणनीति बनाने में मदद लें, तभी कोरोना वायरस के संक्रमण पर काबू पाया जा सकेगा और इसके सामुदायिक संक्रमण का खतरा दूर हो पाएगा।

रमेश सर्राफ

परिवार का जीवन यापन करने के लिए जो पेट्रोल पंप मिला। वो भी कुछ साल पहले कंपनी ने धोखे से वापिस ले लिया और अब केवल दफ्तरों के चक्कर लगाने के अलावा परिवार के पास कुछ नहीं है। परिजन बताते है कि उन्होंने सरकारी सिस्टम से हारकर बैठ गए है। झुंझुनू जिले के मैनपुरा गांव के शहीद रणवीर सिंह महज 25 साल की उम्र में कारगिल युद्ध में देश पर अपनी जान न्यौछावर कर दी थी। शहादत के इतने साल बाद भी उनका परिवार भी सरकार से नौकरी का इंतजार कर रहा है। कई बार आवेदन करने के बाद भी जयपुर से फाइल लौट आती है। आज भी शहीद वीरांगना को सरकार से अपनी अनुकंपात्मक नियुक्ति का इंतजार है। दर्जनों कारगिल शहीदों के परिवारों को मिलने वाली सरकारी नौकरियां लाल फीताशाही में दब कर रह गई है। कुछेक को मिली और कुछेक रह गए। लेकिन सरकार आई और गई, नेता आए और गए। आश्वासन सभी नहीं दिए। लेकिन इनके दुखों को मरहम लगाने का काम किसी ने नहीं किया।

झुंझुनू के शहीदों ने लिखी है शौर्यगाथा

उक्त कहावत को चरितार्थ किया है झुंझुनू जिले के वीर जवानो ने। इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलनो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे सेनानियों ने हंसते हुये अपने प्राणे की आहूतियां दी है। यहां की धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं।

शहादत देना राजस्थान के लागों की परम्परा रही है। यहां के गांवो में लोक देवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। 21 साल पहले कारगिल युद्ध तो हमने जीत लिया। लेकिन शहीदों के परिवारों के सामने कई समस्यायें अभी भी मुंह बायें खड़े हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे यहां की धरती को यह वरदान प्राप्त हो कि इस पर राष्ट्रभक्ति के के लिये मर मिटने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। 1948 में कश्मीर पर कबायली हमला हो या 1962 का भारत चीन युद्ध। चाहे 1965 व 1971 का भारत-पाक युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतू सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनो अंगो की आन ,बान,शान के लिये यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को देश कभी भुला नही सकता हैं।

इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धो में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त कियें हैं। वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किये गये आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्ध। सभी अभियान में यहां के सैनिको ने शहादत देकर देश में जिले का मान बढ़ाया हैं।

प्रारम्भ से ही झुंझुनू जिले में सेना में भर्ती होने की परम्परा रही हैं। पहले यहां के गांवो में प्रायः हर घर में सैनिक होता था। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजो ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर 'शेखावाटी ब्रिगेड 'का गठन किया था। जिले के वीर जवानो को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा हैं। अब तक इस जिले के कुल 117 सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक हैं। भारतीय सेना में योगदान के लिये झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 29 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं 45 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्द्ध सैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना

की और से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुये यहां के 468 जवान शहीद हो चुके हैं। जो पूरे देश में किसी एक जिले से सर्वाधिक है। कारगिल युद्ध के दौरान पूरे देश में 527 जवान शहीद हुये थे जिनमें अकेले इस जिले के 19 सैनिक शहीद हुये थे। जो पूरे देश में किसी एक जिले से शहादत देने वालों में सर्वाधिक जवान थे।

यहां के जवानो ने सेना के सर्वोच्च पदों तक पहुंच कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जिले के एडमिरल विजय सिंह शेखावत भारतीय नौ सेना में सेना अध्यक्ष रह चुकें हैं। वहीं स्व. कुन्दन सिंह शेखावत थल सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल व भारत सरकार के रक्षा सचिव रह चुके हैं। जे.पी.नेहरा, सत्यपाल कटेवा सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद से सेवानिवृत हुये हैं। जिले के रघुनाथपुरा गांव के दो भाई के के रेपस्वाल व बी के रेपस्वाल अभी सेना में लेफ्टिनेन्ट जनरल पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा यहां के काफी लोग सेना में मेजर जनरल, ब्रिगेडियर, कर्नल,मेजर सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत है। देश में झुंझुनू एकमात्र ऐसा जिला हैं जहां सैनिक छावनी नहीं होने के उपरान्त भी गत पचास वर्षो से अधिक समय से सेना भर्ती कार्यालय कार्यरत है। जिससे यहां के काफी युवकों को सेना में भर्ती होने का मौका मिल पाता है। यहां के हवलदार मेजर पीरूसिंह शेखावत को 1948 के कश्मीर में कबायली युद्ध में अद्भुत शोर्य का प्रदर्शन करते हुये शहादत देने पर वीरता के लिये देश का सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया जा चुका है। परमवीर चक्र पाने वाले पीरूसिंह शेखावत राजस्थान के पहले सैनिक थे। यहां के सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया था। आज भी जिले में द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लेने वाले कई पूर्व सैनिकों या उनकी विधवाओं को सरकार से पेंशन मिल रही है। जिले में इतने अधिक लोगों का सेना से जुड़ाव होने के उपरान्त भी सरकार द्वारा सैनिक परिवारों की बेहतरी व सुविधा उपलब्ध करवाने के लिये कुछ भी नहीं किया गया है। कारगिल युद्ध के समय सरकार द्वारा घोषित पैकेज में यह बात भी शामिल थी कि हर शहीद के नाम पर उनके गांव में किसी स्कूल का नामकरण किया जायेगा। मगर जिले में कई शहीदों के नाम पर अब तक सरकार ने स्कूलों का नामकरण कई वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं किया है। कई स्कूलों का नामकरण किया भी गया मगर उन स्कूलों को बाद में बंद कर दिया गया। झुंझुनू जिले के सीथल गांव के शहीद हवलदार मनीराम महला कारगिल में दुश्मनों से लोहा लेते हुए तीन जुलाई 1999 को शहीद हो गए थे। शहीद वीरांगना मुन्नी देवी ने बताया कि जब उनके पति शहीद हुए थे। तो उन्हें बताया गया था कि उनके बेटों में से एक को सरकारी नौकरी मिलेगी। लेकिन सरकार बदली तो तो नियम भी बदल दिया गया। अब सरकारी नौकरी के लिए वे दो दशक से चक्कर लगा रही है। इसके अलावा गांव की जिस स्कूल का नामकरण उनके पति के नाम से किया गया था। वो भी मर्ज कर दी गई है। ऐसे में उनके सम्मान को ठेस पहुंची है। जिले के बासमाना गांव का हवासिंह कारगिल युद्ध में शहीद हो गया। शहीद का परिवार आज भी अपने सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है और सरकारी सिस्टम के आगे ना केवल लाचार है, बल्कि अब हारकर अपने घर भी बैठ गया है। शहीद की वीरांगना मनोज देवी एमए बीएड तक पढ़ी होने के बाद भी उसे नौकरी नहीं मिली।

विचार-

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

चीन में अब ईसाइयों पर निशाना

दुनिया अभी तक यही सुनती आई थी कि चीन के मुसलमानों को सताया जा रहा है। चीन के भारत से लगे प्रांत सिंक्यांग (शिनच्यांग) में लगभग 10 लाख उइगर मुसलमानों को प्रशिक्षण शिविरों में बंद किया हुआ है। अब से लगभग 7-8 साल पहले मैं इस प्रांत में 3-4 दिन रह चुका हूं। वहां के उइगर मुसलमानों के नाम चीनी भाषा में होते हैं। वे कुरान की आयतें नहीं बोल पाते और उन्हें मस्जिदों में भीड़ लगाकर नमाज़ नहीं पढ़ने दी जाती। रमजान के दिनों में उन्हें इफ्तार की पार्टियां नहीं करने दी जातीं। मेरा दुभाषिया भी एक उइगर नौजवान था। इसीलिए आम लोगों से मैं खुलकर बात कर लेता था। जो उइगर पेइचिंग और शांघाई में मेवे और खिलौने वगैरह की दुकानें करते हैं, उनसे भी मेरा अच्छा परिचय हो गया था। चीन की सुरक्षा एजंसियां इन लोगों पर कड़ी निगरानी रखती थीं। इन लोगों पर यह शक बना रहता था कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आतंकवादियों के साथ इनके घने संबंध हैं लेकिन अब पता चला है कि चीन के ईसाइयों की दुर्दशा वहां के मुसलमानों से भी ज्यादा है। चीन में मुसलमान तो मुश्किल से डेढ़-दो करोड़ हैं लेकिन ईसाई वहां लगभग 7 करोड़ हैं। मुसलमान तो ज्यादातर उत्तरी प्रांत शिनच्यांग में सीमित हैं लेकिन चीनी ईसाई दर्जन भर प्रांतों में फैले हुए हैं। उनके कई संप्रदाय हैं। उनके सैकड़ों गिरजाघर शहरों और गांवों में बने हुए हैं। चीन में ईसाइयत फैलाने का श्रेय वहां भारत से गए विदेशी पादरियों को सबसे ज्यादा है। पिछले हजार साल में चीन के कई राजाओं और सरकारों ने इन चीनी ईसाइयों पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाए लेकिन विदेशी पैसे और प्रभाव के कारण उनकी संख्या बढ़ती गई। चीन के मंचू और कोरियाई निवासियों में ईसाइयत जरा ज्यादा ही फैली। ईसाइयों की तुलना में बौद्धों पर कम अत्याचार हुए। मैंने चीन में बौद्धों के जैसे भव्य तीर्थ-स्थान देखे हैं, वैसे भारत में भी नहीं हैं। आजकल चीन के ईसाइयों से कहा जा रहा है कि वे अपने गिरजों में से ईसा और क्रॉस की मूर्तियां हटाएं और उनकी जगह माओ त्से तुंग और शी चिन फिंग की मूर्तियां लगाएं। पुलिस ने कई मूर्तियों और चर्चों को भी ढहा दिया है। जैसे सिक्यांग में कुरान देखने को भी नहीं मिलती, अब बाइबिल भी दुर्लभ हो गई है। चीनी भाषा में उसके अनुवाद भी नहीं छापे जा सकते हैं। अपने आपको कम्युनिस्ट कहनेवाला चीन खुद तो पूंजीवादी और भोगवादी बन गया है लेकिन चीनी लोगों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित कर रहा है। इन सारे मजहबों को जो लोग पाखंड समझते हैं, वे भी इन पाखंडों की आजादी का समर्थन करते हैं, क्योंकि आजादी के बिना इंसान जानवर की श्रेणी में चला जाता है।

देश कोरोना संकट की दूसरी लहर का शिकार हो सकता

ज्ञान पाठक

हालांकि, हमें इस तथ्य पर ध्यान देना चाहिए कि भारत बड़े पैमाने पर संक्रमण की ओर अग्रसर हो सकता है, झुंड प्रतिरक्षा के लिए आवश्यक स्तर से बहुत कम। विशेषज्ञ इस बिंदु पर भी एकमत नहीं हैं। कुछ का कहना है कि झुंड की प्रतिरक्षा विकसित करने के लिए 50 प्रतिशत आबादी को संक्रमित होने की आवश्यकता है, जबकि कुछ का कहना है कि 70 प्रतिशत। दिल्ली सर्वेक्षण वर्तमान स्तर को केवल 23 प्रतिशत पर दिखाता है। यह हमारे लिए अगली लहर के बारे में एक चेतावनी होनी चाहिए, और इसलिए, हमें रोगियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। साथ ही हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज में घूम रहे लोग एहतियाती उपायों का पालन करें, जैसे कि मास्क पहनना, शारीरिक गड़बड़ी, सफाई करना आदि। यह एक अच्छी खबर है कि भारत में मृत्यु दर दिन-प्रतिदिन गिर रही है जो अब केवल 2.5 प्रतिशत के आसपास हो गई है। इसके अतिरिक्त, रिकवरी दर बढ़ रही है जो अब 63 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

दिल्ली सीरोलॉजिकल सर्वेक्षण के परिणामों ने सभी को चकित कर दिया है, कोविड -19 रोकथाम उपायों की गलतफहमी और विफलता को उजागर किया है, और एक सबूत प्रदान किया है कि हमारी सरकारी एजेंसियां अंधेरे में टटोल रही हैं। हमारे पास राष्ट्रीय राजधानी में भी वास्तविक रोगियों की वास्तविक संख्या नहीं है। जैसा कि संक्रमण के संक्रमण के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक संक्रमण स्तर कम से कम 36 गुना अधिक है। दिल्ली सरकार के सहयोग से नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल द्वारा 27 जून से 10 जुलाई के बीच किए गए अध्ययन से पता चला है कि दिल्ली में लगभग 23 प्रतिशत लोग इस बीमारी से संक्रमित थे, जो लगभग 46 लाख व्यक्तियों में बदल जाता है, जबकि दिल्ली में संक्रमण के केवल 1.25 लाख लोगों के आधिकारिक आंकड़े हैं। इसका मतलब है कि देश में संक्रमित व्यक्तियों की वास्तविक संख्या लगभग 11.5 लाख मामलों की आधिकारिक संख्या से बहुत अधिक हो सकती है।

स्थिति ने दो प्रमुख सवाल खड़े किए हैं - इस डेटा की व्याख्या कैसे की जानी चाहिए, और देश को क्या करना चाहिए? विशेषज्ञों को व्याख्या और उठाए जाने वाले चरणों दोनों में विभाजित किया गया है। हालाँकि, लगभग सभी की राय है कि एहतियाती उपायों को संकट की दूसरी लहर से बचने के लिए जारी रखना चाहिए, जिसमें लोगों की गतिविधियों को रोकने के लिए एक बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए ताकि वे इस बीमारी के संभावित वाहक वास्तविक रोगी की सुरक्षा के बारे में जान सकें। संक्रमण के स्रोत के ट्रेसिंग ने नए परिदृश्य में अपना अर्थ खो दिया है और इसलिए हमें अब से आगे अपना समय, प्रयास और मानव और चिकित्सा संसाधनों को बर्बाद नहीं करना चाहिए। यह बताया जा सकता है कि वर्तमान कोविड-19 नियंत्रण रणनीति किसी वैक्सीन या दवा के अभाव में बीमारी की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके लिए हमने पहले 24 मार्च को पूर्ण तालाबंदी का सहारा लिया था जो 31 मई तक जारी रहा। इसने अन्य लोगों के साथ शारीरिक संपर्क को रोकने के लिए लोगों की गतिविधियों को पूरी तरह से रोक दिया। सोशल गैदरिंग को सोशल डिस्टेंसिंग के गलत स्लोगन के साथ प्रतिबंधित किया गया था। तब्लीगी जमात की घटना का सामाजिक कलंक और सामाजिक अलगाव के लिए भी शोषण किया गया। सामान्य रूप से लोगों को बीमारी के संभावित वाहक के रूप में सख्ती से व्यवहार किया गया था, और इसलिए सामाजिक दूरी के उपाय को लागू किया गया

था। इसके अपने फायदे थे लेकिन इसने लोगों में, प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सा चिकित्सकों, और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सहित लोगों में भारी दहशत पैदा कर दी थी। मरीजों का इलाज नफरत के साथ किया गया। उन्हें अपने घर से लेकर अस्पतालों तक में उपेक्षा का शिकार होना पड़ा जहाँ उन्हें चिकित्सा देखभाल के नाम पर रखा गया था लेकिन वास्तव में केवल थोड़ा ही प्रदान किया गया। इसके अलावा, बनाई गई दुर्लभ चिकित्सा सुविधाओं को गैर-गंभीर रोगियों द्वारा भी भरा गया था, जबकि उसके बाद अधिक गंभीर लोगों के लिए कोई बिस्तर नहीं छोड़ा गया था। इसके परिणामस्वरूप कई गंभीर कोरोना और गैर-कोरोना रोगियों की मृत्यु हो गई। मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती चली गई।

इस रणनीति ने एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट भी पैदा किया है। लगभग 80 करोड़ लोग अब अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, कुछ को छोड़कर, एक अभूतपूर्व रूप से नौकरी के संकट को प्रभावित कर रहे हैं। संकट को कम करने के लिए, भारत ने 1 जून से अर्थव्यवस्था को अनलॉक करना शुरू कर दिया। केवल संक्रमण वाले क्षेत्रों के लिए कड़े नियंत्रण उपायों को लागू किया गया था। यह सबसे अच्छी रणनीति थी, हालांकि, यह भी सरकारी तंत्र द्वारा की गई दुर्भावना से ग्रस्त थी। फोकस अभी भी संभावित वाहक के रूप में लोगों पर है और इसलिए उनके मूवमेंट की जाँच सामान्य प्रवृत्ति है। वास्तविक रोगियों की सुरक्षा अभी भी उपेक्षा और उदासीनता का विषय है, जबकि इसपर मुख्य ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। इस पृष्ठभूमि में दिल्ली सीरोलॉजिकल सर्वेक्षण परिणामों की व्याख्या की जानी चाहिए। बहुत बड़ी संख्या में रोगी इस बात से अनजान थे कि वे बिना कुछ किए ही संक्रमित हो गए थे और अपने आप ठीक हो गए थे। इस तथ्य को हम सभी को सिखाना चाहिए कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, और हमें अस्पताल के बेड सहित अपने दुर्लभ अस्पताल संसाधनों को अनावश्यक रूप से अधिक इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। हमें अधिक गंभीर या बुजुर्ग रोगियों के लिए अस्पताल के बिस्तर खाली रखने चाहिए जो सबसे अधिक असुरक्षित हैं। अन्य कम गंभीर रोगियों को उनके घरों में संगरोध किया जाना चाहिए।

सरकार को अस्पताल प्रशासन को मजबूत करना चाहिए और रोगियों के उपचार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि सर्वेक्षण के परिणाम से पता चलता है कि संक्रमण की दूसरी लहर का खतरा वास्तविक है। हम पहले से ही समुदाय संक्रमण के चरण में पहुंचे हुए हैं क्योंकि सीरो-सर्वेक्षण इंगित करता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के इस दावे का कोई मतलब नहीं है कि हमें समुदाय संक्रमण के प्रकोप में प्रवेश करना बाकी है।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

परछाई बिटिया बनी

परछाई बिटिया बनी, माता तेरी आज। मगर बेसुरा ही लगे, जीवन का हर साज।। जननी तेरी याद में, बहें नयन से नीर। 'भवि' का मन भी देखिए, कितना आज अधीर। फिर से तेरी गोद में, आँचल में हो भोर। 'भवि' की चाहत बस यही, जन्मों के उस ओर।

– शुचि 'भवि'

अंतःकरण शुद्ध कीजिये

अंतःकरण शुद्ध कीजिये कुकृतियो की बाहर से कोई तुरपाई मत कीजिये सेवक वो जनता के हो गये धनाड्य अब जनता की ऐसी भी भलाई मत कीजिये कफन मे जेब नही पाओगे जनाब कोई मार के जमीर को कमाई मत कीजिये गलत या सही सब काटना पड़ेगा यही भूलकर गलत बुवाई मत कीजिये।

– नरेन्द्र गुप्ता कवि

ख़ास पाती | जिस्म से जान जब निकलती

जिस्म से जान जब निकलती होगी। पलभर जाने आंखे सिसकती होगी। अपने पराए सबको एक नज़र से कहीं; नज़र रह रहकर फिर यूंही तक़ती होगी। छोटा सा जहां जो बनाया आस से; उसे देख कर थोड़ा तो मचलती होगी। जिनसे बिछड़ कर रह न पाते थे कभी; सब छोड़ जाना रूह भी हिचकती होगी। कैसी ये ज़िन्दगी है समझा न कोई इसे; छोड़ ये जहां फिर कैसे सिमटती होगी।

– कामनी गुप्ता

प्रिय! सावन है आ गया ले

प्रिय! सावन है आ गया,ले खुशियाँ उपहार। डालों पर झूले पड़े,रिमझिम गिरे फुहार। सावन की शुभ तीज पर,गाएँ मंगल गीत। बूँदों की सरगम बजे,पायल का संगीत। झूला झूलें झूम कर,भर के नई उमंग। पुरवाई है डोलती,प्रियतम का शुभ संग। रचा मेंहदी हाथ में,कर अभिनव श्रृंगार। करती प्रभु से प्रार्थना,सुख वैभव विस्तार। सुखद स्वस्थ जीवन रहे,प्रिय की उम्र हजार। खुशियाँ नाचें झूमकर,सुखी रहे परिवार। – श्याम सुन्दर श्रीवास्तव

हां प्यास है बस दो घूंट की.. वो

हां प्यास है बस दो घूंट की.. वो प्यास जो जुबां से होते हुए उतर आई है आंखों में ...जिसकी तड़प महसूस होती है रग-रग में कसक बनकर चुभती है जो धड़कन में हलचल पैदा करने लगी है अब वो ज़हन में हां प्यास है बस दो घूंट की बांट देती है हर औरत उस दो घूंट प्यास को दो भागों में... एक घूंट प्यार और एक घूंट सम्मान में।

– प्रीया वाच्छानी

वो हो गऐ पुराने दरबाजे और



वो हो गऐ पुराने दरबाजे और खिडकियां जिन पर लटकना और मां की डांट का बरसना सब कुछ पुराना है वो छुपा छुपी का खेल वो नन्हीं नन्हीं बदमाशियां बस हम ही नऐ से हो गऐ एक नया जहां बसा कर।

– रेनूमनोज श्रीवास्तव

समझौते सड़क पर होने चाहिए

समझौते सड़क पर होने चाहिए, न्याय अदालत में होना चाहिए, बहस संसद में होनी चाहिए, मस्ती टीवी पर होनी चाहिए... लेकिन... न्याय सड़कों पर हो रहा है, समझौता अदालतों में हो रहा है, बहस टीवी पर हो रही है, मस्ती संसद में हो रही है..!

–प्रशांत श्रीवास्तव

राजनीतिज्ञ यूं इतना नीचे गिरने लगे

राजनीतिज्ञ यूं इतना नीचे गिरने लगे हैं अब, सच में जूते - चप्पल खाने लायक हो गए हैं। जो कभी दीनों से हफ्ता वसूली किया करते थे, आज वो जेब कतरे लोकप्रिय विधायक हो गए हैं।

– संजय सिंह राजपूत

मौन ही हो चले हैं भाव, कोई नयी

मौन ही हो चले हैं भाव, कोई नयी रवानी दो, भटकते शब्द पन्नों पर, कोई नयी कहानी दो! बिखरे ना मेरा जीवन, अरज मेरी प्रभु सुन लो- कृष्ण सा बालपन देदो, आजाद सी जवानी दो!!

– गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश

QUIZ TIME

1) प्याज में खाने योग्य फूला हुआ अंश कौन सा होता है?
(क) मूल (ख) पर्णाधार (ग) पोरी

2) फैजाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था? (अहमदुल्ला / बख्त खान)

3) क्रिकेट के बैट बनाने के लिए किस लकड़ी का प्रयोग किया जाता है?

4) राज्यपाल द्वारा राज्य की विधानसभा में एंग्लो–इंडियन समुदाय से कितने सदस्य / सदस्यों को नामित किया जा सकता है?
(क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4

5) अमेरिकन कंपनी का नाम बतायें जिसका 1971 में स्थापना किया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला– (1) पर्णाधार (2) अहमदुल्ला (3) सफेद विलो (4) 1 (5) स्टारबक्स कॉर्पोरेशन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1689 - फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1813 - भारत में पहली बार नौका दौड़ प्रतियोगिता कोलकाता में आयोजित हुई। 1814 - नियाग्रा फॉल्स के युद्ध में अमेरिका ने ब्रिटेन को हरा दिया। 1837 - इलेक्ट्रिक टेलीग्राफके इस्तेमाल का पहली बार सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। 1943 - बेनिटो मुसोलिनी गिरफ्तार,इटली के प्रमुख के पद से बर्खास्त। 1963 - अमेरिका, रूस और ब्रिटेन ने परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किए। 1977 - नीलम संजीव रेड्डी भारत के छठे राष्ट्रपति बने। 1978 ङ्क इंग्लैंड के ओर्डहैम शहर में दुनिया के पहले आइवीएफ शिशु लुइस ब्राउन का जन्म। 1982 - ज्ञानी जैल सिंह ने भारत के सातवें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

बार्डर के चेकपोस्ट पहुंचे कलेक्टर व एसपी

नवप्रदेश संवाददाता

- जवानों से कहा सख्ती से प्रतिबंधित करें आवाजाही
- दिखा व्यापक असर, सड़कें दिखीं सुनसान

दुर्ग। जिले में कोरोना के बचाव व नियंत्रण के लिए एक सप्ताह का पूर्ण लॉकडाउन किया गया है। लॉकडाउन की जमीनी स्थिति का जायजा लेने कलेक्टर डॉण् सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं एसपी श्री प्रशांत ठाकुर ने फ्लैगमार्च किया। उन्होंने जिले के बॉर्डर चेक पोस्ट कुम्हारी टोल नाका व धमधा बार्डर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। कोरोना के संक्रमण को देखते हुए वे स्वयं कमान सम्हाले हुए हैं। चेक पोस्ट पर तैनात जवानों व अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि लोगों के आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित की गई है। इसका पूर्ण पालन करें। अनावश्यक आने जाने वाले पर रोक लगाए। जरूरी कार्य व किसी क्षेत्र में ड्यूटी पर आने जाने वाले लोगों के पास की चेकिंग करें। चार पहिया वाहन में आने जाने वाले लोगों की सरप्राइज जाँच आवश्यक रूप से करें।

कलेक्टर ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान निर्देशित सभी नियमों का कड़ाई से पालन करे। छोटी सी चूक या लापरवाही से कोरोना संक्रमण को रोकने के उद्देश्य में बाधा पड़ सकती है। कुम्हारी टोल नाका के तीनों लेन पर जवानों को चेकिंग प्रक्रिया को जारी रखने कहा।

कलेक्टर एवं एसपी ने भिलाई नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से फ्लैग मार्च करते हुए भिलाई 3 होते हुए मंगल भवन भिलाई मार्ग चरोदा निगम कार्यालय पहुंचे। निगम आयुक्त भिलाई चरोदा से लॉक डाउन की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। लॉक डाउन की अवधि में निगम क्षेत्र में संचालित सभी प्रकार की व्यवसायिक प्रतिष्ठान को बंद रखने कहा। इसके साथ ही ब्लड सेम्पलिंग की जांच को बढ़ाने तथा अधिकाधिक जनसमूह के सम्पर्क में आने वाले लोगों की अनिवार्य जांच करने कहा। मंगल भवन भिलाई से होकर दल सिरसा चैक होकर कुम्हारी टोल नाका पहुंचा। यहां से मुरमुंदा अहिवारा होकर धमधा के बार्डर का अवलोकन किया गया। लॉक डाउन के दूसरे दिन भी आज दुर्ग भिलाई सहित जिले के सभी दुकाने बंद मिली। सड़कें सुनसान नजर आयी। नागरिकगण जिला प्रशासन का सकारात्मक सहयोग करते हुए अपने घर मे रहे। इस तरह से लॉकडाउन का दूसरा दिन भी सफल रहा।

भिलाई व रिसाली में निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण व अपीलीय अधिकारी नियुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर भुरे द्वारा जिले के 2 नगरीय निकायों, नवगठित नगरपालिक निगम रिसाली और नगरपालिक निगम भिलाई के आगामी निर्वाचन हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और अपीलीय अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। निगम भिलाई के लिए एसडीएम दुर्ग को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

वहीं पार्वती पटेल तहसीलदार दुर्ग को वार्ड 1 से 18, योगेंद्र वर्मा नायाब तहसीलदार भिलाई नगर को वार्ड 19 से 35, सत्येंद्र शुक्ला नायब तहसीलदार दुर्ग को वार्ड 36 से 53 और दुर्गा साहू नायब तहसीलदार दुर्ग को वार्ड 54 से 70 के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। निगम भिलाई के लिए बीरेंद्र बहादुर पंचभाई अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार निगम रिसाली के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम दुर्ग ही होंगे। वहीं उमेश कुमार साहू अपर तहसीलदार दुर्ग वार्ड 1 से 20 और जयंत बघेल नायब तहसीलदार वार्ड 21 से 40 के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। रिसाली के लिए प्रकाश कुमार सर्वे अपर कलेक्टर को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

लॉकडाउन में सबकुछ रहा बंद, रह-रह के हुई बारिश

पुलिस प्रशासन सुबह से ही रही मुस्तैद

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। प्रदेश सरकार के लॉक डाउन की घोषणा के पहले ही दिन इसका पूरा असर नगर मे देखने को मिला। लॉकडाउन का सक्ती से पालन करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन सुबह से ही मुस्तैद दिखी पुलिस द्वारा पूरे नगर में घूम घूमकर माईक से लोगों को घरों के बाहर न निकलने की अपील की गई। लॉकडाउन के दौरान प्रातः 7 से 12 बजे तक आवश्यक सामान खरीदने के लिए छूट दी गई थी इसके पश्चात अमूमन सडकें सूनी ही दिखाई दी। कुम्हारी थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया की लॉक डाउन में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की शिकायत नही आई है। उन्होने बताया की बुधवार को पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च भी निकाला गया था साथ ही लॉकडाउन के पूर्व ही लोगों को इसकी सूचना दे दी गई थी। लगातार लोगों से मास्क पहनने की अपील भी की जा रही है, साथ ही जगह जगह चालानी कार्यवाही भी की गई। इस बीच रह रह कर बारिश ने भी लोगों के कदम घरों पर रोक दिए। स्टेशन चौक, बाजार चौक एवं प्रभात चौक से लेकर सभी क्षेत्रों में दुकानें बंद ही रही।

न्यूज गैलरी

विभागीय परीक्षा 24 से 29 तक

दुर्ग। गृह विभाग द्वारा शासकीय कर्मचारियों की विभागीय परीक्षा 24 से 29 अगस्त तक आयोजित की गई है। दुर्ग जिले के लिए भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। संभागीय आयुक्त जीआर चुरेन्द्र ने कॉलेज के प्राचार्य को परीक्षा हेतु 2 कक्ष तैयार कर बैठक व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं। विभागीय परीक्षा के संपादन हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। परीक्षा के लिए डॉ रविराज ठाकुर डिप्टी कलेक्टर परीक्षा केंद्र एवं प्रश्न पत्र प्रभारी होंगे। वहीं आरएल ताराम लेखाधिकारी कार्यालय आयुक्त को सहायक परीक्षा केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। वीक्षक इन्व्हीजिलेटर की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ल व जयेन्द्र सिंह को सौंपी गई है।

आवेदन आमंत्रित

दुर्ग। आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी.टू.ईट फूड प्रदाय हेतु महिला स्वसहायता समूहों से 25 तक आवेदन आमंत्रित किया है। जिले में महिला बाल विकास परियोजनाओं के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी.टू.ईट पूरक पोषण आहार प्रदाय हेतु केवल सेक्टर परिक्षेत्र में स्थित सक्षम महिला स्व. सहायता समूहों से प्रस्ताव आमंत्रित किया गया।

लैब टेक्नीशियन को कारण बताओ नोटिस

3 सामान्य महिलाओं को बताया कोरोना पॉजिटिव

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। एंटीजन टेस्ट के लिए स्वाब सैंपल के स्थान पर ब्लड सैंपल लेकर 13 टेस्ट करने वाले लैब टेक्नीशियन को आज सिविल सर्जन के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही नोटिस में यह भी उल्लेखित किया है कि 13 किट के नुकसान की भरपाई क्यों ना आप से की जाए । लैब टेक्नीशियन की इस गलती के कारण 13 किट बर्बाद हुए। साथ ही तीन सामान्य गर्भवती महिलाओं को रिपोर्ट में दिखा दिया पॉजिटिव। जिला सिविल सर्जन डॉ पुनीत बालकिशोर ने बताया कि लैब टेक्नीशियन राजलक्ष्मी को 13 एंटीजन किट दिए गए थे। ताकि 13 गर्भवती महिलाओं का कोरोना टेस्ट किया जा सके। परंतु लैब टेक्नीशियन के द्वारा टेस्ट करने के लिए स्वाब सैंपल के स्थान पर 13 महिलाओं का ब्लड सैंपल लिया गया। जबकि कीट में केवल स्वाब का ही सैंपल प्रयोग में लाया जाता है। इस बड़ी गलती के कारण सभी 13 रिपोर्ट के परिणाम को शून्य ही माना गया । परंतु परिणाम मैं 10 महिलाओं की रिपोर्ट नेगेटिव आई जबकि 3 गर्भवती महिलाओं की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जिसके कारण अस्पताल में हड़कंप भी मच गया था। परंतु यह रिपोर्ट केवल और केवल लैब टेक्नीशियन की गलती के कारण ही पॉजिटिव आई थी। बाद में तीनों ही महिलाओं का किया गया टेस्ट नेगेटिव रहा है । डॉक्टर बाल किशोर ने कहा कि इस गलती पर लैब टेक्नीशियन राजलक्ष्मी को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस में गलती पर शासकीय संपत्ति का नुकसान होने पर टेक्नीशियन को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हीं से रिकवरी का उल्लेख किया गया है।

> **32 कोरोना पॉजीटिव मिले**
>
> जिले में शुक्रवार को 32 नए कोरोना पॉजीटिव की पहचान हुई है इस तरह दुर्ग जिले में अब तक 407 कोरोना के मरीज मिल चुके है। लॉकडाउन की समयावधि में कम्युनिटी स्प्रेड का असर भी सामने आ रहा है। दुर्ग शहर में कसारीडीह से 2, बांधातालाब गंजपारा से 1, बघेरा व डीपरापारा से 1-1, कैम्प-2, कैम्प-1, जामुल, अहिवारा, सेक्टर-11 भिलाई, जेवरा सिरसा, दारगांव, अछोटी व ओटेबंद से 1-1 मरीज मिले है। इसके अतिरिक्त 16 कोरोना पॉजीटिव बीएसएफ के जवान मिले है।

> **स्वाब सैंपल से होता है एंटीजन टेस्ट**
>
> सिविल सर्जन डॉ. पुनीत बाल किशोर ने बताया कि कोरोना टेस्ट में एंटीबॉडी एवं एंटीजन दोनों ही प्रकार के टेस्ट किए जाते हैं। परंतु एंटीजन टेस्ट की प्रमाणिकता शत.प्रतिशत मानी जाती है। एंटीजन टेस्ट के लिए मरीज के मुंह या नाक से स्वाब लिया जाता है। जबकि एंटीबॉडी टेस्ट के लिए ब्लड लिया जाता है। टेक्नीशियन के द्वारा यही गलती की गई। एंटीजन टेस्ट किट में स्वाब के स्थान पर मरीज का ब्लड लेकर टेस्ट किया गया । जिसके कारण 13 किट खराब हो गए।

पुलिस कर्मियों के लिए बनेगा शौचालय

महापौर धीरज ने एसपी के मांग पत्र पर की तत्काल पहल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पुराना पुलिस लाईन गंजपारा के रक्षित केन्द्र में जल्द ही नया सुलभ शौचालय की सुविधा पुलिस परिवारों को मिलेगा इसके लिए महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा पुलिस लाईन रक्षित केन्द्र के शौचालय और गार्डन का निरीक्षण किया गया। महापौर बाकलीवाल द्वारा वार्डो में आम जनता को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा रही हैं।

इसी कड़ी में महापौर ने गंजपारा वार्ड में स्थित पुलिस लाईन का रक्षित केन्द्र में सुलभ शौचालय निर्माण के निर्देश निगम अधिकारी को दिये तथा साथ ही महापौर निधी से रक्षित केन्द्र के गार्डन में पाथवे निर्माण और प्रकाश व्यवस्था करने कहा गया। उन्होनें जल्द से जल्द तीनों कार्यो का प्रस्ताव प्रस्तुत करने निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केन्द्र में स्थित शौचालय की जर्जर स्थिति तथा गार्डन की स्थिति से अवगत कराते हुये मांग पत्र महापौर को प्रेषित किया गया था।

मेडिकल संचालक पर 10 हजार जुर्माना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम के जोन.4 की टीम ने लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर पावर हाउस के मेडिकल संचालक के खिलाफ दांडिक कार्रवाई की। मेडिकल संचालक विनोद जगवानी के खिलाफ 10 हजार दांडिक शुल्क वसूला गया। जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा ने मेडिकल संचालक को 29 जुलाई तक शाम 5 बजे तक मेडिकल को बंद करने की समझाइश दी। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने लॉकडाउन में निर्धारित समय तक मेडिकल सहित अन्य जरूरी सेवाओं से जुड़ी दुकानों को खोलने की छूट दी है। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक लॉकडाउन में सुबह 7 से शाम 5 तक मेडिकल खोलने की अनुमति है। इसके बावजूद नंदिनी रोड स्थित लक्ष्मी मेडिकल रात 8 बजे तक खुला था। जोन.4 के आयुक्त को इसकी सूचना मिली तो वह अपने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और मेडिकल को बंद करवाया। जोन 4 की टीम द्वारा एक और कार्यवाही की गई है जिसके तहत वार्ड 32 गुप्ता गृह उद्योग में 10 हजार अर्थदंड।

मार्निंग वॉक पर निकले 16 लोगों पर की कार्रवाई

लॉकडाउन में मुस्तैद रही अधिकारी, कर्मचारी नियम का पालन कराने के लिए सुबह 6 बजे से ही वार्डों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। मार्निंग वॉक पर निकले कई लोगों को समझाइश देकर वापस लौटाया। समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर 16 लोगों के खिलाफजुर्माना लगाया। जोन 1 की टीम ने 3 लोगों से 400 दांडिक शुल्क वसूला। जोन 5 की टीम ने टाउनशिप क्षेत्र में 13 लोगों से 21 सौ अर्थदंड वसूलते हुए कार्यवाही की।

पावरहाउस सब्जी मार्केट रहेगा बंद

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। आगामी आदेश पर्यंत तक पावरहाउस स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस सब्जी और फल मार्केट बंद रहेगी। कोविड.19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए निगम प्रशासन ने मार्केट को आगामी आदेश तक बंद रखने का निर्णय लिया है। सब्जी मार्केट के लिए आईटीआई ग्राउंड का चयन किया है। फल दुकान छावनी थाना परिसर के पीछे की जगह को चिन्हित किया है। शनिवार से दोनों मार्केट चिन्हित स्थल पर लगेगी। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार सब्जी मार्केट की व्यवस्था में बदलाव किया है। जोन.3 की आयुक्त प्रीति सिंह ने बताया कि कलेक्टर लॉकडाउन की स्थिति का निरीक्षण करते हुए पावरहाउस सब्जी मार्केट पहुंचे थे। जहां रोड के दोनों तरफ फुटकर व थोक सब्जी विक्रेता पसरा लगाकर बैठे हुए थे। वहीं हाथ ठेला में फुटकर व्यापारी फल बेच रहे थे। इससे दुकानों के सामने ग्राहकों की भीड़ की स्थिति बन रही थी। संक्रमण की स्थिति को देखते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस सब्जी मार्केट और फ्ल की दुकानों को खुले मैदान में लगाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

निगम ने शिविर लगाकर की कोरोना जांच

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम प्रशासन ने भीड़ वाले इलाके जैसे बाजार मार्केट, सब्जी मंडी, फल मंडी में शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों का कोरोना जांच कराने का निर्णय लिया है। जोन.1 नेहरू नगर और जोन.4 वीर शिवाजी नगर खुर्सीपार में स्वास्थ्य शिविर लगाई गई। जहां जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 110 व्यापारियों का स्वास्थ्य परीक्षण और कोरोना जांच किया। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के आदेशानुसार आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने जोन आयुक्तों को अपने क्षेत्र के मार्केट में शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों का कोरोना की जांच की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्राथमिकता के साथ ज्यादा संपर्क वाले व्यापारियों को चिहिन्त करने कहा है। निर्देश के मुताबिक जोन.1 के आयुक्त सुनील अग्रहरि ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आकाश गंगा सुपेला सब्जी मंडी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाई। जहां जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मजदूर, थोक और फुटकर सब्जी व्यापारी सहित कुल 80 लोगों का कोरोना की जांच के लिए सैंपल लिया।

42 लोगों पर निगम ने की कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम के बाजार विभाग व स्वास्थ्य विभाग अमला ने दीपक नगर क्षेत्र, गंजपारा, शंकर नगर, इंदिरा मार्केट, हटरी बाजार, चण्डी चौक एरिया में भ्रमण कर हिदायत के बाद भी लॉकडाउन में किराना दुकानें खोलने वालों, बेवजह घर से बाहर घूमने व मास्क नहीं लगाने वालों कुल 42 लोगों पर कार्यवाही कर 8850 जुर्माना वसूल किये। उन सभी को हिदायत दी कि लॉकडाउन में कोई भी दुकानें न खोलें, अन्यथा लायसेंस निरस्त किया जावेगा साथ ही कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक जसवीर सिंह भुवाल, मेनसिंग मंडावी, राजेन्द्र सराटे, दरोगा राजू सिंह, सुरेश भारती, थान सिंह यादव, ईश्वर वर्मा, शशी यादव सहित अन्य कर्मचारियों ने अलग अलग दल बनाकर कार्यवाही किये। उल्लेखनीय है कि शहर में कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु लॉकडाउन किया गया है। इसका पालन करने शहर वासियों, दुकानदारों, व्यवसायियों, आम नागरिकों से अपील हैं कि वे संक्रमण की रोकथाम में सहयोग करें।

समीक्षा बैठक.. पशुपालकों के खाते में जमा करें गोधन न्याय योजना विक्रय किये गोबर की राशि..

गौठानों में गोबर का संग्रहण जारी

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना पर अमल आरंभ हो गया है। योजना का लाभ त्वरित हो और अधिकाधिक लोगों तक पहुंचे। इसके लिए पुख्ता सिस्टम बनाने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निर्देश दिए। कलेक्टर आज धमधा ब्लाक के दौरे में पहुंचे और वहां अधिकारियों से पूछा कि अब तक गोधन न्याय योजना के अंतर्गत किस तरह का जमीनी कार्य हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सभी गौठानों में गोबर का क्रय आरंभ हो गया है। किसानों को मुनादी के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है कि गोबर बेचें। पहाटिया लोग गौठानों में गोबर का संग्रहण कर रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि गोबर खरीदी के साथ ही इसके भुगतान की व्यवस्था भी मुकम्मल करें। 5 अगस्त तक की अवधि में अब तक क्रय किये गए गोबर की राशि किसानों के खाते में आ जाना चाहिए। बैठक में किसान अपनी सुविधानुसार गोबर का विक्रय करने के लिए आ सकते हैं। किसान चाहें तो प्रतिदिन या अपनी सुविधानुसार एक से अधिक दिन का गोबर संग्रह कर भी निर्धारित समय पर 9 से 12 बजे तक गोबर विक्रय कर सकते हैं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है कि विकासखंड में स्थित सभी गौठानो में अनिवार्यता गोबर का क्रय होना चाहिए। कलेक्टर ने गौठानो में गोबर का क्रय करने के साथ ही इसकी कम्पोस्टिंग का कार्य भी साथ.साथ करने कहा। इसके साथ ही उन्होंने पर्याप्त संख्या वर्मी कंपोस्ट टैंक की व्यवस्था करने के साथ ही स्वसहायता समूहों को प्रशिक्षण देने और समिति द्वारा बराबर गौठानो को निरीक्षण करते रहने भी कहा। अभी जिन ग्राम पंचायतों में गौठान निर्माण कार्य चल रहा है इसे एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन करने कहा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती अमिता भौमिक | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202007100400398

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अमिता भौमिक पति स्व. शांति पदो भौमिक निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न 22 तह. व जिला दुर्ग	645/69	0.014 हें 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/ 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक भूषण साहू आ. गनपत साहू निवासी ग्राम व पोस्ट राजपुर तह. धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर राजपुर प.ह.न. 03 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 886/4, 1034/5 रकबा 0.100, 0.320 हे भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.07.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400366

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 4.07/7.1/2019 दिनांक 11.09.2020 एवं 26.10.2019 के तहत जारी निर्देशों के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में रिक्त/अतिक्रमित शासकीय भूमि का आबंटन/व्यवस्थापन शासन द्वारा निर्धारित प्रीमियम, भूभाटक पर किया जाना है। तहसील दुर्ग के नगरीय निकाय क्षेत्र नगर निगम दुर्ग अंतर्गत ग्राम बोरसी प.ह.नं. 19/23 स्थित भूमि खसरा नं. 46 रकबा 0.534 हे. मे से रिक्त भूखण्ड 278.70 वर्गमीटर को भूमिस्वामित्व में प्राप्त करने का व्यवस्थापन करने निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा आवेदन पेश किया गया है। क्रं. 1 आवेदक का नाम श्री गोपाल कृष्ण शर्मा, पिता/पति का नाम श्री ताराचंद शर्मा, निवासी का पता भोईपारा शनिचरी बाजार के पास दुर्ग।

अतः उक्त वर्णित भूमि को शासन द्वारा निर्धारित दर पर सूची में वर्णित व्यक्तियों को आबंटित/व्यवस्थापित किए जाने में जिस किसी व्यक्तिध्संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने विधिक अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि में दिनांक 31.07.2020 तक पेश कर सकते है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त दावाध्आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ आज दिनांक 16.07.2020 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202007100400365

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 4. 07/71/2019 दिनांक 11.09.2020 एवं 26.10.2019 के तहत जारी निर्देशों के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में रिक्तध्अतिक्रमित शासकीय भूमि का आबंटनध्व्यवस्थापन शासन द्वारा निर्धारित प्रीमियमए भूभाटक पर किया जाना है। तहसील दुर्ग के नगरीय निकाय क्षेत्र नगर निगम दुर्ग अंतर्गत ग्राम बोरसी प.ह.नं. 19/23 स्थित भूमि खसरा नं. 51/1 रकबा 0.849 हे. मे से रिक्त भूखण्ड 371.60 वर्गमीटर को भूमिस्वामित्व में प्राप्त करने का व्यवस्थापन करने निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा आवेदन पेश किया गया है। क्रं. 1 आवेदक का नाम आशीष अग्रवाल, पिता/पति का नाम श्री नानकराम अग्रवाल, निवासी का पता बैथनाथ पारा दुर्ग।

अतः उक्त वर्णित भूमि को शासन द्वारा निर्धारित दर पर सूची में वर्णित व्यक्तियों को आबंटित/व्यवस्थापित किए जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने विधिक अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति कार्यालयीन दिवस एवं समयावधि में दिनांक 31.07.2020 तक पेश कर सकते है। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त दावाध्आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ आज दिनांक 16.07.2020 को जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए वर्ष 2020-21 में बालको द्वारा कोरबा, कवर्धा और चोटिया में 60 हजार पौधे रोपे जाएंगे। बालको ने पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन और उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने संयंत्र और खान प्रचालनों तथा टाउनशिप में ग्रीन टेक्नोलॉजी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया है। सस्टेनिबिलिटी रणनीति के अंतर्गत बालको प्रबंधन ने ग्रीन टेक्नोलॉजी के जरिए उत्पादन प्रक्रिया को अधिक दक्ष बनाने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किए हैं।

पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के लिए बालको में आधुनिक तकनीकी का समावेश

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री अभिजीत पति ने कहा है कि विश्वस्तरीय कंपनी के तौर पर बालको अपने प्रत्येक प्रचालन क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों के समावेश, सतत प्रगति, पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के उज्वल भविष्य के लिए कटिबद्ध है। कंपनी के उद्देश्य, उत्पादन प्रक्रियाएं और व्यवसाय संचालन के तरीके भविष्य की बेहतरी को ध्यान में रखकर स्थापित किए गए हैं।

उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन के लिए बालको ने बड़े पैमाने पर निवेश किए हैं। व्यवयाय की रणनीति बनाने, क्रियान्वयन, उत्कृष्ट गवर्नेंस आदि अनेक क्षेत्रों में सस्टेनिबिलिटी के विभिन्न आयामों को स्थान दिया गया है। 'शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट और शून्य उत्सर्जन' नीति अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक कार्यक्रमों के जरिए बालको उत्तरोत्तर प्रगति में योगदान के लिए कटिबद्ध है।

वायु की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए बालको अत्याधुनिक फ्यूम ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से पॉट रूम और बेक ओवन के उत्सर्जन को नियंत्रित करता है। इस तकनीक के जरिए फ्लोराइड, धूल और अन्य गैसों को उच्च क्षमता के साथ नियंत्रित किया जाता है। सूक्ष्म कणों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए बैग फिल्टर वाले हाइब्रिड इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसीपिटेटर (ईएसपी) स्थापित है। वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए ऑटोमैटिक कॉन्टिन्यूअस एंबिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (सीएसक्यूएमएस) स्थापित है। इस तकनीक में आईओटी का भी समावेश है जिससे डाटा एकत्र करने, रीयल टाइम ट्रांसफर और विश्लेषण में मदद मिलती है।

फ्लाई ऐश के निपटारे के लिए अत्याधुनिक हाई कंसंट्रेशन स्लरी डिस्पोजल सिस्टम (एचसीएसडी) का प्रयोग किया जाता है। फ्लाई ऐश का 100 फीसदी यूटिलाइजेशन फ्लाई ऐश अधिसूचना के अंतर्गत किया जाता है। टाउनशिप से निकलने वाले जैविक अपशिष्ट के निपटारे के लिए सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर (एसआरएलएम) स्थापित है। इससे जैविक अपशिष्ट को कंपोस्ट में बदलने में मदद मिलती है।

संयंत्र और आसपास के क्षेत्रों को हराभरा बनाए रखने की दिशा में साढ़े पांच लाख से अधिक पौधे रोपे गए हैं। छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में बालको टाउनशिप के विद्यालयों में 'ग्रीन स्कूल' परियोजना संचालित है। बालको छत्तीसगढ़ की उन कंपनियों में शामिल है जहां 'पहल' नामक परियोजना के जरिए सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को समाप्त करने की दिशा में कार्य जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन और सतत एवं सुरक्षित कार्य शैली को प्रोत्साहित करने के लिए बालको ने गोल्डन पीकॉक एनर्जी इफिशिएंट अवार्ड 2019, एनर्जी एंड एनवायरमेंट फाउंडेशन ग्लोबल एनवायरमेंट अवार्ड 2019, छत्तीसगढ़ चैप्टर एचएसई अवार्ड 2019, खनन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य शैली के लिए माइनिंग नजर अवार्ड 2019 और कोयला खान क्षेत्र में उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन के लिए एफआईएमआई अवार्ड 2019 आदि जीते।

न्यूज गैलरी

नगर पंचायत कार्यालय परिसर में कोरोना टेस्ट कराया गया

भटगांव। भारत मे लगातार कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए भारत सरकार व राज्य सरकार अर्ट हो गयी है और लगातार लांकडाउन को भी बढ़ा जा रहा है इसी तारम्य मे कोरोना महामारी को देखते हुए नगर पंचायत भटगांव मे एस डी एम बिलाईगढ के एल सोरी के उपस्थिती में नगर पंचायत के कर्मचारियो का कोरोना टेस्ट कराया गया है। नगर पंचायत भटगांव कार्यालय मे सफाई कर्मी, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारियो सहित नगर पंचायत अध्यक्ष व मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ने कोरोना टेस्ट करवाया साथ ही नगर के सभी व्यापारियों दुकानदारों का भी टेस्ट कराया गया। और इन सभी लोगो का टेस्ट करवा कर रायपुर एम्स भेजा जायेगा और जिनका टेस्ट पाजिटिव आयेगा उनको क्वारंटाइन सेंटर मे रखा जायेगा साथ ही उनकी बेहतर इलाज के लिए रायपुर एम्स भेजा जायेंगा।

राहुल गांधी विचार मंच के ब्लॉक अध्यक्ष बने ओकेश

लवन। युवा कांग्रेस नेता नगर पंचायत लवन के वार्ड क्र. 07 का निवासी ओकेश साहू को राहुल विचार मंच का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। श्री साहू की नियुक्ति जिला कोर कमेटी बलौदाबाजार की सर्व सम्मति और राहुल गांधी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के.वर्मा की अनुशंसा से की गई है। ओकेश की नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष हितेन्द ठाकुर, राजेश साहू ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल बार्वे, दानी साहू, एल्डरमैन गोपी साहू, मनोज कुमार पाण्डेय, दयाशंकर कुर्रे, मृत्युजंय पाण्डेय, सतीष पाण्डेय, पार्षद नंदू वर्मा, पंकज साहू, विनोद अनंत, पुणेन्द्र जायसवाल, राधेश्याम रात्रे, बनवारी बार्वे, अजय बार्वे, दौलत राम साहू, ऋषि मिश्रा, किरण यादव, गुरूदयाल यादव, मृत्युजंय वर्मा, धर्मेन्द्र खुंटे, महेश कुर्रे सहित क्षेत्र वासियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

खेत में सोलर पम्प लगने से साल में दो फसल ले रहे है किसान, किसानों की आय में हुई बढ़ोतरी,

लवन। बलौदाबाजार जिले के अन्तर्गत विद्युत विहीन गांवों के किसानों तक सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सौर सुजला योजना सार्थक सिद्व हो रही है। किसानों के खेतों में बिजली नहीं होने के बावजूद खेती किसानी कार्य में तेजी देखने को मिल रही है। इन किसानों को बिजली बिल से छुटकारा मिल गया है। वर्तमान समय में तापमान एवं परम्परागत संसाधनों के कमियों को दूर करने के लिए किसानों को सौर सूजला योजना के तहत सोलर पम्पों को अपने खेतों में पम्पों की स्थापना करायी जा रही है। क्रेडा विभाग के कार्यपालन अभियंता बी.बी. तिवारी ने बताया कि सोलर पम्प के उपयोग से कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ भू-जल संवर्धन का भी कार्य किया जा रहा है, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबुती मिल रही है। उन्होंने यह भी बताया की वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2018-19 तक कुल 2816 सोलर पम्प स्थापना का कार्य किया जा चूका है।

पैरी नदी का सीना चीरकर दिन-रात रेत अवैध खनन और परिवहन निरंतर जारी

- **गरियाबंद खनिज विभाग में खनिज इंस्पेक्टर राज हाबी**

गरियाबंद। जिला खनिज विभाग के अफ़सर ने तो बकायदा कृषि ज़मीन पर ही भंडारण करने की एनओसी जारी कर दी है। जबकि गौण खनिज भंडारण अधिनियम के तहत प्रवर्तित (डायवर्सन)भूमि पर ही रेत भंडारण के लिए पात्रता होगी और कई जगह पंचायत के अंतर्गत शासकीय जमीन पर भी भंडारण हो रहा है। किन्तु यहाँ पदस्थ अफ़सर अपनी मनमर्जी से नियम तय कर रहे हैं।

पूरा माज़रा यह है कि बारिश काल में 15 जून से 15 अक्टूबर तक प्रदेश के समस्त रेत खदानों में शासन के निर्देशानुसार रेत खनन व परिवहन पर बैन लगा हुआ है।

शासन के नियमों को चैलेंज करतर हुए रेत माफ़ियाओं के इशारों पर खनिज अफ़सर व जिला प्रशासन के मुखिया खुद का कानून फॉलो कर रहे है।

अब हो ये रहा है कि शासन को रेत लोडिंग व ट्रांसपोर्ट करने के एवज़ में किसी भी तरह के रायल्टी नहीं देने पड़ रहे हैं। बारिश कॉल में रेत की कीमत भी दोगुना है,दोगुने कीमत पर ही गरियाबंद रेत घाटों से रेत बिक्री हो रही है। रेत से होने वाले इनकम सीधा-सीधा संलिप्त पार्टनर के बीच बराबर हिस्सेदारी में बंटवारा हो रही है।

राजिम और विंद्रानवागढ़ क्षेत्र के कई रेत घाट में स्थानीय ग्रामीण थक गए है शिकायत करते करते,इधर रेत माफ़िया के गुर्गे शिकायत करने वालों को धमकाने पंहुच जाते हैं। प्रशासन इस क़दर गूंगे बहरे बन गए है कि इन्हें सिर्फ उनके आकाओं की ही आवाज सुनाई पड़ती है।

ऐसा है रेत का खेल........

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक़ जिले के रेत खदानों से प्रतिदिन हो रहे अवैध खनन और भंडारण के नाम पर खेल जग जाहिर है। गरियाबंद की रेत रायपुर ,दुर्ग, भिलाई, और राजनांदगांव सप्लाई हो रहा है। इस बीच शासन के नियमानुसार एक चवन्नी का रायल्टी-शुल्क शासन को नहीं जाता,पूरा पैसा हिस्सेदारी में बंटवारा हो रहा है। इधर जनता और नेता रेत चोरी होने पर शिकायत पर शिकायत करते जा रहे और हमारे साहब लोग शासन के महत्वपूर्ण योजना रोका-छेका गौधन न्याय योजना में व्यस्त है। टीएल की बैठक भी रोका छेका पर शुरू होता है और खत्म भी उसी पर।

> जिले के रेत खदानों से प्रतिदिन रेत का अवैध खनन माफ़िया के द्वारा किया जा रहा है। जिला प्रशासन में बैठे जिम्मेदार आलाअधिकारियों के जानकारी होने के बाद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जबकि जिला में कई जगहों पर अवैध रूप से खनिज विभाग के संरक्षण में खनन , भंडारण और परिवहन संचालित है। विभाग दिखावे मात्र के कार्यवाही करते हैं । विभाग के अधिनस्थ अधिकारी कर्मचारी को अवैध खनन माफ़िया के साथ संबंध किसी से छिपा नहीं है।
>
> **प्रीतम सिन्हा,** भाजपा नेता गरियाबंद

सबसे मजेदार बात तो यह है कि जिले के बड़े अफ़सर भी खनिज विभाग के इंस्पेक्टर राज में ढल गए हैं। अब जनता अंधेर गर्दी के पीछे की राज़ भी समझ गए हैं।

देश-प्रदेश की संगीत प्रतिभाओं से रूबरू करवा रहा है रंग संगीत

बेमेतरा/साजा। गैर शासकीय संस्था श्री साईनाथ फॉउंडेशन द्वारा आयोजित भारतीय शास्त्रीय, उप-शास्त्रीय व लोक संगीत के डिजिटल प्रस्तुति की अनूठी श्रृंखला रंग संगीत ने अपने आयोजन के छः सप्ताह सफलतापूर्वक पूरे किए। इस ऑनलाइन प्रस्तुति माध्यम से अब तक अलग-अलग तरह की अठारह अद्भुत सांगीतिक प्रस्तुतियों का देश-विदेश में लाखों लोगों ने लाभ लिया। अपने आयोजन के केवल छः सप्ताहों में ही रंग संगीत ने देश भर में संगीत प्रेमियों का तेजी से ध्यान आकर्षित किया है व आयोजन संस्था के अध्यक्ष आशीष राज सिंघानिया ने बताया कि पूरे भारत सहित विदेशों के ख्यातिलब्ध कलाकारों की प्रस्तुति का लाभ आने वाले सप्ताहों में संगीतप्रेमियों को मिलेगा। कोरोना महामारी के समय में जहाँ पूरा विश्व अवसाद, तनाव व नकारात्मकता से ग्रस्त है, वहीं ऐसे सुमधुर आयोजन माहौल में सकारात्मकता का संचार करते है। संगीत के दोनों तरह की गायन व वादन की विभिन्न प्रस्तुतियां आयोजक संस्था श्री साईनाथ फाउंडेशन के अधिकृत फेसबुक पेज के माध्यम से सप्ताह के शुरुआती तीन दिन सोमवार, मंगलवार व बुधवार को शाम 7 से 8 बजे तक दी जा रही है। आयोजन के छठवें सप्ताह में पहले दिन भिलाई के युवा ग़ज़ल गायक परन राज भाटिया ने अंतरराष्ट्रीय तबला वादक रामचंद्र सर्पे के साथ मधुर गायन प्रस्तुत किया, दूसरे दिन की प्रस्तुति में मुंगेली निवासी गोविंद मक्कड़ ने एकल तबला वादन में पंजाब व दिल्ली घराने के अनेक क़ायदों की सधी हुई प्रस्तुति दी, वहीं तीसरे दिन बैंगलुरु की सुप्रसिद्ध शास्त्रीय व उप-शास्त्रीय गायिका बरनाली दत्ता आचार्य ने अद्भुत बंदिशें, कजरी व झूला आदि प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

बेमेतरा पुलिस के हत्थे चढ़े अवैध शराब तस्कर

बेमेतरा/साजा। अवैध शराब के विरूद्ध थाना नवागढ एवं दाढी पुलिस की कार्यवाही के तहत एमपी के 27 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 1360 पौवा जुमला कीमती 01 लाख 63 हजार दो सौ रूपये के साथ 3 आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग कुमार पटेल (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस व एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिदिन जिले में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत दिनाँक 19 व 20.07.2020 को रात्रि में जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि थाना नवागढ ग्राम धौराभाठ खुर्द एवं थाना दाढी ग्राम गांगपुर में अवैध शराब की तस्करी होने की सूचना पर तत्काल थाना नवागढ एवं दाढी पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अलग अलग दोनो जगह मौके पर पहुच कर घेराबंदी करते हुए आरोपियो को पकडा गया। जिसमें थाना नवागढ में आरोपी संतोष खाण्डे पिता मंगल खाण्डे उम्र 33 साल साकिन धौराभाठा खुर्द थाना नवागढ जिला बेमेतरा के कब्जे से एमपी का 13 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 650 पौवा (117000द्वद्य) कीमती 78,000/- रूपये को जप्त किया गया। तथा थाना दाढी में आरोपी मोहन कुर्रे पिता घसीयाराम कुर्रे उम्र 38 साल साकिन गांगपुर थाना नवागढ, पुष्पराज ठाकुर पिता रामकुमार ठाकुर उम्र 34 साल साकिन नवागांव कला छिरहा थाना दाढी जिला बेमेतरा के कब्जे से 14 पेटी व 10 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कुल 710 पौवा (127,800द्वद्य) कीमती 85,200/- रूपये जप्त किया गया।

विधायक आशीष छाबड़ा ने किया कोविड सेन्टर का शुभारंभ

बेमेतरा/साजा। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने एक्सक्लूसिव कोविड ट्रीटमेंट सेंटर जिला बेमेतरा का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक आशीष छाबड़ा जो कि विधानसभा क्षेत्र में एकमात्र जनप्रनिधि है जो कोरोनाकाल में भी लोगो की सहायता हेतु उपलब्ध रहे है तथा सुरक्षा एव स्वस्थ्य सेवाओ को एक सजंग जनप्रतिनिधी की हैसियत से निरंतर स्वयं की निगरानी में कोविड सेन्टर का निर्माण कराया। आज शुभारंम के अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने पूरे कोविड सेंटर का गम्भीरता से निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओँ को करीब से देखा। इस दौरान विधायक आशीष छाबड़ा ने चिकित्सा अधिकारियो से कोविड सेंटर में टेस्टिंग किट की जानकारी ली। जिस पर चिकित्सकों ने बताया कि वर्तमान में 1500 किट कोविड सेंटर में उपलब्ध है तथा जांच की आवश्यक मशीनें कोविड सेन्टर के पैथोलॉजी, डिपार्टमेंट में आ गई है, जिसमें 30 मिनट में ही कोरोना टेस्ट के नतीजे प्राप्त होते है। विधायक आशीष छाबड़ा ने चिकित्सको से कोविड सेंटर में पेशेन्ट (मरीजो) को बेहतर से बेहतर चिकित्सा देने का आग्रह करते हुए कोविड सेन्टर में सेवा दे रहे सभी चिकित्सा स्टॉफकी भूरी भूरी प्रशसा करते हुए उन्हें स्वस्थ्य एव सकुशल रहने की अपनी शुभकामनाएं दी।

सड़क की खानापूर्ति मरम्मत से आम जनता परेशान, लाखों रुपए फिजूल खर्च

देवभोग। मुख्य मार्ग सहित आसपास के सड़कों पर अधिकारियों के संरक्षण से ठेकेदार द्वारा खानापूर्ति मरम्मत करने के चलते सड़क की हालत बद से बदतर हो रही है । फिर भी अधिकारी सरकार की लाखों रुपए पानी की तरह बहा रहे हैं। जिससे स्थानीय ग्रामीण के अलावा जनप्रतिनिधियों में भी रोष देखने को मिल रहा है। क्योंकि लगातार मरम्मत की मांग होने के बाद मरम्मत की स्वीकृति मिलती है। लेकिन चंद दिनों बाद सड़क जस की तस हो जाती है यहां बताना लाजिमी होगा कि पखवाड़े भर पहले मुख्य मार्ग की साइड साइड मैं मुरूमी से लाखों खर्च कर मरम्मत किया गया रहा। इसके अलावा गिरसूल से मुरगुडा मार्ग का डामरीकरण मरम्मत हुआ है। ऐसे क्षेत्र के और भी सड़कों का मरम्मत किया जा रहा है। ताकि आम राहगीरों को गड्ढा भरे सड़क से निजात मिल सके लेकिन अफसोस की बात है कि सड़क मरम्मत की कुछ दिनों बाद ही गुणवत्ता की पोल खुल जाती है। जिस की परवाह ना ठेकेदार करते हैं और ना अधिकारियों को कोई फिक्र है । यही वजह है कि एक सड़क को बार-बार लाखों खर्च कर मरम्मत करने के बाद भी बमुश्किल 2 माह तक टिक नहीं पाता। ऐसे ही गिरसूल से मुरगुड़ा मार्ग की स्थिति हो गई है डेढ़ माह पहले यह सड़क मैं डामर से मरम्मत किया गया लेकिन अब मरम्मत मैं इस्तेमाल मटेरियल धूल में तब्दील होकर बिखर जा रहे हैं। मतलब गड्ढा मे गड्ढा फिर से देखने को रहा है। बताया जाता है कि इस सड़क की मरम्मत के दौरान संबंधित विभाग के इंजीनियर मौजूद होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ख्याल रखा नहीं गया मापदंड अनुसार मटेरियल गड्ढा पर इस्तेमाल किया जाता। तो शायद आज सड़क की स्थिति काफी अच्छी होती इसी तरह मुख्य मार्ग के किनारे डाले गए मिट्टी तरह मुरूमी से दलदल हो गया है। अक्सर वाहनों का इस मार्ग पर फिसलन होता रहता है। जिससे अधिकांश राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। मतलब ठेकेदार की खानापूर्ति मरम्मत आम जनता पर भारी पढ़ रहा है बावजूद इसके मरम्मत कार्यों में सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

> अगर मरम्मत हुआ मटेरियल उखाड़ रहा है तो फिर से मरम्मत किया जाएगा
>
> **प्रदीप कुमार साहू ,** इंजीनियर पीडब्ल्यूडी
>
> सड़कों की खानापूर्ति मरम्मत तो हो रही है इसकी शिकायत भी अधिकांश ग्रामीण कर रहे हैं जिसे लेकर सीधा मंत्री जी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया
>
> **अरुण मिश्रा,** कांग्रेस नेता

बिना हेलमेट चला रहे गाड़ियां, पुलिस का हेलमे अभियान बेअसर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। हेलमेट की उपयोगिता को लेकर जहां हेलमेट लगाकर जिले मे दो पहिया वाहन चलाकर हेलमेट लगाने का संदेश दिया लेकिन यह संदेश महज कुछ दिनो तक ही दिखा पर बाद मे महिने की कलेन्डर की तरह इसका असर भी विपरित हो गया और फिर दोपहिया वाहन चालक सडको मे बिना हेलमेट फर्राटेदार गाड़ी चलाते नजर आने लगे है। जान की सुरक्षा को लेकर दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना अनिवार्य होता है बावजूद इसके लोग खतरो से खेलने बाज नही आ रहे है और नतीजन दुर्घटना होने की स्थिती मे गंभीर चोट सहित जान भी जा सकती है हांलाकि ट्रेफिक पुलिस के द्वारा आम लोगो की सुरक्षा को लेकर कई जागरुक अभियान चलाये जाते है बावजूद इसके बहुत से लोग आज भी हेलमेट की उपयोगिता को नही समझ पाये जिसके चलते सौ की संख्या मे लगभग 80 दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट लगाये नजर

आते है। लोगो को दुर्घटनाओ से बचाने जहां ट्रेफिक्र पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर समझाईश देते हुए कार्रवाई भी की जाती है लेकिन इसका उचित असर होते नही दिख रहा है वहीं कुछ लोगो का ऐसा भी कहना है कि जिनके द्वारा उन्हे हेलमेट लगाने जागरुक किया जाता है वे ही हेलमेट का उपयोग नही करते जिसके चलते सुरक्षा का यह हेलमेट दूकानो मे सजावट की समान की तरह रखा हुआ धूल खा रहा है। ज्यादातर घटनाओं मे हेलमेट सुरक्षा कवच की तरह काम करता है लेकिन हेलमेट का उपयोग वाहन चालको द्वारा नही किया जाना समझ से परे है। बाइक सवारो के सिर पर नही दिखते हेलमेट हर दूसरे दिन जा रही सडक़ हादसे मे किसी ने किसी की जान। बदहाल सडक़ो के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। हेलमेट नहीं पहने होने से कई बार जान पर आफत बन आती है। ऐसे में हेलमेट की अनिवार्यता को नजर अंदाज करना मौत को निमंत्रण देने जैसा है। ऐसा करने वालो को लापरवाही का खमियाजा भी भुगतना पड़ रहा है पर इसके बाद भी लोग हेलमेट को लेकर गंभीर नही है। जिले मे सडक़ दुर्घटनाओं मे तेजी से लोग हताहत या फिर मौत के मुंह मे जा रहे है जिला पुलिस कबीरधाम समय समय पर हेलमेट पहनने के लिए बाइक चालको को प्रेरित भी किया सिर मनुष्य के शरीर का सबसे महत्वपूर्ण व संवेदनशील अंग होता है। यही से सम्पूर्ण शरीर का संचालन होता है। सडक़ दुर्घटना मे हाथ पैर मे चोट लगने पर तो उपचार संभव है लेकिन हेड इंजुरी होने पर मनुष्य की जान पर बन आती है। यह जानते हुए भी दुर्घटना मे सिर को चोट लग सकती है ज्यादातर बाइक चालक लापरवाही बरतते है। सबसे संवेदनशील अंग की सुरक्षा के लिए लोग गंभीर नजर नही आते। कुछ महिनों पहले शासन ने दोपिहया वाहन चालकों के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया था लेकिन कुछ दिन बाद ही यह नियम जिले मे तार-तार हो गया।

न्यूज गैलरी

बिना मास्क के घूमने वालों का कटा चालान

भटगांव। एक ओर जहा भारत मे कोरोना वायरस का संक्रमण कम होने का नाम ही नही ले रहा है। जिसे देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार जो है कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिसके मद्देनजर छत्तीसगढ़ मे फिर से सात दिन का लांकडाउन किया गया तो वही छत्तीसगढ़ सरकार जरूरत की दुकान को खोलने के आदेश दिया गया है साथ ही लोगो को ये भी अह्वान किया गया कि जरूरत हो तभी घर से बाहर निकले अन्यथा न निकले और जब भी घर से निकले तो मास्क लगाकर ही निकले जिसे कड़ाई से पालन करते हुए आज बिना मास्क के घूमने वालों पर सक्ती बढ़ती गयी और दुकानदारो को भी समझाईस दिया कि मास्क लगाकर ही दुकान मे बैठे बिना मास्क रहने पर सक्ती की कार्यवाही किया गया है। नगर पंचायत भटगांव मे एसडीएम के.एल.सोरी ने नगर के बस स्टैण्ड मे खड़ा होकर बिना मास्क लगाये लोगो के ऊपर चालानी कार्यवाही की गयी साथ ही उनको ये भी समझाईस दी गयी की जब भी घर से बाहर निकले मास्क लगा कर ही निकले जहां बिना मास्क के घूमने वाले लोगो को रोककर शासन के निर्देशानुसार चालानी कार्यवाही किया गया। जहां इनके साथ मुख्य नगर पंचायत अधिकारी प्रदीप मिश्रा व नयाब तहसीलदार देवांगन के साथ नगर पंचायत के कर्मचारी पुलिस प्रशासन मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने किया वृक्षारोपण

डोंगरगढ़। सांसद संतोष पांडेय के निर्देशानुसार व स्थानीय युवा नेता अनिल पाण्डेय के मार्गदर्शन मे डोंगरगढ़ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों के द्वारा विभिन्नय प्रजातियो के 151 पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया । वृक्षारोपण कार्यक्रम को समीप के ग्राम चौथना में किया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ता अमित छाबड़ा, परविंदर सिंह मोन्टी, प्रिंस कक्कड़, अखिलेश गढ़ेवाल, वीरेन्द्र सोनी (मारूती), ज्योति बड़वाईक, मीना यादव, लक्ष्मी यादव, गीता पाण्डेय, गीता दास मानिकपुरी, पूजा उजवने, मनीष चक्रवर्ती, आदित्य मिश्रा, सुनील सोनी, संजय यादव, गगन लारोकर, नीरज शिवेदी, अनिल यादव, गंगाधर देवांगन, रमेश यादव, बादल सिंह, आशुतोष पिल्ले, अभिषेक अग्रवाल, चितरंजन साहू, गणेश वर्मा, डिकेश साहू, गामन निषाद, आदि उपस्थित थे।

बिना मास्क घूमने वालो पर हुई चलानी कार्यवाही

डोंगरगढ़। कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंड में बिना मास्क के मार्केट में भ्रमण करने वाले लोगों पर प्रशासन अपने स्तर पर कार्यवाही निरन्तर जारी रखा है । धर्मनगरी में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए शुक्रवार को नगर के अनुविभागीय अधिकारी अविनाश भोई व उपपुलिस अधिकारी चंद्रेश ठाकुर के निर्देशानुसार पुलिस टीम राजस्व टीम नगर पालिका से टीम तैयार कर मार्केट में बगैर मास्क लगाए घूम रहे लोगो पर लगातार कार्यवाही कर 32 लोगो के खिलाफ 3200 रुपये का चालान काटा गया और अधिकारियों और कर्मचारियो के द्वारा आम लोगो एहतियात बरतने की समझाइश दिया गया ।

एक लाख पचास हजार रुपए का स्वेच्छा अनुदान

कवर्धा-(नवप्रदेश)। मुख्यमंत्री सहायता कोष से गंभीर इलाज के लिए धुरवा राम मार्कण्डेय ग्राम मगरवाह सहसपुर लोहारा ब्लाक,जिला कबीरधाम के निवासी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से हार्ट सर्जरी के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केबिनेट मंत्री मो. अकबर, एवं जिला अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के अनुसंशा एवं उनके प्रयास से एक किसान को उनके इलाज के लिए एक लाख पचास हजार रुपए का स्वेक्छा अनुदान दिलवाया। जिससे उस किसान को एक नया जीवन मिला जिसके लिए उनके पुत्र राजेन्द्र मार्कण्डेय एवं उनके परिवार मुख्यमंत्री,स्वास्थ मंत्री .टी. एस.सिंह देव , मोहम्मद अकबर केबिनेट मंत्री, नीलू चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कबीरधाम का परिवार उनका आभारी रहेंगे।

मानसून के आते ही खेते मैदान में छाई हरियाली

- सुदूर वनांचल ग्राम ढोलपिट्ठा की बैगा जनजाति को शासन से मिला वन अधिकार पट्टा, जीवन में आया नया मोड़ नया परिवर्तन
- जमीन पर कर रहे हैं धान की खेती

राजनांदगांव। बारिश के आते ही मौसम खुशनुमा हो गया है। जर्द पत्ते हरी रंगत ले रहे हैं, शाखों पर रंग बिरंगे फूल खिल रहे हैं और धरती हरियाली की चादर ओढ़े हुई है।

इस बरस तो छुईखदान विकासखंड के देवपुरा ग्राम पंचायत के सुदूर वनांचल ग्राम ढोलपिट्ठा के निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के चेहरों पर एक अलग ही उमंग और उत्साह है। यह खुशी है शासन की ओर से ढोलपिट्ठा गांव के बैगा जनजाति को वन अधिकार पट्टा मिलने की। इस बरस बैगा जनजाति ने धान की फसल लेने की ठानी है और इस कार्य में लग गए हैं। कहीं रोपा तो कहीं निंदाई का कार्य तेजी से चल रहा है। बैगा जनजाति के जीवन में यह नया मोड़ आया है, जिसके परिवर्तन दूरगामी होंगे।

पहले तो जंगल में लघु वनोपज संग्रहण एवं मुर्गीपालन, बकरी पालन उनकी आजीविका का साधन था। शासन की ओर से मिली यह जमीन उनके लिए बहुत मोल रखती है, जिससे अब उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। गांव में 30 बैगा परिवार हैं और हर परिवार को 5 एकड़ एवं कुल 150 एकड़ जमीन मिली है, जिसमें वे खेती बाड़ी कर रहे हैं। गांव की ललिता, बजरहीन, मंगली और रेखा खेतों में निंदाई का कार्य कर रहीं हैं। ललिता कहती है कि अब हम भी दूसरों की तरह अनाज उगा सकेंगे। गांव की बुजुर्ग बेलो बाई खेतों में कड़ी मेहनत कर रही हैं। वे कहती हैं खेती करे बर जमीन मिले हे तो अब्बड़ बने लगथे। सरकार ल अब्बड़ धन्यवाद। किसान भक्ता धुर्वे बहुत खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि अपनी जमीन पर खेती करने की खुशी ही अलग है। सरकार के इस उपहार से अब हमारे जीवन में परिवर्तन आएगा। सुखियारी भी खेती किसानी के कार्य में लगी हुई थी। किसान टेकचंद मरकाम ने कहा कि अब दो फसल लगाए के मन हे, अउ साग भाजी भी लगाबो। वहीं किसान समल सिंह अपने खेत में स्प्रेयर से कीटनाशक का छिड़काव कर रहे थे।

वन विभाग, पंचायत एवं कृषि विभाग निरंतर उनकी तरक्की की दिशा में कार्य कर रहे हैं। बैगा परिवारों को मनरेगा के कार्यों से जोड़कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उनके विकास के लिए शासन की ओर से हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं।

अतिथि शिक्षक एवं अन्य पदों की पूर्ति हेतु आवेदन 10 अगस्त तक

कवर्धा-(नवप्रदेश)। जिला कबीरधाम में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेंगांव विकासखंड बोड़ला में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए निश्चित मानदेय पर अतिथि शिक्षक (पी.जी.टी.ध्टी.जी.टी.) एवं अन्य पदों की पूर्ति हेतु 10 अगस्त को सायं 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया है। रिक्त पदों में अतिथि व्याख्याता अंग्रेजी, अतिथि शिक्षक कला, ग्रंथपाल, संगीत, योग अनुदेशक, कम्प्यूटर अनुदेशक, काउंसलर एवं स्टॉफ नर्स के लिए एक-एक पद शामिल है।

क्वारन्टाईन सेंटर में फूलसिंह बैगा ने की आत्महत्या, एसडीएम ने कलेक्टर दिया तथ्यात्मक प्रतिवेदन

कवर्धा। बुधवार को पंडरिया विकासखंड के ग्राम दमगढ़ के क्वारन्टाईन सेंटर में एक प्रवासी मजदूर द्वारा आत्महत्या करने की खबर सामने आई थी। जिस पर एसडीएम पंडरिया ने कलेक्टर को तथ्यात्मक प्रतिवेदन दी है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया द्वारा दिए गए तथ्यात्मक प्रतिवेदन में बताया है कि ग्राम दमगढ़ तहसील पण्डरिया निवासी युवक फूलसिंह पिता किरनू जाति बैगा 19 वर्ष, कमाने-खाने कर्नाटक राज्य गया था। वहां से दिनांक 11 जुलाई 2020 को अपने निवास ग्राम वापस आने पर उसे ग्राम दमगढ़ के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बनाए गए क्वारन्टाईन सेंटर में रखा गया था, क्वारन्टाईन सेंटर में युवक फूलसिंह पिता किरनू को मिलाकर कुल 32 व्यक्ति थे। ग्राम दमगढ़ में क्वारन्टाईन सेंटर प्रारंभ किए जाने से घटना दिनांक 22 जुलाई 2020 तक कुल 31 व्यक्तियों को क्वारन्टाईन अवधि पूर्ण होने पर छोड़ा जा चुका था। घटना दिनांक को युवक फूलसिंह क्वारन्टाईन सेंटर में अकेला शेष रह गया था। आज उपस्थित ग्रामवासियों सरपंच एवं मृतक के परिजनों ने बताया कि इससे पहले भी 3 बार मृतक क्वारन्टाईन सेंटर से बिना अनुमति के निकल गया था, किन्तु ग्रामवासियों एवं परिजनों की समझाईश के बाद पुनः लौट आया था। युवक के पिता एवं भाई द्वारा मौखिक जानकारी दी गयी कि उक्त घटना के संबंध में युवक के पिता द्वारा उसे समझाने की कोशिश की गयी, समझाने के दौरान दोनो के बीच कुछ विवाद भी हुआ। उसी रात्रि को युवक फूलसिंह पिता किरनू द्वारा क्वारन्टाईन सेंटर के कक्ष में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी। गुरूवार को घटना स्थल पर जाकर प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में पुलिस द्वारा शव पंचनामा की कार्यवाही की गई। शव पंचनामा पश्चात ग्राम दमगढ़ में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

पंडरिया जनपद से सरपंच संघ के अध्यक्ष बने छन्नू कश्यप

पंडरिया (नवप्रदेश)। जनपद पंचायत पंडरिया के सरपंच संघ के हुए चुनाव में संघ से समर्थित छन्नू कश्यप ग्राम पंचायत पेंड्री खुर्द को उपस्थित सरपंचों ने सरपंच संघ के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है । ज्ञात हो कि 144 ग्राम पंचायतों के उपस्थित सरपंचों ने प्रत्यक्ष तौर पर बैठक कार्यवाही रजिस्टर में सील एवं हस्ताक्षर के द्वारा अपना अभिमत छन्नू कश्यप को देकर कुल 93 सरपंचों ने अपना समर्थन देकर उन्हें प्रत्यक्ष रूप से सरपंच चयनित किया । इस पंचवर्षीय कार्यकाल के सरपंच संघ के अध्यक्ष चुने जाने पर नवनिर्वाचित सरपंच ने समस्त 144 ग्राम पंचायतों के सरपंचों के अधिकार एवं उचित मांगों को लेकर तन मन धन से साथ देने की बात कही । साथ ही साथ जनपद पंचायत पंडरिया उप सरपंच श्रीमती मथुरा डोमन मरकाम को भी प्रत्यक्ष रूप से चयनित किया गया । चयन पश्चात उपस्थित सरपंचों को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि यथाशीघ्र सरपंच संघ का बैठक बुलाया जाएगा, जिसमें नए समस्त कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया जाएगा एवं सरपंच हित में निर्णय लिया जाएगा साथ ही साथ इस पूरे प्रक्रिया में छन्नू कश्यप के समर्थक आदि से अंत तक उनके सारी गतिविधि में सहभागी बने रहे।

उनके चयन पश्चात समर्थकों ने पटाखे फोड़ कर, फूल माला पहनाकर ,रंग गुलाल लगाकर छन्नू कश्यप का स्वागत किया। उन्होंने सरपंचों के अधिकार की लड़ाई में सभी सरपंचों को साथ देने की बात कही नवनिर्वाचित सरपंच छन्नू कश्यप को पंडरिया विधायक महोदया श्रीमती ममता चंद्राकर ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी। पूरे कार्यक्रम शांतिमय वातावरण में संपन्न हुआ साथ ही साथ सैनिटाइजर एवं मास्क का भी प्रयोग करते रहे इस चुनाव को लेकर छन्नू कश्यप के समर्थक गण काफी खुश नजर आए।

इमाम चौक के पास बिकेंगी गणेश प्रतिमा

राजनांदगांव। छग मूर्तिकार चित्रकार संघ के मूर्तिकारों ने निगम आयुक्त से मुलाकात की गई जिसमें 4 फीट से ऊंची प्रतिमा नहीं बनाने की हिदायत दी गई एवं छोटी प्रतिमा घर में स्थापित करने के लिए इमाम चौक स्थित फ्लाई ओवर के नीचे प्रतिमा विक्रय स्थल बनाने की अनुमति सभी मूर्तिकारों को दी गई। जिसके लिए महापौर हेमा देशमुख द्वारा भी अनुशंसा की गई। इस स्थल हेतु कलेक्टर से भी मुलाकात की गई जिसमें इमाम चौक के फ्लाई ओवर के नीचे प्रतिमा विक्रय स्थल हेतु सुनिश्चित किया गया, क्योंकि वर्तमान में कोविड-19 करोना संकट को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से शोसल डिस्टेंसिंग का पालन करने कहा गया। उपरोक्त जगहों पर मार्किंग निगम द्वारा किया जायेगा। वहीं पर सभी मूर्तिकारों की गणेश प्रतिमा विक्रय हेतु एक ही छत के नीचे (फ्लाई ओवर) पर स्टॉल दुकानें सजेगी। शहर के अंदर कहीं भी गणेश प्रतिमा विक्रय नही करना है, जिससे यातायात अवरूद्ध हो तथा भीड़ भाड़ की स्थिति उत्पन्न हो। अतः सभी मूर्तिकारों से अनुरोध है कि सभी एकजुट होकर फ्लाई ओवर के नीचे ही दुकाने लगावें। सभी के लिए व्यवस्था वहां पर रहेगी। आम जनता से भी निवेदन है कि अपने मन पसंद गणेश प्रतिमा यही से लेवें।

व्यापारी संघ अध्यक्ष ने की लॉकडाउन का पालन करने की अपील

डोंडी। डोंडी नगर पंचायत के लोगों से व्यापारी संघ अध्यक्ष गज्जू सोनी ने लॉकडाउन का पालन करने की अपील की है। कहा कुछ लोग लॉकडाउन का उल्लंघन कर रहे हैं। जिला के लोगों में फैल रहे कोरोना वायरस को गंभीरता से लेना चाहिए। इसके लिए पूर्ण लॉकडाउन का पालन करना अनिवार्य है। लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन और मॉस्क लगाने के साथ अन्य निर्देशों का पालन करना चाहिए। आज नगर में मॉस्क नहीं पहनने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। सड़क पर बेवजह घूम रहे लोगों की जांच की गई। नगर के चौराहों पर सुबह से ही पुलिस की तैनाती कर दी गई थी।नायब तहसीलदार नितिन ठाकुर, थाना प्रभारी अनिल ठाकुर,मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैया निर्मलकर सहित राजस्व निरक्षक भागवत साहू,सहायक विमल भुआर्य ने नगरीय सीमा क्षेत्र में घूम-घूमकर कई लोगों को लॉकडाउन का पालन करने की नसीहत देकर छोड़ा। सीएसी देवशंकर तारम, उदेराम प्रेमन, अजय देवगन उपस्थित रहे। दोनों ही बैठकों में जिला मीडिया सहयोगी परस राम झाड़े ने शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप अधिक से अधिक बच्चों को आनलाईन कक्षाओं में जोड़ने के लिए प्रेरित किया।

कोविड-19 के सैम्पल कलेक्शन प्रक्रिया में घोर लापरवाही मेडिकल लैब टेक्नॉलाजिस्ट संजीव कुमार नारंगे निलंबित

कवर्धा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने पंडरिया विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुण्डा के संजीव कुमार नारंगे मेडिकल लैब टेक्नॉलाजिस्ट को कोविड-19 के सैम्पल कलेक्शन प्रक्रिया में घोर लापरवाही बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन आदेश में बताया गया है कि यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचारण नियम 1965 के नियम (3) के विपरीत होने के कारण दण्डनीय है। श्री नारंगे को सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 नियम 9 (2) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया के आदेश के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया में वार्ड क्रमांक छह, सात एवं वार्ड क्रमांक आठ में निवासरत व्यक्तियों की कोरोना जॉच का सेम्पल लेने गए थे, इसी दौरान संबंधित कर्मचारी द्वारा कोविड-19 के सैम्पल कलेक्शन प्रक्रिया में घोर लापरवाही बरती गई है। निलंबन अवधि में मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किशुनगढ़ विकासखंड पंडरिया रहेगा तथा निलंबन के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

दिशा-निर्देश गणेश उत्सव के लिए गणेश की मूर्तियों की ऊँचाई अधिकतम 4 फीट होनी चाहिए

गिरदावरी ईमानदारी के साथ निर्धारित समय में पूरा करें: वर्मा

- कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

राजनांदगांव। कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर गिरदावरी एवं अन्य राजस्व प्रकरणों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। श्री वर्मा ने कहा कि इस वर्ष खरीफ फसल की बोनी लगभग पूरी हो गई है। धान खरीदी के पहले बोए गए खरीफ फसलों का रकबा सत्यापन किया जाएगा। किसानों के खेतों में पहुंचकर बोए गए फसल और रकबे की जांच की जाएगी। राज्य शासन के निर्देश के अनुसार 1 अगस्त से 20 सितम्बर तक गिरदावरी कार्य किया जाना है। इसके लिए सभी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी पूरी तैयारी कर लें। श्री वर्मा ने कहा कि गिरदावरी के

कार्य पूरी ईमानदारी से होना चाहिए। एक बार गिरदावरी होने के बाद रकबा परिवर्तन नहीं होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी काम किसानों की मौजूदगी में पारदर्शितपूर्ण किया जाना है। किसानों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को गिरदावरी की जानकारी पूर्व से ही दी जाए। इसके लिए गांव में मुनादी कराने के निर्देश दिए गए हैं। श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फिल्ड में जाकर लगातार निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि गिरदावरी के संबंध में पटवारियों की बैठक लें और आवश्यक कार्य के लिए निर्देशित करें। उन्होंने पटवारियों को सप्ताह के निर्धारित दिनों में मुख्यालय में रहने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा जितने क्षेत्रों में धान की बोनी की गई है। रिकार्ड में भी उतनी ही दर्ज होनी चाहिए। पटवारी खेतों में जाकर प्रत्यक्ष जांच करें। श्री वर्मा ने कहा कि गिरदावरी शत प्रतिशत शुद्धता के साथ होनी चाहिए। इसके लिए पटवारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाए। उन्होंने इसे अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिए हैं।

जितनी कड़ाई, उतनी ही ढिलाई!

लॉकडाउन के उल्लंघन के मामले में भाटापारा आया अव्वल नंबर पर

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा- हर काम में अव्वल रहने वाला यह शहर लॉकडाउन के नियमों के उल्लंघन के मामले में भी अव्वल आ चुका है। बीते 2 दिन में हुई जांच और छापे में मिले प्रकरण और अर्थदंड के आंकड़े इस बात को प्रमाणित करने के लिए काफी है। तीसरे दिन शहर के कारोबार ने करवट बदली और दूसरे रास्ते खोज लिए। कुछ जगहों पर घर पहुंच सेवा दी जाने लगी है तो कुछ एक ने पिछले दरवाजे से कारोबार की शुरुआत कर दी है।

लॉकडाउन के बीते दो दिनों में नियमों के उल्लंघन के जितने मामले सामने आए और अर्थदंड की राशि ली गई उसके बाद यह बात आईने की तरह साफ हो गई है कि अपना शहर नियम कायदों की परवाह नहीं करता। प्रथम दिवस का आंकड़ा जो 5 का था वह द्वितीय दिवस थोक में 147 पर जा पहुंचा। याने जांच या छापा कोई भी कार्रवाई हतोत्साहित नहीं करती ना ही नियमों के पालन का सीख देती है। बढ़ावा देती है कि जितनी बरतेंगे कड़ाई उतनी दिखाएंगे ढिलाई। कम से कम जांच की संख्या और अर्थदंड की राशि यही साबित करती है कि भाटापारा शहर नियमों को तोड़ने के मामलों में भी अव्वल है।

उल्लंघन का बनाया रिकॉर्ड

लॉकडाउन के प्रथम और द्वितीय दिवस पूरे जिले में सबसे ज्यादा 147 प्रकरण भाटापारा शहर में ही बनाया गया । अर्थदंड की राशि में भी यह शहर अव्वल रहा। यानि 1 लाख 37 हजार रुपए कारोबारियों ने पटाए। लॉक डाउन का उल्लंघन करने के मामले में सिमगा दूसरे नंबर पर रहा जहां 119 प्रकरणों में 9600 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। 118 प्रकरण के साथ कसडोल तीसरे नंबर पर रहा। यहां 13 हजार 7 सौ रुपए अर्थदंड के रूप में वसूले गए। बलोदा बाजार 59 प्रकरण के साथ चौथे नंबर पर हैं जिसने 28 हजार 300 रुपए अर्थदंड के रूप में पटाया। पलारी अपेक्षाकृत काफी शांत रहा। यहां 35 प्रकरण बने जिसमें 11 हजार एक सौ रुपए अर्थदंड की राशि वसूली गई।

स्वस्थ जीवन के लिए मास्क जरूरी है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार अलर्ट कर रहा है। मोबाइल पर लगातार मैसेज भी हर कॉल पर मिल रहे हैं लेकिन शायद यह केवल सुनने के लिए है तभी तो मास्क नहीं पहन कर घर से बाहर निकलने वाले भी सबसे ज्यादा भाटापारा में ही मिले। इसमें अर्थदंड भी जमा करवाया लेकिन तीसरे दिन यानी शुक्रवार को भी ऐसे नजारे आम रहे मतलब हर तीसरा व्यक्ति मास्क के बिना नजर आया।

अब पिछले दरवाजे से

सबक सिर्फ यही लिया गया है कि इस तरह की कार्रवाई से बचने के लिए दूसरे रास्ते तलाशे जा चुके हैं। यह पिछले दरवाजे से कारोबार के रूप में सामने आ रहा है तो कहीं पर घर पहुंच सेवा दी जाने लगी है। याने हर कड़ाई का विकल्प है। किसी एक खास वस्तु का नाम नहीं लिया जा सकता यह हर वस्तु के कारोबार में समान रूप से देखने में आने लगा है।

कोरोना बीमारी से जिले में हुई पहली मौत

भाटापारा। कोरोना बीमारी से जिले की आज पहली मौत दर्ज की गई है। बिलाईगढ़ तहसील के ग्राम परसाडीह निवासी एक 35 वर्षीय महिला की मेकाहारा रायपुर में इलाज के दौरान आज दोपहर मौत हो गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि महिला को विगत 14 तारीख को मेकाहारा में भर्ती कराया गया था। उन्हें गर्भाशय से जुड़ी और कई दिक्कतें थीं। जिसकी जांच के लिए वह मेकाहारा पहुंची थी। मेकाहारा में शंका के आधार पर उनका कोरोना जांच किया गया। कोरोना की पुष्टि होने पर तत्काल भर्ती कराकर इलाज शुरू कर दिया गया था। गंभीर अवस्था में होने की वजह से उन्हें वेन्टीलेटर पर रखा गया था। इस बीच स्वास्थ्य विभाग को आज दोपहर 2 बजे महिला के मौत की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि कोविड प्रोटोकाल के अनुरूप उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। दूसरी और सीएमएचओ ने बताया कि जिले के पलारी शहर में एक और कोरोना पॉजीटिव्ह मरीज सामने आया है। इसे मिलाकर जिले में कोरोना के पॉजीटिव्ह मरीजों की संख्या 318 पहुंच गई है। इनमें से 295 का इलाज हो चुका है। फिलहाल 22 मरीजों का जिला मुख्यालय के कोविड अस्पताल में इलाज जारी है। जिले के अब कोई भी मरीज रायपुर के एम्स अथवा मेकाहारा में नहीं हैं। सीएमएचओ डॉ. सोनवानी ने एक दफा फिर सभी लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन एवं मास्क बगैर बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

कोरोना की टेस्टिंग बढ़ने के साथ रिपोर्ट की जल्दी आवश्यकता

भाटापारा। कोरोना टेस्ट की अधिक से अधिक टेस्टिंग किये जाने की बात लगातार की जा रही है परंतु हालात वैसे नहीं है जैसे की बात की जाती है अकेले बलौदा बाजार भाटापारा जिले से अभी 600 से 700 लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट आनी बाकी है। छे - छे दिन तक जांच की रिपोर्ट नहीं आ पा रही है जिससे लोगों में भी काफी नाराजगी है। बलौदा बाजार भाटापारा जिले का सभी करोना सैंपल जांच हेतु एम्स रायपुर भेजा जाता है किंतु इस समय रिपोर्ट के बेहद धीमी गति से आने की वजह से लोग अच्छे खासे परेशान हैं। अनेक लोगों ने इस प्रतिनिधि के पास भी इस बात की शिकायत की है और नाराजगी व्यक्त की है इस मामले के संबंध में जब रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी से मोबाइल पर बात करके उन्हें इस मामले से अवगत कराया गया तो सांसद सुनील सोनी ने इस मामले में एम्स में बात करने की बात कही है वही जिला कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने भी इस मामले में एम्स से बात करने की बात कही है और जल्द से जल्द रिपोर्ट आ जाए इसके लिए प्रयास करने की बात कही है। पूरे जिले में लोगों को जांच कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है किंतु एक एक सप्ताह तक जांच की रिपोर्ट नहीं आने से लोगों ने कहा कि ऐसे में क्या फायदा है जांच कराने का इस मामले में जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी खेमराज सोनवानी ने बताया कि पूरे जिले से अभी 6 सात सौ लोगों की जांच रिपोर्ट आनी बाकी है कोशिश है कि जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट आ जाए। इस मामले को जिले के कलेक्टर को भी अवगत करा दिया गया है। अब धीरे-धीरे लोगों में जागरूकता लाई जा रही है और लोग जागरूक भी हो रहे हैं कि वे लोग अपना कोरोना टेस्ट करा लें इसीलिए जिले के सभी अस्पतालों में टेस्ट कराने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है परंतु जांच की रिपोर्ट सप्ताह सप्ताह भर नहीं आने की वजह से भी लोग अब कॅरोना टेस्ट कराने से पीछे हटने लगे हैं। लोगों का मानना है कि लॉकडाउन कर देना है केवल एकमात्र हल नहीं है इसके लिए टेस्टिंग बढ़ाने की आवश्यकता है इसलिए सरकार को टेस्टिंग बढ़ाने की ओर ध्यान देना चाहिए और जल्द से जल्द रिपोर्ट आ सके इसकी भी व्यवस्था करनी चाहिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

गांवों में स्वच्छता...

विद्यार्थियों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने स्कूलों के माध्यम से उत्कृष्ट निबंध सृजन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर पूर्व माध्यमिक और हाईस्कूल दो अलग-अलग वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता के दोनों वर्गों के विजेताओं को 21 हजार रूपए, 11 हजार रूपए और पांच हजार रूपए के क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर आयोजित उत्कृष्ट नारा लेखन प्रतियोगिता के तीन विजेताओं को 21 हजार रुपए, 11 हजार रुपए और पांच हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। दीवार लेखन प्रतियोगिता के तहत जिला स्तर पर स्वच्छाग्रही या स्वसहायता समूह के प्रतिभागियों द्वारा दस सर्वश्रेष्ठ लेखन को प्रत्येक को पांच हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

इन श्रेणियों में भी पुरस्कार :

प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायतों को जिला एवं राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तरीय विजेता को 21 हजार रूपए और राज्य स्तरीय विजेता को एक लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत काम कर रहे स्वसहायता समूहों में से उत्कृष्ट स्वच्छाग्रही समूह पुरस्कार के जिला स्तरीय विजेता को 21 हजार रूपए एवं राज्य स्तरीय विजेता को 51 हजार रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट बायोगैस संयंत्र पुरस्कार की विजेता ग्राम पंचायत को 51 हजार रूपए दिए जाएंगे।

करंट से हाथी की...

पूछताछ के दौरान आरोपित रंजीत केरकेट्टा ने स्वीकार किया कि करंट प्रवाहित तार उसी ने बाड़ी में लगा रखा था। 2013 से रंजीत हाथी से बचने के लिए ऐसा करते आ रहा है। मामले में आरोपी के खिलाफ वन्य प्राणी सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

राजभवन में गहलोत...

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल कलराज मिश्र से किसी दबाव में नहीं आकर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं करने पर जनता राजभवन को घेरने आ गई तो हमारी जिम्मेदारी नहीं होगी। एक होटल में ठहरे विधायकों के साथ राजभवन की ओर कूच करने के लिए निकले गहलोत ने पत्रकारों को बताया कि सत्र बुलाने के लिये मैंने राज्यपाल को कल ही पत्र सौंप दिया था और उनसे फोन पर भी बात हुई, लेकिन इस मामले में कोइ जवाब नहीं आया।

शिक्षाकर्मियों का संविलियन...

जायेगा। कोर्ट के फैसले के मुताबिक संविलियन किया जाएगा।

कांग्रेस भवन में हुई श्रद्धांजलि सभा

भाटापारा। महान शहीद चंद्रशेखर आज़ाद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगा धर तिलक की जयंती और अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री स्व बिसाहू दास महंत की पुण्यतिथि स्थानीय कांग्रेस भवन में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद बल्लू अग्रवाल की उपस्थिति में मनाई गई। इस दौरान हुई श्रद्धांजलि सभा को उपस्थित कांग्रेस के अनेक नेताओ ने उनकी पुरानी और उनके द्वारा किये गए कार्यो को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर नवनियुक्त आयोग के सदस्य सतीश अग्रवाल, शुशील शर्मा,सत्यनारायण जोशी,नरेश चौबे, भरत वर्मा, आलोक मिश्रा,भुवन सिंह ठाकुर, नानु सोनी,वैभव केशरवानी,राजेन्द्र वर्मा,जहीर बांठिया, अरुण यदु,विक्की ठाकुर,कमल किशोर ठाकुर,राजा तिवारी सहित अनेक कांग्रेसजन और महिला कांग्रेसजन उपस्थित थे।

केशरवानी मंगल भवन में हुआ वृक्षा रोपन

भाटापारा। लिंक रोड स्थित केसरवानी मंगल भवन में छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली के उपलक्ष में केशरवानी समाज के द्वारा गुरु गोत्र आचार महर्षि कश्यप जी की पूजा अर्चना की गई एवं केसरवानी मंगल भवन भाटापारा में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न किया गया इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ गरीबा लाल जी केसरवानी मोहनलाल जी केसरवानी कमलेश कुमार केसरवानी प्रदीप कुमार केसरवानी प्रवीण कुमार केसरवानी राजकुमार के शेखर दीपक राजा केसरवानी गोलू रजनीकांत केसरवानी संतोष केसरवानी प्रेम प्रकाश केसरवानी एवं आर्य केसरवानी आदि सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

गौठान और गौधन एक दूसरे के पूरक-सुशील शर्मा

भाठापारा- प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा ने आज ग्राम बिटकुली में गौधन न्याय योजना की शुरुवात करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की महत्वपूर्ण योजना नरवा गरुवा घुरवा बारी के तहत आपके गाँव मे जो गौठान निर्माण हुआ है वह गौधन के बिना अधूरा था आज गौधन न्याय योजना लागू करके इस अधूरेपन को दूर करने का कार्य भूपेश बघेल ने किया है क्योंकि गौठान और गौधन एक दूसरे के पूरक होते है, आज से इस गौठान में गौठान सीमित गौबर की खरीदी का कार्य प्रति किलो गौबर 2 रुपये के भाव से करेगी,खरीदी का समय सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा, महिला समूह के सदस्य गौबर का वर्मी कम्पोज खाद बनाकर 8 रुपये किलो में ग्राम के सोसायटी को विक्रय करेगी,गौठान का गौबर राउत के अधिकार में रहेगा,प्रत्येक गौठान सिमिति को हमारी प्रदेश की सरकार 10 हजार रुपये प्रति माह गौठान के साफसफाई,रख रखाव के लिये देगी,आपके दुवारा बेची गई गौबर की कीमत 15 दिवस में आपके खाते में जमा की जावेगी,आपको गौधन राशन कार्ड उपलब्ध कराके आपके दुवारा बेची गई गौबर की मात्रा और कीमत प्रतिदिन आपके गौधन राशन कार्ड में लिखी जायेगी, इस योजना का लाभ सभी किसानों,मज़दूरों,महिलाओं को मिलेगा,आप सभी मिलजुल कर इस महत्वपूर्ण योजना में भागीदारी निभाये और लाभ प्राप्त करें।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 312 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक तेजराम साहू पिता श्री दीनदयाल साहू निवासी कोसरंगी द्वारा ग्राम आरंग, प.ह.नं. 54 में स्थित भूमि खसरा नंबर 3413/16 रकबा 0.022 हे. का व्यपवर्तन/ पुर्ननिधार्रण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 0.022 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 31/07/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 309 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरिता वर्मा पति रामअवतार वर्मा, निवासी-पण्डरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम सेमरिया, प.ह.नं. 80/1 में स्थित भूमि ख.नं. 1147/3 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदिकागण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदिका द्वारा वादभूमि का रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 04/08/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 310 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कंचन साहू पति अजय साहू, निवासी-पण्डरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम सेमरिया, प.ह.नं. 80/1 में स्थित भूमि ख.नं. 1147/4 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदिकागण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदिका द्वारा वादभूमि का रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 04/08/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 314 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालमुकुंद शर्मा पिता स्व. श्री जीवाराम शर्मा निवासी आरंग, प.ह.नं. 54 में स्थित भूमि खसरा नंबर 3333/17 रकबा 0.010 हे. का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 0.010 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन वाणिज्यिक प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 31/07/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

लोन लेने के लिए ITR बनवाएं मात्र 500/- में

ITR GST

हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।

G.S.T. रिटर्न — Food Licence
इनकम TAX फाइल — M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड — प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस — डिजिटल सिग्नेचर

शेखर गुप्ता 9300755544
ONLY TDS.COM 8878655544

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 313 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमरसिंह साहू पिता श्री टीकाराम साहू वगै. निवासी चरौदा, द्वारा ग्राम आरंग, प.ह.नं. 54 में स्थित भूमि खसरा नंबर 3413/23 रकबा 0.0240 हे. का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 0.0240 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 31/07/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 315 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार पिता श्री प्रहलाद निवासी आरंग द्वारा ग्राम आरंग, प.ह.नं. 54 में स्थित भूमि खसरा नंबर 3333/12, 3333/21 रकबा क्रमशः 0.012, 0.005 हे. कुल रकबा 0.01700 का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 0.1700 हे. भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन वाणिज्यिक प्रयोजन में करने का निवेदन किया है। उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 31/07/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 307 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशोदा धुरंधर पिता श्री आदूराम वर्मा निवासी खौना, धरसींवा रायपुर द्वारा ग्राम सेमरिया, प.ह.नं. 80/1 में स्थित भूमि ख.नं. 1145/1 का भाग रकबा 5000 वर्गफुट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 5000 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 31/07/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 306 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीर कुमार वर्मा पिता श्री विजय कुमार वर्मा निवासी सेजा, पो. बंदरपुर, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम नरदहा, प.ह.नं. 80/1 में स्थित भूमि ख.नं. 479/3 रकबा 1076 वर्गफुट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदक द्वारा वादभूमि का रकबा 1076 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 31/07/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 311 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती प्रीति ठक्कर उम्र 42 वर्ष, पति श्री जयेश ठक्कर (सामान्य वर्ग) 2- श्रीमती युक्ती राठौड़ पति अक्षय राठौर निवासी-112 देवेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम सेमरिया, प.ह.नं. 80/1 में स्थित भूमि ख.नं. 1147/2 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदिकागण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदिकागण द्वारा वादभूमि का रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 4/8/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 308 अ/2 वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती माण्डवी बघेल पति कृष्ण कुमार बघेल, निवासी-पण्डरी रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम सेमरिया, प.ह.नं. 80/1 में स्थित भूमि ख.नं. 1147/5 का भाग रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण किए जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है, वादभूमि आवेदिकागण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है, आवेदिका द्वारा वादभूमि का रकबा 2400 वर्गफुट भूमि का पुर्ननिर्धारण व्यपवर्तन आवासीय प्रयोजन में करने का निवेदन किया है, उक्त संबंध में किसी को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 04/08/2020 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/7/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया है।

सील — सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जिला-रायपुर (छ.ग.)

केंद्रीय हिन्दी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
पत्राचार माध्यम से हिंदी सीखें
प्रवेश सूचना : 2020-21

हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम में ऑफलाइन पंजीकरण हेतु आवेदन आमंत्रित है।

2. पंजीयन शुल्क : शुल्क केवल आईपीओ या बैंक ड्राफ्ट द्वारा प्रेषित किया जा सकता है।

पाठ्यक्रम	भारतीय मुद्रा में पाठ्यक्रम शुल्क	भारतीय मुद्रा में पाठ्यक्रम शुल्क	देय
हिंदी सर्टिफिकेट/ हिंदी डिप्लोमा	रु. 50/-	$ 50 अथवा समकक्ष	निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय
एडवांस हिंदी डिप्लोमा	रु. 200/	$ 200 अथवा समकक्ष	निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय

- आवेदन प्रक्रिया : विस्तृत विवरण के लिए https://www.chd.mhrd.gov.in वेबसाइट पर लॉग ऑन करें।
- अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई-मेल ccchdadmission@gmail.com या 011-26105211 Ext.227 पर संपर्क करें।

davp 21252/11/0004/2021

कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)

(निविदा आमंत्रण सूचना)

क्रमांक-4383/NIT-10/2020-21/नि.लि. दिनांक 16/07/2020

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04.08.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. विभाग से निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 06.08.2020 तक
3. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 11.08.2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 13.08.2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रु.में) :- रुपए 750.00
6. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र "A"
7. निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत 'द' से 'अ' श्रेणी तक
8. कार्य पूर्ण करने की अवधि :-31/03/2021 तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम No ofCalls	कार्य की अनु. लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
	आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत, लघुमूल गौण एवं जमा कार्य।	
10 T0069	1. केन्द्रीय जेल सेक्शन। (प्रथम आमंत्रण)	18.00 13500.00 270000.00
T0070	2. मेडिकल कॉलेज कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00
T0071	3. बी.एस.सी. नर्सिंग हॉस्टल, कॉलेज कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.00 7500.00 150000.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-82538/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2
रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ email: navpradesh@gmail.com,डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

मास्क पहने नजर आए तैमूर अली खान

नई दिल्ली। सैफअली खान और करीना कपूर खान के बेटे तैमूर की पॉप्युलैरिटी किसी स्टार से कम नहीं है। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। अब हाल ही में तैमूर की कुछ फोटोज सामने आई हैं जिसमें वह मास्क पहने नजर आ रहे हैं। तैमूर ने ब्लू टी शर्ट और जीन्स के साथ ब्लू कलर का मास्क पहना हुआ है। तैमूर की इस फोटो को फैन्स बहुत पसंद कर रहे हैं। साथ ही उन्हें ये देखकर अच्छा लगा कि तैमूर ने अच्छे से अपने चेहरे को मास्क से कवर किया हुआ है। तैमूर के साथ इस वक्त उनकी नैनी साथ थीं। दरअसल, एक शो के दौरान करीना ने कहा था, 'मैं काफी प्राउड होकर कह सकती हूं कि तैमूर सबसे खूबसूरत बच्चा है। मैं यह इसलिए नहीं कह रही क्योंकि वह मेरे बेटा है बल्कि इसलिए कह रही हूं क्योंकि वह काफी गुड लुकिंग है। मैं मानती हूं कि उसके पठान जींस हैं, लेकिन मैंने भी प्रेग्नेंसी के दौरान काफी घी खाया था'। सारा ने एक बार बताया था कि तैमूर उन्हें गोल बुलाते हैं। सारा ने कहा था, 'तैमूर जब भी मुझे देखता है तो वह मुझे गोल कहता है। मुझे नहीं पता वह गोल क्यों बोलता है क्योंकि अब तो मैं बिल्कुल भी गोल(मोटी) नहीं हूं।' सारा ने यह भी बताया था कि तैमूर, करीना को अम्मा, सैफको अब्बा और इब्राहिम को भाई कहता है। वहीं एक इंटरव्यू में सारा ने सैफ और तैमूर की बॉन्डिंग को लेकर कहा था, 'अच्छा लगता है जब पापा तैमूर के साथ एंजॉय करते हैं।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को साथ आने की जरूरत : रणदीप

मुंबई (वार्ता)। पर्यावरण बचाने की मुहिम में लगे बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को साथ आने की जरूरत है। रणदीप हुड्डा को उम्मीद है कि लॉकडाउन के बाद जब लोग दोबारा अपनी जिम्मेदारियां निभाना शुरू करेंगे तो वे अपने ग्रह को स्वस्थ बनाने के लिए भी अपनी भूमिका महसूस करेंगे। रणदीप 'रीस्टार्ट रिस्पॉन्सिबल' नाम से चल रहे एक अभियान का हिस्सा हैं।

रणदीप हुड्डा ने कहा ,÷यह अभियान मेरे दिल के करीब है, क्योंकि हम लोगों को कोई ऐसी प्रतिज्ञा लेने के लिए नहीं कह रहे हैं जिसका कोई विशेष नतीजा न मिले। हमारे अभियान का उद्देश्य लोगों को ऐसे कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है, जो उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में आसानी से जुड़ सकते हैं। इन छोटे कदमों का पर्यावरण पर समग्र प्रभाव बहुत बड़ा होगा।हम सभी को इसकी आवश्यकता है कि हम बेहतर हवा और पानी को सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाएं। प्रदूषण को कम करें। हम वनस्पतियों और जीवों के साथ इस ग्रह का एक हिस्सा हैं। यदि हम सभी इस तथ्य का सम्मान करते हुए आगे बढ़ते हैं, तो मुझे यकीन है कि हमारा कल बेहतर होगा।

सुशांत ने सहा था बहुत अपमान-कंगना

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के निधन को एक महीने हो चुके है। इस बीच कंगना रनौत नेपोटिज्म को लेकर कई सेलेब्स पर लगातार निशाना साध रही हैं। अब उन्होंने बताया है कि सुशांत की मौत के बाद उनकी अंकिता लोखंडे से बात हुई थी। उन्होंने कंगना को बताया कि सुशांत सिंह राजपूत का बहुत अपमान किया गया था। टाइम्स ऑफइंडिया के साथ इंटरव्यू में कंगना रनौत ने कहा, सुशांत सिंह के निधन के बाद मैंने अंकिता लोखंडे से कॉल पर बात की थी। मैं यह जानना चाहती थी कि सुशांत किस तरह की पर्सनैलिटी के थे और उनके साथ क्या हुआ था। अंकिता ने मुझे बताया कि कम समय में इतनी पॉप्युलैरिटी मिलने के बाद भी सुशांत जमीन से जुड़ा इंसान था।

दोस्ती के कारण इंडस्ट्री में टिके हुये हैं विद्युत जामवाल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड एक्शन स्टार विद्युत जामवाल का कहना है कि वह दोस्ती की वजह से ही फिल्म इंडस्ट्री में अबतक काम कर पा रहे हैं। विद्युत जामवाल इस बात को नहीं मानते हैं कि बॉलीवुड में दोस्त नहीं बन सकते हैं। विद्युत का कहना है कि वह किसी स्टार के बेटे नहीं हैं और दोस्ती के कारण ही इंडस्ट्री में टिके हुए हैं। विद्युत ने कहा, ÷मैं जब से इस इंडस्ट्री में आया हूं। मैंने सुना है कि आप इंडस्ट्री में अच्छे दोस्त नहीं बना सकते। मुझे इस धारणा पर विश्वास नहीं होता। मैं किसी स्टार का बेटा नहीं हूं। मैं सिर्फदोस्ती के कारण यहां टिक सका हूं। विद्युत की फिल्म 'यारा' रिलीज के लिए तैयार हैं। इस फिल्म की कहानी दोस्ती पर केंद्रित है। विद्युत जामवाल ने फिल्म में अपने सह-कलाकारों अमित साध, केनी बासुमतारी और विजय वर्मा के साथ के अनुभवों की चर्चा की। उन्होंने कहा, ÷मैं कह सकता हूं कि ये लोग मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। जब आप फिल्म देखते हैं तो आप देख सकते हैं कि कुछ भी नकली नहीं है।÷

तिग्मांशु धुलिया निर्देशित 'यारा' फ्रेंच फिल्म 'गैंग स्टोरी' की रीमेक है। यह फिल्म 30 जुलाई को ऑनलाइन प्लेटफार्म जी5 पर रिलीज होगी।

सोनू सूद ने विदेश में फंसे कई मेडिकल छात्रों को पहुंचाया घर



मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने विदेश में फंसे कई मेडिकल छात्रों की वतन वापसी में मदद की है।

कोरोना काल में सोनू एक बार फिर जरूरतमंदों के लिए सुपरहीरो साबित हुए हैं। लॉकडाउन में फंसे प्रवासी मजदूरों को उनके घर तक पहुंचाने के बाद सोनू सूद ने अब विदेश में फंसे मेडिकल छात्रों की घर वापसी में सहयोग किया है। सोनू ने किर्गिस्तान में फंसे करीब 1500 छात्रों की वतन वापसी के लिए निजी विमानन कंपनी स्पाइस जेट के साथ हाथ मिलाया है। किर्गिस्तान में फंसे कुछ छात्रों को लेकर गुरूवार देर रात एक फ्लाइट वाराणसी एयरपोर्ट पहुंची।

छात्रों की वतन वापसी पर सोनू सूद ने ट्वीट कर कहा, ÷ आज बहुत खुश हूं कि किर्गिस्तान से वाराणसी तक की पहली फ्लाइट ने आज उड़ान भरी। फ्लाइंग स्पाइस जेट को बहुत-बुहत धन्यवाद, जो उन्होंने मेरे मिशन को सफल बनाने में मेरी मदद की। अगली फ्लाइट किर्गिस्तान से वाइजेग के लिए 24 जुलाई को उड़ान भरेगी। सभी छात्रों से यह अनुरोध है कि वह जल्द से जल्द अपनी जानकारी हमसे साझा करें।

आखिरी टेस्ट के लिए आर्चर इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल

मैनचेस्टर (वार्ता)। इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को वेस्ट इंडीज के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले तीसरे और आखिरी टेस्ट के लिए अपनी 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया है।

25 वर्षीय आर्चर को पहले टेस्ट के बाद जैविक सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। वह पहले मैच के बाद अपने घर निकल गए थे जो प्रोटोकॉल का उल्लंघन था। आर्चर को इसके बाद पांच दिन आइसोलेशन में रहना पड़ा था, उन्होंने माफी मांगी थी और उन्हें लिखित चेतावनी दी गयी थी। उनके दो कोरोना टेस्ट नेगेटिव आने के बाद उनका तीसरे टेस्ट में शामिल होने का रास्ता साफ़ हो गया था। इंग्लैंड ने गुरूवार को उन्हें अंतिम टेस्ट के लिए टीम में शामिल कर लिया। सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। दूसरे टेस्ट में विश्राम पाने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन भी टीम में लौटे हैं।

उम्मीद है कि गेंद चमकाने का अलग तरीका ढूंढ लेंगे: तस्कीन

ढाका (वार्ता)। बंगलादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि गेंद को चमकाने के लिए कोई अलग तरीका ढूंढ लिया जाएगा।

कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गेंदबाजों के गेंद पर मुंह की लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। तस्कीन ने कहा, ÷गेंदबाज अब गेंद को चमकाने के लिए मुंह की लार का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं और गेंद को चमकाना बहुत जरुरी है क्योंकि इससे गेंद पुरानी होने पर रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, मैंने नए नियम के अनुसार खेलना शुरु नहीं किया है लेकिन मैंने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में इसे देखा है। सभी खिलाड़ी अलग तरीके से जश्न मना रहे हैं और गेंद को चमका रहे हैं।

डब्ल्यूटीए ने इस वर्ष चीन में होने वाले सभी टूर्नामेंट रद्द किए

बीजिंग (वार्ता)। डब्ल्यूटीए ने चीन में होने वाले अपने सभी सात टेनिस टूर्नामेंट को शुक्रवार को कोरोना वायरस के चलते रद्द करने का फैसला किया। डब्ल्यूटीए ने बयान जारी कर कहा, ÷चीन जनरल प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस के कारण इस साल देश में किसी अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन की मेजबानी नहीं करने के फैसले के कारण चीन में 2020 में होने वाले सभी डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट रद्द किए जाते हैं।ह्यह्यह्यह्य

पैरा एशियाई खेलों के तीन कांस्य पदक विजेताओं को 50-50 लाख

पंजाब के खेल मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढी ने पैरा एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले तीन खिलाड़ियों को गुरूवार को यहां सम्मानित किया गया और उन्हें डेढ़ करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की।

चंडीगढ़ (वार्ता)। पैरा एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को मान्यता देने और पदक विजेताओं को नकद राशि प्रदान करने की राज्य सरकार की वचनबद्धता को पूरा करते हुये खेल मंत्री सोढी ने तीन खिलाडि़यों को 1.5 करोड़ रुपए की राशि के साथ सम्मानित किया। जकार्ता (इंडोनेशिया) में 6 से 13 अक्तूबर, 2018 के दौरान हुए तीसरे पैरा एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले पावरलिफ्टर परमजीत कुमार (जालंधर), शॉट-पुटर मुहम्मद यासिर (संगरूर) और बैडमिंटन खिलाड़ी राज कुमार (पटियाला) को 50 -50 लाख रुपए की राशि प्रदान की गयी।

सोढी ने तीनों खिलाडि़यों को अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने और देश प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाडि़यों को वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचा और नौकरियों के मौके प्रदान करने समेत हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिया।

खेल मंत्री ने बताया कि पदक विजेताओं को नकद पुरुस्कारों के साथ सम्मानित करने के लिये खेल विभाग ने 1101 पदक विजेताओं की सूची बनाई है। इन खिलाडि़यों को पंजाब सरकार सितम्बर महीने तक 4,85,46,100 रुपए की पुरस्कार राशि के साथ सम्मानित करेगी। उन्होंने कहा कि पुरस्कारों को विभिन्न पदक वर्ग और खेल के आधार पर दिया जायेगा क्योंकि कोविड -19 महामारी के दौरान कोई बड़ा समारोह नहीं किया जा सकता।

उन्होंने बताया कि राज्य के खिलाडि़यों को खेल सुविधायें प्रदान करने के लिए व्यापक खेल नीति -2018 को मार्च 2019 में सूचित किया गया था, जिसके अंतर्गत नकद पुरस्कारों की राशि में चार गुना विस्तार किया गया। उन्होंने कहा कि खेल विभाग ने नयी नीति के अनुसार एशियाई और राष्ट्रमंडल खेल 2018 के विजेताओं को बढ़े हुए नकद पुरस्कार बांटे हैं। सोढी ने कहा कि इससे पहले एशियाई खेलों खेल के स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं के लिए नकद पुरस्कार क्रमवार 26 लाख रुपए, 16 लाख रुपए और 11 लाख रुपए दिए जाते थे, जिन्हें बढ़ा कर क्रमवार एक करोड़, 75 लाख रुपए और 50 लाख रुपए किया गया है। इसी तरह राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं का नकद पुरस्कार 16 लाख रुपए, 11 लाख रुपए और 6 लाख रुपए था, जिसको बढ़ा कर 75 लाख, 50 लाख और 40 लाख रुपए कर दिया गया है। खेल मंत्री ने कहा कि नयी खेल नीति के अंतर्गत पैरालम्पिक, पैरा एशियन और पैरा राष्ट्रमंडल खेल के सभी पदक विजेताओं को ओलंपिक, एशियन और राष्ट्रमंडल खेल के पदक विजेता खिलाडि़यों के बराबर नकद पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

19 सितंबर से यूएई में हो सकता है आईपीएल

नई दिल्ली (वार्ता)। बेशुमार दौलत से भरपूर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सत्र का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में 19 सितंबर से आठ नवंबर तक हो सकता है। आईपीएल का आयोजन इस साल 29 मार्च से होना था लेकिन कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन और यात्रा प्रतिबंध के चलते भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया था। आईपीएल संचालन परिषद के चैयरमैन बृजेश पटेल ने क्रिकबज को बताया कि आईपीएल का आयोजन यूएई में 19 सितंबर से हो सकता है जिसका फाइनल आठ नवंबर को होगा। इसके लिए हालांकि भारत सरकार से इजाजत का इंतजार है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्वकप को कोरोना के कारण स्थगित करने का फैसला किया था जिसके बाद बीसीसीआई के लिए इस विंडो में आईपीएल कराने का रास्ता साफ हो गया है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड और श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई को आईपीएल की मेजबानी करने का प्रस्ताव दिया था।

रन टू द मून में पूरी हुई 9,08,800 किमी की दूरी

मुम्बई (वार्ता)। कोविड-19 महामारी के दौरान मुश्किलों से घिरे कोचों और स्पोटर्स सपोर्ट स्टाफकी मदद के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस और एनईबी स्पोटर्स की पहल पर 15 देशों के 14 हजार से अधिक धावकों ने मदद का हाथ बढ़ाया और एक अभूतपूर्व रेस रेस रन टू द मून में हिस्सा लिया। इस रेस में धावकों ने 30 दिनों में कुल 9,08,800 किमी की दूरी तय की और 19 लाख रुपये चैरिटी में जुटाए।

आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस और एनईबी स्पोटर्स की इस पहल को भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद, अर्जुन अवार्डी अश्विनी नचप्पा और मालथी होला का साथ मिला। इस रन को रन टू द मून नाम दिया गया और इसका आयोजन 21 जुलाई को इंसान के चांद पर पहुंचने की 51वीं वर्षगांठ के सिलसिले में किया गया। रेस 21 जुलाई को पूरी हुई थी।

इस रेस का आयोजन दुनिया भर में लगभग एक साथ हुआ। इस रेस के तहत प्रतिभागियों को 3.84 लाख किलोमीटर की दूरी तय करनी थी जो धरती और चांद के बीच की दूरी है लेकिन प्रतिभागियों ने नौ लाख आठ हजार 800 किमी की दूरी तय कर डाली। प्रतिभागियों ने निर्धारित दूरी से दोगुनी दूरी पूरी कर डाली। उन्होंने पहला चरण छह जुलाई को पूरा कर लिया था और 18 जुलाई तक इस उपलब्धि को फिर दोहरा दिया। द्रोणाचार्य अवार्डी गोपीचंद ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा, ÷मौजूदा संकट ने सचमुच कोचों और स्पोटर्स सटाफ को प्रभावित किया है। मैं रन टू द मून के सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने इतना जोश दिखाया और नौ लाख किमी से ज्यादा की दूरी तय कर डाली।÷

350 से अधिक धावकों ने एक महीने के समय में 300 किमी की दूरी नापी जबकि 800 से अधिक धावकों ने 250 किमी, 1000 से अधिक धावकों ने 150 किमी और 6000 से अधिक धावकों ने न्यूनतम 65 किमी की दूरी नापी।

मैंने गलती की और चाहता हूं इससे सभी सीख लें: शाकिब

ढाका (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार रोधी संहिता का उल्लंघन कर प्रतिबंध झेल रहे बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का कहना है कि उन्होंने गलती की थी और वह चाहते हैं कि उनकी इस गलती से सभी खिलाड़ी सीख लें। पिछले साल अक्टूबर में शाकिब ने अपने ऊपर लगे आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता की तीन धाराओं तो तोड़ने के आरोप को स्वीकार किया था जिसके बाद उन पर खेलने से प्रतिबंध लगा दिया था। उनका प्रतिबंध इस साल 29 अक्टूबर को खत्म हो रहा है जिसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। शाकिब ने कहा, आपको ईमानदार होना पड़ेगा। आप लोगों से झूठ नहीं बोल सके। जो कुछ भी हुआ वो हुआ। लोग गलतियां करते हैं। आप 100 फीसदी सही नहीं हो सकते। यह जरुरी है कि आप इन गलतियों से किस तरह सीख ले रहे हैं। आप लोगों को ऐसी गलतियां नहीं करने के लिए कहें। आप उन्हें रास्ता दिखाएं जिससे वे गलत रास्ते पर नहीं जाएं। उन्होंने कहा, अगर यह किसी और के साथ होता तो मैं इससे सीख लेता लेकिन यह मेरे साथ हुआ है और अन्य लोगों को मुझे देख इससे सीख लेनी चाहिए। मैं पहले दिन से ईमानदार रहना चाहता था।

कोरोना के चलते बाजार सुना, पर्व फीका पड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। कोरोना काल में तीज पर्व भी फीका हो गया है। गत वर्षों तक तीज की पूर्व संध्या पर गुलजार रहने वाले बाजार गुरुवार को खाली नजर आए। महिलाओं ने जरूरत के अनुसार काम चलाऊ खरीददारी की। इससे व्यापारियों को खासा नुकसान झेलना पड़ा है।

कोरोना काल ने बाजार के साथ त्योहारों की रंगत को भी प्रभावित कर दिया है। तीज जैसे प्रमुख पर्व पर भी इस बार बाजारों की रंगत गायब रही। जबकि, हर वर्ष तीज पर्व से एक सप्ताह पहले ही तैयारियां शुरू हो जाती थी। महिलाएं संजने संवरने के लिए खरीदारी के साथ ब्यूटी पॉलरों में डेरा डाल देती थी। इतना ही नहीं, विभिन्न महिला संगठन क्षेत्र के होटलों और धर्मशालाओं में तीज कार्यक्रम आयोजित करते थे। जिसमें रंगारंग कार्यक्रमों के साथ

महिलाएं झूला भी झूलती थी। लेकिन, कोरोना संक्रमण के चलते पर्व की रंगत फीकी पड़ गई है।

मेहंदी का कारोबार करने वाली रीना अग्रवाल ने बताया कि कोरोना संक्रमण के चलते इस बार व्यापार चौपट हो गया है। इस बार मेहंदी रचाने के लिए महिलाएं घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करती थी। लेकिन, इस बार व्यापारियों को ग्राहकों के आने का इंतजार करना पड़ रहा है।

न्यूज गैलरी

डॉ. महंत रामसुंदर दास को गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बनने पर वैष्णव समाज में हर्ष, दी बधाई

अर्जुनी। दूधाधारी मठ एवं भगवान शिवरीनारायण मठ पपीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राजेश्री डॉक्टर महंत रामसुंदर दास को छत्तीसगढ़ शासन में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने पर वैष्णव समाज में हर्ष व्याप्त है तथा शासन के आदेश का स्वागत किया है। राजेश्री पूर्व में भी छत्तीसगढ़ राज्य संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं ,ज्ञात हो कि वे पामगढ़ विधानसभा जैजैपुर भी से दो बार विधायक रह चुके हैं महंत गौ सेवा कार्य में मठ मंदिर की परंपरा के अनुसार हमेशा लगे रहते हैं। वंही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महंत रामसुंदर दास को छत्तीसगढ़ शासन में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष बनाए जाने पर श्री वैष्णव महासभा के युवा अध्यक्ष श्री प्रतुल वैष्णव, श्री वैभव वैष्णव, श्री सुरेन्द्र बैरागी एवं अन्य वैष्णव जन भी उपस्थित रहे। साथ ही बलौदाबाजार जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव व बलौदाबाज़ार से प्रणव अवस्थी एवं मोहन साहू भी उपस्थित थे।

बलौदाबाजार जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव ने सुरेन्द्र शर्मा को दी बधाई

अर्जुनी। बलौदाबाजार जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव व कार्यकर्ताओं ने सुरेंद्र शर्मा को राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके निवास पहुँच कर उन्हें शुभकामनाए दी। इस मौक़े पर प्रतिनिधि योगेश वर्मा ग्राम पंचायत रवान सरपंच विजय वर्मा , उपसरपंच रोहित वर्मा , ओमप्रकाश लहरी जी भी मौजूद रहे।

बैंक के डिप्टी जनरल मैनेजर ने कलेक्टर को सौंपा मास्क और सेनेटाइजर

महासमुंद। कोविड-19 की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए हर कोई अपने-अपने स्तर पर भरपूर प्रयास कर रहा है। देश की पंजाब

नेशनल बैंक भी इस कार्य में आगे आयी है। बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक के डिप्टी जनरल मैनेजर एमएल चंदना ने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल से मुलाकात की और उन्हें मास्क और सैनेटाइजर सौंपे। इस मौके पर महासमुंद पंचाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक विनयक कुमार भी मौजूद थे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बैंक के इस काम की प्रशंसा करते हुए चंदना को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मास्क एवं सैनेटाइजर गरीब, जरूरमंद को उपलब्ध कराये जाएंगे। डिप्टी जनरल मैनेजर चंदना ने बताया कि पूरे देश के हर जिले में बैंक की ओर से यह उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसके अलावा कोराना वायरस के संक्रमण से बचाव और इलाज के उपयोग में आने वाली विभन्न सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह कार्य इसी माह से शुरू किया गया और यह सितम्बर माह तक चलेगा।

क्रय धान भुगतान के एवज में दिया चेक बाउंस

महासमुंद। गबन के आरोप में बागबाहरा पुलिस ने गुरुवार को राकेश को गिरफ्तार किया। इस मामले में 14 अक्टूबर को शिकायत हुई थी। थाना प्रभारी स्वराज त्रिपाठी के अनुसार धान खरीदी के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी के इस मामले में बागबाहरा थाने में कृषि उपज मण्डी समिति बागबाहरा के मण्डी निरीक्षक द्वारा की गई शिकायत में लगभग 61 लाख रुपये गबन का मामला दर्ज था। बागबाहरा, पिथौरा तथा महासमुन्द मण्डी क्षेत्र के किसानों ने मण्डी कार्यालय बागबाहरा में लिखित शिकायत दर्ज कराई बाद मंडी ने पुलिस से शिकायत की। मिली जानकारी के अनुसार रबी फसल का धान राकेश चौहान (चण्डी मेडिकल बागबाहरा) ने क्रय किया है तथा क्रय धान के भुगतान के एवज में चण्डी मेडिकल बागबाहरा के नाम से चेक दिया जिसे किसानों द्वारा बैंकों में जमा करने पर चेक बाउंस हो गया। जानकारी मिली है कि राकेश चौहान मंडी समिति, बागबाहरा का अनुज्ञप्तिधारी भी नहीं था। आरोपी के द्वारा 61 लाख 88 हजार 650 रुपये 50 पैसे का धान का कारोबार करते हुए शासन एवं मंडी समिति को आर्थिक क्षति पहुंचाई।

रुपए के लेनदेन को लेकर मारपीट, काउंटर रिपोर्ट दर्ज

महासमुंद। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहरीनडोंगरी में लेनदेन की बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ा कि दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गांव के नीलाम्बर पटेल (43) ने दुर्योधन भोई पर और दुर्योधन भोई ने नीलाम्बर पटेल पर पंचायत की बैठक के दौरान रुपए की लेनदेन की बात को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

महासमुंद। पदमपुर रोड पर गांजा तस्करी करते हुए बसना पुलिस ने फिर एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रास्ते में घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बिलासपुर निवासी मुस्तफा खान पिता हारुन रशीद खान (32) बताया। उसने पुलिस को बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 10 केबी 3135 से वह बिलासपुर से गांजा खरीदने के लिए यहां ओड़िशा आया था। पुलिस ने जांच के दौरान 5.100 किलो गांजा कीमत 25500 और 40 हजार रुपए कीमत की बाइक व एक नग मोबाइल कीमत 5 हजार रुपए जब्त कर एनडीपीएस एक्ट 20 (बी) के तहत कार्रवाई की।

बिजली गिरने से महिला और करंट से पुरूष की मौत

महासमुंद। दो अलग-अलग मामले में जिले में एक महिला और एक पुरूष की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक तेंदूकोना निवासी केसरी दीवान पति रोहित दीवान (32)खेत से काम कर वापस लौट रही थीं। बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। इसी तरह बसना के वार्ड 15 निवासी सुकलाल बर्मन (38) घर पर कूलर बना रहा था करंट लगने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

अनियमित कर्मचारियों ने वर्चुअल रैली के माध्यम से शासन-प्रशासन के समक्ष रखी पांच सुत्रीय मांगे

■ **23 जुलाई को क्रांति दिवस के रूप में मनाया**

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के द्वारा 23 जुलाई को क्रान्ति दिवस के रूप मे मनाते हुए अपनी 5 सूत्रीय माँगों को लेकर वर्चुअल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें महासंघ के फेसबुक से प्रदेश के पांच हजार से अधिक अनियमित कर्मचारियों को जोड़ते हुये संबोधित किया गया। साथ ही प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम अपनी 5 सूत्रीय माँगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। यह पहला अवसर था जब अनियमित कर्मचारी अपनी माँगों को लेकर सोशल मीडिया का सहारा लिया गया। महासंघ के प्रातांध्यक्ष गोपाल गिरी गोस्वामी सहित अन्य 15 पदाधिकारियो ने वर्चुअल रैली को संबोधित किया। जिसमें कांग्रेस सरकार द्वारा अपने घोषणा पत्र में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, किसी भी कर्मचारी की छटनी नहीं करने तथा आउटसोर्सिंग बंद करने को लेकर किए गए वादे को दोहराया गया।

प्रातांध्यक्ष गोस्वामी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अनियमित कर्मचारियो के साथ वादाखिलाफी की। उसे नियमित करने बजाय प्रशासन द्वारा उनकी छटनी कराई जा रही है, जो कि न्ययोचित नही। इस दौरान उन्होने मुख्यमंत्री से किसी भी अनियमित कर्मचारियों की छंटनी, सेवा समाप्त नहीं किये जाने के साथ ही किसी प्रकार की शिकायत पर नियमित कर्मचारियों की भांति नोटिस जारी, जांच प्रक्रिया एवं दोषी पाये जाने पर निलंबन की कार्यवाही संबधित अधिसूचना व दिशा निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया। उन्होने बताया कि प्रदेश में कार्यरत अनियमित कर्मचारी व अधिकारी के नियमितिकरण करने, विगत 4-5 वर्षों से निकाले गए अनियमित कर्मचारियों को बहाल करने, छटनी न किये जाने, शासकीय सेवाओं में आउटसोर्सिंग, ठेका प्रथा को पूर्णतः समाप्त कर कर्मचारियों का समायोजन करने, अंशकालिक कर्मचारियों को पूर्णकालीन करने वादा के विपरित सरकार द्वारा किसी प्रकार का प्रावधान, घोषणा नहीं होने से काफी निराश है।

एक ही परिवार के सभी सदस्य हुए कोरोना वायरस से संक्रमित

गरियाबंद। जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है फिर जिले में चार संक्रमित मरीज सामने आए हैं, जानकारी के मुताबिक सभी चारों संक्रमित मरीज परिवार के एक संक्रमित मरीज के संपर्क में थे जिसके चलते एक ही परिवार के सभी सदस्य संक्रमित हो गए है, वही बीएमओ की बेटी भी इनके संपर्क में आने पर संक्रमित हो गयी। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी एआर नवरत्ने ने बताया कि छूरा में स्वास्थ्य विभाग से जो कर्मचारी संक्रमित मिला था, उसके परिवार के सैंपल की जांच की गई, जिसमें उसके परिवार के सभी सदस्य संक्रमित पाए गए। उनकी पत्नी और दो बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वही छूरा बीएमओ की बच्ची भी संक्रमित हो गई है। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य कर्मचारी के बच्चे और बीएमओ की बच्ची एक साथ खेलते थे, जिसके चलते वह भी संक्रमण की चपेट में आ गई है। हालांकि राहत की एक बात यह रही कि एक जनप्रतिनिधि और पुलिसकर्मी के अलावा छूरा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी के कांटेक्ट में आए सभी 187 लोगों की सैंपल जांच की गई थी। चार को छोड़कर बाकी सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इनमें जिले के बड़े अधिकारी,जनप्रतिनिधि, व्यापारी और पत्रकार शामिल है जिनकी रिपोर्ट नेगिटिव आई है।

बेरोजगार हरदेव सिन्हा की मौत की जिम्मेदार भुपेश सरकार : सोनटेके

गरियाबंद। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्मदाह करने वाले बेरोजगार हरदेव सिन्हा की मौत के जिम्मेदार भूपेश सरकार और उसके झूठे वादे है। मुख्यमंत्री भुपेश बघेल और कांग्रेस ने सत्ता में आने के पहले युवाओ और बेरोजगारो को कई हसीन सपने दिखाए परंतु सत्ता मे आने के बाद सारे वादे खोखले और झूठे निकले। जिसके चलते बेरोजगारी से परेशान एक युवक ने मुख्यमंत्री निवास के सामने ही आत्मदाह कर लिया है। मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने कहा कि एक ओर कांग्रेस घड़ियाली आसु बहाकर परिवार के प्रति संवेदना जाहिर कर रही है दूसरी और मृतक हरदेव सिन्हा को मानसिक रूप से बीमार बताकर अपने ग्रसित मानसिकता को भी उजागर कर रही है। उन्होने कहा कि दोहरी मानसिकता चरित्र उजागर होने के बाद भुपेश सरकार अपने झुठे वादो के लिए प्रदेश के बेरोजगारो से माफी मांगे। श्री सोनटेके ने मृतक हरदेव सिन्हा के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए भुपेश सरकार से मांग की है कि वे हरदेव सिन्हा के परिवार को बीस लाख रूपए आर्थिक मुआवजा दे साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दे।

गांजा तस्करी, आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

गरियाबंद। जिले में गांजा तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे है। फिंगेश्वर पुलिस ने एक बार फिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। तस्कर गांजा की खेप को ले जा रहा था जिसे फिंगेश्वर पुलिस ने रास्ते मे ही दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर पुलिस को मुखबिर से एक लाल सफेद रंग के पीकप वाहन में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ले जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना फिंगेश्वर पुलिस स्टाफ के द्वारा घटना स्थल तरजुंगा मोड़ चौक के पास पहुच कर घेराबंदी की गयी और पीकप वाहन को चेक करने पर गांजा जब्त किया गया। थाना प्रभारी वेदवती दरियो ने बताया कि जामगांव निवासी 22 वर्षीय आरोपी नारायण रोहिदास पिता भुवन रोहिदास के कब्जे से 06.16 किग्रा मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है। जिसे आरोपी पिकअप वाहन में रखकर ले जा रहा था। पुलिस ने उसकी पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नॉरकोटिक्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है। उक्त कार्यवाही में सउनि हेमकुमार ठाकुर, खम्भन साहू, भुषण कुमार निषाद, गिरवर ठाकुर, सैनिक कामता बांधे, हरिशंकर निर्मलकर और कुलेश्वर साहू का सराहनीय योगदान रहा।

अड़सेना में गोठान समिति में मनमानी

खरोरा। सरपंच संघ तिल्दा के उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत अडसेना के सरपंच डॉक्टर तेज रामपाल ने बताया कि आज से लगभग 3 माह पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के आदेश अनुसार अडसेना में गोठान समिति का गठन किया जाना था जिसमें पंचायत प्रस्ताव के माध्यम से ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन कर 40 लोगों का नाम मांगा गया था उसमें पंचायत सभी की अनुशंसा कर उसी में से 13 लोगों का नाम चयन करना था किंतु जिसका नाम पंचायत प्रस्ताव में नहीं है उसको का गओठान समिति का अध्यक्ष बना दिया गया है जो की पंचायत प्रस्ताव तथा ग्राम सभा की ओर उपेक्षा है जिसके चलते ग्राम पंचायत के सदस्य (पंचगण) व ग्राम सभा सदस्य के लोग अब अपनी रुचि गओठान से हटा दिया है जिसके चलते शासन की महत्वकांक्षी योजना की समक्ष जवाबदेही समिति गठन करने वाले शासन की होगी ग्रामीणों और पंच सरपंच की कोई जवाबदेही नहीं है इस संबंध में सरपंच संघ में भी प्रस्ताव पारित कर इनकी विरोध किया जाएगा।

बिढिया में वृक्षारोपण किया गया

खरोरा। ग्राम पंचायत बिढिया में गोठान का उद्घाटन किया गया व साथ ही पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था जिसमे गांव में अनेको फलो के वृक्ष का रोपण किया गया है इस कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक अनिता शर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा टिकेश्वर मनहरे,सरपंच लक्ष्मी बलराम साहू, उपसरपंच दिनेश साहू, पंचगण एवं सचिव शिवचरण वर्मा ,रोजगार सहायक अरविंद बांधे उपस्थित रहे ।

आदर्श युवा संघ केसला द्वारा नई पहल पुरानी किताब दो नया ले जाओ

खरोरा। खरोरा समीप्रसत ग्राम केशला के आदर्श युवा संघ ने शुरू की नई पहल जिसके तहत पुराने साल की किताबें लो व उसके बदले नए वर्ष की क़िताबों लो ।

गौर करने वाली बात यह है कि यह कार्यक्रम गांव के कुछ युवाओ का ग्रुप अपने जेब खर्च के पैसे से कर रहा है जिसकी तारीफ गांव के पंच नीलेश ग़ोयल ने भी की वही पंच ग़ोयल ने आगे कहा कि आदर्श युवा संघ ग्राम में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है चाहे वो सब्जी मंडी में सेनेटाइजर बाटना हो या कोरोना जागरूकता के लिए रैली निकलना इन युवाओं का जल्द करेंगे संम्मान वही आदर्श युवा संघ के सदश्य संजय सेन ने बताया कि कोरोना काल मे बच्चे स्कूल नही जा पा रहे है लेकिन पढ़ाई बहुत जरूरी है इसलिए उन्होंने यह पहल शुरू की व वो साथ मे सेनेटाइजर का छिड़काव भी कर रहे।

कोसरंगी बजरंग दल के द्वारा गायो की पूजा कर हरेली त्योहार मनाया गया

खरोरा । खरोरा के निकट ग्राम कोसरंगी में बजरंग दल के युवाओं ने हरेली त्योहार के शुभअवसर पर गायो की पूजा अर्चना की और साथ ही साथ गायो के गले मे लाल रंग की पट्टा भी लगाया गया यह पट्टा लगाने का मुख्य उद्देश्य रात के समय दुर्घटना होने से भी बचाने के काम आएगी इस गौ पूजन के कार्यक्रम में कोसरंगी के बजरंग दल के समस्त सदस्य एवं कोसरंगी पंचायत के जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश यादव, चुम्मन साहू, एवं सुमीत साहू का भरपूरमात्रा में योगदान रहा।

कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों का होगा प्रचार-प्रसार

■ **घटना संसदीय सचिव ने किया सोशल मीडिया सेंटर का शुभांरभ**

महासमुंद। संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कांग्रेस की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए कांग्रेस भवन के पास सोशल मीडिया सेंटर का शुभारंभ किया। इस दौरान युवा नेता आवेज खान के नेतृत्व में युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। सभी युवाओं का संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया।बुधवार को कांग्रेस भवन के पास युवा नेता आवेज खान द्वारा सोशल मीडिया सेंटर का शुभांरभ कार्यक्रम आयोजित था। मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में विजय साव, बादल मक्कड़, राजू कृष्णानी, हरबंश मक्कड़, अशरफ धनवानी, अब्दुल जावेद जाफरी, रईस अख्तर, अनूज सोनी, आबिद खान बावनकेरा, वकार अली मौजूद थे। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने सोशल मीडिया सेंटर का शुभांरभ किया।

बाद इसके आवेज खान के प्रयास व पहल पर गोकूल, थानसिंह, ईश्वर, ताराचंद, भकलू, अजय, अशोक, नंदू, बिहारी, नीलकमल, कमल, गुमान, रोशन, नरेश, गंगाराम, महेंद्र, सूरज, तोमन, सुकालू, विक्रम, जय भोई, सरजू, दीपक, शिवम, अरविंद, गणेश आदि ने कांग्रेस प्रवेश किया। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने सभी युवाओं को कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इसके पूर्व युवा नेता आवेज खान ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर को भगवान गणेश की मूर्ति के साथ ही तलवार भेंट की।

नदी-नालों एवं पुराने पुल-पुलियों को पार करते समय एहतियात बरतने कलेक्टर ने की अपील

■ **घटना की जानकारी होने पर तत्काल कंट्रोल रूम पर सूचना दें-कलेक्टर**

महासमुंद। जिले में बाढ़ से होने वाली जनहानि और धनहानि को रोकने के मकसद से जिला स्तर पर तैयारियां पिछले माह से शुरू कर दी गई है। मानसून के चलते भारी बारिश की संभावना को देखते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि नदी-नालों, पुराने पुल-पुलियां आदि को पार करते समय एहतियात बरतें। साथ ही आपदा की जानकारी मिलने पर जिला स्तरीय बाढ़ कन्ट्रोल रूम 07723-223305 में इसकी सूचना दें। यह कंट्रोल रूम चौबीसों घंटे काम कर रहा है। महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान विगत एक जून से आज 23 जुलाई तक 625 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। बागबाहरा तहसील में 771 मिलीमीटर, सरायपाली में 727 मिलीलीटर, बसना में 716 मिलीलीटर, महासमुंद तहसील में 514 मिलीमीटर और पिथौरा तहसील में 396 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

कलेक्टर गोयल ने जन सामान्य से कहा कि वे अपने शहर या गांव में बाढ़ की संभावना और विगत वर्ष में बाढ़ के सबसे उच्च स्तरों को जानें। अपनी बहुमूल्य वस्तुओं और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सुरक्षित रखें। अपने नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य तथा सहायता केन्द्र की जानकारी रखें। आपातकालीन किट तैयार करें, जिसमें सूखा खाद्य पदार्थ, पेयजल, आवश्यक दवाएं, रेडियो, टॉर्च, जरूरी कागजात, आपात दूरभाष नम्बर सूची, मोमबत्ती, माचिस, रस्सी आदि शामिल हों तथा इन्हें उपयोग हेतु चालू हालत में रखें। बाढ़ की संभावना को देखते हुए पालतू जानवरों को पहले से ही सुरक्षित तथा ऊंचे स्थानों पर भेज दें या जल स्तर बढ़ रहा हो, तो उन्हें खुला छोड़ दें। बाढ़ की चेतावनी मिलने पर उसका पालन करें, अपने पड़ोसियों को सूचित करें तथा सुरक्षित ऊंचे स्थानों पर चलें जाएं यदि स्थान छोड़ रहे हैं, तो अपने साथ आपाकालीन किट जरूर ले जाएं। घर छोडने् से पहले बिजली का मुख्य स्विच, गैस और पानी के नलों को बंद कर दें एवं मित्रों व रिश्तेदारों को अपने प्रस्थान की जानकारी दें।

न्यूज गैलरी

ओला फाउंडेशन ने 55 हजार से अधिक परिवारों की मदद की

नई दिल्ली (वार्ता)। देश की जानी-मानी कैब राइडिंग सेवा प्रादता कंपनी ओला की समाज कल्याण से जुड़ी शाखा, ओला फाउंडेशन ने ड्राइव द ड्राइवर फंड से 55 हजार से अधिक परिवारों की मदद की है। शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति मे ओला फाउंडेशन ने बताया कि कोविड महामारी के संकट के इस दौर में 'ड्राइव द ड्राइवर' फंड ने ड्राइवर-पार्टनर्स और उनके परिजनों को मदद पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस फंड से 25 शहरों में 55,918 परिवारों की मदद की गई। 93 लाख भोजन के पैकेटों का वितरण किया गया। आपातकालीन चिकित्सा के लिए वित्तीय मदद प्रदान कर 843 लोगों की सहायता की गई। कंपनी के ड्राइवरों के समुदाय की सहायता के लिए यह फंड मार्च में शुरु किया था। इस फंड में ओला ग्रुप और कंपनी के कर्मचारियों के अतिरिक्त ओला ग्रुप के संस्थापक और सीईओ भाविश अग्रवाल, नागरिकों और दूसरी संस्थाओं से भी सहयोग दिया है हम उन सभी व्यक्तियों की मदद के आभारी हैं।

उन्होंने कहा कि ÷ड्राइव द ड्राइवर÷ फंड से ड्राइवर समुदाय और उनके परिवारों की विभिन्न चुनौतियों से जूझने में उनकी सहायता करने का काम आगे भी जारी रहेगा।

रुपया आठ पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। शेयर बाजार में उतार चढ़ाव और वैश्विक स्तर पर डॉलर में रही मजबूती के दबाव में अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आठ पैसे फिसलकर 74.83 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले दिवस रुपया 74.75 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। रुपया आज गिरावट के साथ 74.94 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 74.80 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर और 74.98 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में आठ पैसे फिसलकर 74.83 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

रमीसर्कल का अपना गेम दिखाओ अभियान

नई दिल्ली (वार्ता)। ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्स 24बाय 7 ने अपने रमी प्लेटफॉर्म रमीसर्कल के लिए नया अभियान ÷अपना गेम दिखाओ÷ लॉन्च किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस नए अभियान का उद्देश्य खिलाड़ियों में खेल की हल्की-फुल्की प्रतिस्पर्धा को उभारना है। यह अभियान देश भर के खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म से जोड़ने और अपनी रमी कौशल दिखाने के लिए आमंत्रित करता है। रमीसर्कल को 2009 में लॉन्च किया गया था और यह अभी देश का लोकप्रिय ऑनलाइन स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म है। कंपनी का यह अभियान हिंदी के साथ ही अलग अलग क्षेत्रीय भाषाओं में चलेगा।

दस लाख ग्राहकों ने डाउनलोड किया जियोमार्ट-ऐप

जियोमार्ट ऐप ओवरऑल शॉपिंग श्रेणी में भी झंडे गाड़ रहा

जियो मार्ट लांच होने के दो महीने के भीतर ही देश के ऑनलाइन ग्रोसरी कारोबार क्षेत्र में ग्राहकों की पहली पसंद बन कर उभरा है और पिछले कुछ दिनों में ही ऐप को दस लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है।

नई दिल्ली (वार्ता)। कंपनी ने कुछ दिन पहले ही गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर जियोमार्ट-ऐप लॉन्च किया था और यह तेजी से लोकप्रियता की छलांग मारने लगा है। गूगल प्ले स्टोर से जियो मार्ट ऐप 10 लाख से अधिक बार डाउनलोड हो चुका है। ऐप्स की रैंकिंग करने वाली दुनिया की प्रतिष्ठित कंपनी ऐप-एनी के अनुसार, जियोमार्ट ऐप, ओवरऑल शॉपिंग श्रेणी में भी झंडे गाड़ रहा है। यह भारतीय रैंकिंग में ऐप्पल ऐप स्टोर में दूसरे और गूगल प्ले स्टोर पर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। जियोमार्ट पर रोजाना 2.5 लाख ऑर्डर बुक किए जा रहे हैं। ऑर्डर की यह संख्या ऑनलाइन किराना कारोबार वर्ग में सर्वाधिक है। ऑर्डरों की संख्या में लगातार इजाफा भी हो रहा है। सोडेक्सो कूपन का इस्तेमाल करने वाले ग्राहक, जियोमार्ट पर इसका इस्तेमाल कर भुगतान कर पा रहे हैं। इसका फायदा ग्राहको के साथ जियोमार्ट, दोनों को मिल रहा है। जियोमार्ट-ऐप से पहले कंपनी अपनी वेबसाइट पर ऑर्डर बुक किया करती थी। ऐप के आ जाने के बाद भी ग्राहकों का पुराना खाता जस का तस बना रहेगा। कंपनी ने कुछ ऐसी व्यवस्था की है जिसमें ग्राहक वेबसाइट, एंड्रायड और एप्पल आईओएस जैसे लगभग सभी प्लेफार्म्स पर अपने लॉगइन एकाउंट का इस्तेमाल कर लॉगइन कर पाएगा। यानी वेबसाइट पर ऑर्डर किया गया समान ग्राहक के एंड्रायड मोबाइल फोन पर और मोबाइल फोन से किए गए ऑर्डर वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

जियो मार्ट ने मई के आखिरी सप्ताह में 200 शहरों से शुरूआत की थी। नब्बे शहरों में पहली बार ग्राहक ग्रोसरी की ऑनलाइन शॉपिंग के साथ जुड़े थे। अपने लॉन्च के साथ ही जियोमार्ट प्रतिद्वंदियों से प्रतिस्पर्धा के लिये पूरी तरह तैयार है। जियोमार्ट पर अधिकतर उपलब्ध चीजें दूसरी ऐसे ही प्लेटफॉर्म्स से पांच प्रतिशत सस्ती हैं। ब्रांडेड सामान की कीमते भी कुछ कम रखी गई हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने हाल ही में 43 वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान जियोमार्ट की महत्वाकांक्षी विस्तार योजना पर कहा ÷जियोमार्ट अब अपनी पहुंच और वितरण क्षमताओं को बढ़ाने पर जोर देगा। उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं और खरीदारी का अनुभव देने के लिए जियोमार्ट प्रतिबद्ध है। किराना के अलावा हम आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, फार्मास्युटिकल और हेल्थकेयर के क्षेत्रों को भी कवर करेंगे। आने वाले वर्षों में, हम कई और शहरों में कहीं अधिक ग्राहकों की सेवा करेंगे।÷

फेसबुक के साथ डील की घोषणा करते हुए मुकेश अंबानी ने देश के 12 करोड़ किसानों और तीन करोड़ किराना दुकान मलिकों को जोड़ने की बात की थी। संगठित खुदरा वर्ग में असंगठित किराना स्टोर्स को यह मिश्रण ही जियोमार्ट की विशेषता होगी। वैश्विक ब्रोकर हाउस गोल्डमैन-सैक्स की रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस की फेसबुक के साथ साझेदारी के परिणामस्वरूप कंपनी ऑनलाइन ग्रॉसरी स्पेस में मार्केट लीडर बन सकती है। कंपनी के पास 2024 तक कंपनी देश की 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी होने की संभावना है।

मुनाफा वसूली से शेयर बाजार में जारी दबाव

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर कोरोना वायरस से संक्रमितों के तेजी से हो रही बढोतरी के दबाव के बीच मुनाफावसूली के कारण घरेलू शेयर बाजार में कल की तेजी पर आज ब्रेक लग गया और सेंसेक्स 11.57 अंक तथा निफ्टी 21.30 अंक टूट कर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 11.57 अंक गिरकर 38128.90 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 21.30 अंक फिसलकर 11194.15 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में हुयी बिकवाली का असर छोटी और मझौली कंपनियों पर भी दिखा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.59 प्रतिशत टूटकर 13702.55 अंक पर और स्मॉलकैप 0.23 प्रतिशत फिसलकर 12966.55 अंक पर रहा। बीएसई में शामिल समूहों में से एनर्जी 2.90 प्रतिशत, आईटी 1.33 प्रतिशत और टेक 0.76 प्रतिशत की तेजी रहा जबकि शेष सभी गिरावट में रहा। इसमें धातु में सबसे अधिक 2.11 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई में शामिल कंपनियों में से 2796 में कारोबार हुआ जिसमें से 1584 गिरावट में और 1065 बढ़त में रहे जबकि 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर सभी प्रमुख सूचकांक गिरावट में रहे। चीन का शंघाई कंपोजिट 3.86 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 2.21 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 1.53 प्रतिशत, एफ्टीएसई 1.04 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.58 प्रतिशत की गिरावट रही।

लॉजिस्टिक्स कारोबार में ऑटोमेशन बढ़ाने की जरूरत: केतन कुलकर्णी

नई दिल्ली (वार्ता)। कोविड-19 जैसी महामारियों के प्रभाव से लॉजिस्टिक्स कारोबार को बचाने के लिए इस क्षेत्र में ऑटोमेशन तथा डिजिटलीकरण बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए देश की अग्रणी लॉजिस्टिक्स कंपनी ब्लू डार्ट एक्सप्रेस ने कहा है कि सरकार की ओर से अनुमति मिलते ही वह ड्रोन के माध्यम से होम डिलिवरी के लिए तैयार है।

ब्लू डार्ट एक्सप्रेस के विपणन तथा कारोबार विकास प्रमुख केतन कुलकर्णी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, विशेषकर पूर्णबंदी के पहले दो चरणों में, काफी नये अनुभव मिले। भविष्य में इस तरह की महामारी से कारोबार प्रभावित न हो, इसके लिए लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में कुछ दूरगामी प्रभाव होंगे। यह सेक्टर अब ऑटोमेशन, डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी से जुड़े अन्य बदलावों को अपनायेगा। भविष्य में ड्रोन के माध्यम से होम डिलिवरी भी इसी दिशा में एक कदम होगा।

श्री कुलकर्णी ने टेलीफोन पर विशेष बातचीत के दौरान 'यूनीवार्ता' को बताया कि ब्लू डार्ट एक्सप्रेस की प्रवर्तक कंपनी डीएचएल हाल ही में दृश्य सीमा से बाहर ड्रोन के परिचालन के एक प्रयोग में साझेदार रही है। पूर्ण स्वामित्व वाली मालवाहक विमान सेवा कंपनी 'ब्लू डार्ट एविएशन' का विमानन क्षेत्र में अनुभव है। इस प्रकार समूह के भीतर ही पर्याप्त विशेषज्ञता और अनुभव मौजूद है। सरकार जब भी ड्रोन के माध्यम से होम डिलिवरी की अनुमति देगी कंपनी उसे अपनाने में सबसे आगे रहेगी।

त्योहारी मौसम के करीब होने का हवाला देते हुए उन्होंने आने वाले समय में माँग बढ़ने की उम्मीद जताई।

मलाबार गोल्ड एण्ड डायमंड्स का मानसून प्राइस प्रॉमिस ऑफर

नई दिल्ली (वार्ता)। आभूषणों रिटेल नेटवर्क संचालित करने वाली कंपनी मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने मानसून प्राइस प्रॉमिस ऑफर की पेशकश की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान ग्राहकों को विभिन्न विशेष ऑफर प्रदान करता है, जिनमें गोल्ड के लिए चार्ज करने पर 20 फीसदी से 50 फीसदी की छूट, डायमंड मूल्य पर 25 फीसदी तक की छूट और 22 कैरेट पुराने सोने के एक्सचेंज पर शून्य कटौती शामिल हैं। कंपनी इसके अतिरिक्त सोने के पुराने गहने खरीदेंगी चाहे ग्राहक ने आभूषण कहीं से क्यों न खरीदे हों। यह ऑफर इसके सभी शोरूम में उपलब्ध है। भुगतान केवाईसी मानदंडों के अनुरूप चेक या आरटीजीएस हस्तांतरण के माध्यम से किया जाएगा।

फोन-पे की आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली (वार्ता)। डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म फोनपे ने गैर-जीवन बीमा क्षेत्र की कंपनी आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के साथ मिलकर ग्रुप सेफगार्ड इंश्योरेंस के तहत 'हॉस्पिटल डेली कैश बेनिफिट' प्लान लॉंच करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अस्पताल में भर्ती होने पर होने वाले खर्चों के लिए बनाई गई खास तरह की पॉलिसी (कस्टमाइज़ हॉस्पिटलाइज़ेशन पॉलिसी) है, जिसमें फोनपे इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए यह खास सुविधा दी गई है कि अगर वे किसी चोट या बीमारी की वज़ह से अस्पताल में भर्ती होते हैं, तो उन्हें एक तय राशि दी जाएगी। कोरोना वायरस (कोविड-19) की वजह से अस्पताल में भर्ती होने पर भी यह राशि दी जाएगी।

इस बीमा प्लान का लाभ यह है कि बीमा का दावा करने के लिए अस्पताल के बिल की भी ज़रूरत नहीं है। इस रकम के लिए अधिकतर मामलों में सिर्फ डिस्चार्ज सर्टिफ़िकेट की ज़रूरत होगी। इस बीमा का लाभ उठाने वाले ग्राहक को कवर का पैसा सिर्फ़ दो मिनट में मिल जाता है क्योंकि इसकी प्रक्रिया बेहद आसान है। साथ ही, ग्राहक ऐप का इस्तेमाल करके अपने पॉलिसी से जुड़े दस्तावेज़ तुरंत ही देख सकते हैं।

'डेली हॉस्पिटल कैश बेनिफिट' प्लान में ग्राहक को हर दिन के 500 रुपये से 5000 रुपये तक का कवर चुनने का विकल्प होता है, जिसका सालाना प्रीमियम सिर्फ़ 130 रुपये आता है, जिसमें टैक्स भी शामिल है। यानी इस प्लान के लिए हर दिन के हिसाब से आपको सिर्फ 35 पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इसका लाभ उठाने और बीमा की रकम पर दावा करने के लिए ज़रूरी है कि आप कम से कम 48 घंटे तक अस्पताल में भर्ती हुए हों।

नई तकनीक | यह टीवी श्रृंखला रेस्त्रां, खुदरा स्टोर्स, शॉपिंग परिसर , सैलून आदि जैसे उपभोक्ताओं को ध्यान में रखा गया

सैमसंग ने लॉन्च की यूएचडी बिजनेस टीवी की नई श्रृंखला

गुरुग्राम (वार्ता)। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी सैमसंग ने घरेलू बाजार के लिए अल्ट्रा हाई डेफिनिशन (यूएचडी) बिजनेस टेलीविजन की नई श्रृंखला लॉन्च की है।

कंपनी ने आज बताया कि यह टीवी श्रृंखला रेस्त्रां, खुदरा स्टोर्स, शॉपिंग परिसर , सैलून आदि जैसे उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। यह नई श्रृंखला उन्नत एप्लीकेशंस, डायनामिक सामग्री और दृश्य अनुभव के माध्यम से उपयोगकर्ता के अनुभव को पुर्नपरिभाषित करने में लघु एवं मध्यम उद्यमों की मदद करेगी।

कंपनी के मुताबिक सैमसंग बिजनेस टीवी एक दिन में 16 घंटे तक लगातार चलने में सक्षम है और इसमें कारोबारी घंटों के दौरान स्वतः संचालन के लिए चलाने और बंद करने का टाइमर भी है। सहज सॉफ्टवेयर, आकर्षक सामग्री और बिना किसी 'हिडन कॉस्ट' के साथ सैमसंग बिजनेस टीवी 100 से ज्यादा पहले से लोड फ्री टेम्पलेट्स के साथ आता है, जो उद्यम मालिकों को अपनी स्वयं की सामग्री बनाने की सुविधा देता है । इन विशिष्ट टेम्पलेट्स में वर्टिकल ओरिएंटेशन, टीवी प्रोग्राम के साथ सामग्री का प्रर्दशन करने के लिए संवर्धन, मोशन-एम्बेडेड, सीजनल बिक्री और विभिन्न अवसरों के लिए कारोबार के स्टीक चित्रण के लिए अन्य प्री-डिजाइंस शामिल हैं।

अल्ट्रा हाई डेफिनिशन डिस्प्ले उच्च गुणवत्ता सामग्री को दिखा सकते हैं, इससे लघु एवं मध्यम उद्यमों को अधिक संख्या में ग्राहक आकर्षित करने में मदद मिलेगी। सैमसंग बिजनेस टीवी एप सामग्री को दूर से मैनेज करने की सुविधा भी है। यह एप टीवी के आसान डीआईवाई इंस्टॉलेशन में भी मदद करता है। बिजनेस टीवी एप को डाउनलोड करने के बाद, उपभोक्ता के डिवाइसेस अपने आप ही टीवी के साथ जुड़कर तुरंत चालू हो जाता है। यह सामग्री प्रंबधन एप सामग्री को आसानी से अपलोड करने में मदद करता है।

सैमसंग इंडिया के उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार की उपाध्यक्ष पुनीत सेठी शुक्रवार को ने कहा, ÷सैमसंग में, हम निरंतर अपने उपभोक्ताओं की बढ़ती कारोबारी जरूरतों को समझते हैं और उन्हें उच्च गुणवत्ता सॉल्यूशंस के साथ पूरा करने का प्रयास करते रहे हैं। नए सैमसंग बिजनेस टीवी के साथ, हम विभिन्न लघु एवं मध्यम उद्यमों की जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं। नई टीवी श्रृंखला से उन्हें प्रभावी ढंग से और परेशानी मुक्त संवाद करने में मदद मिलेगी। बिजनेस टीवी की हमारी नई श्रृंखला रेस्त्रां, रिटेल स्टोर्स, शॉपिंग कॉम्प्लेक्सेस, सैलून जैसे उद्यमों को उपभोक्ताओं को एक नया अनुभव उपलब्ध कराने में मदद करेगी।

विस्तारा के बेड़े में शामिल हुआ ए321 निओ विमान

नई दिल्ली (वार्ता)। टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उपक्रम वाली विमान सेवा कंपनी विस्तारा के बेड़े में पहला ए321 निओ विमान आज शामिल हो गया। विस्तारा ने बताया कि यह देश का सबसे अद्यतन केबिन वाला विमान है। इसमें बिजनेस श्रेणी में पूरी तरह बिस्तर में बदल जाने वाली (फ्लैट बेड) सीटें हैं। बिजनेस श्रेणी में 12 सीटें, प्रीमियम श्रेणी में 24 और इकोनॉमी श्रेणी में 152 सीटें होंगी। इसके साथ ही वह दक्षिण एशिया की पहली एयरलाइन बन गई है जो 'नैरो बॉडी' विमान में 'फ्लैट बेड' उपलब्ध करायेगी। एयरलाइन ने बताया कि वह पट्टे पर छह ए321निओ विमान ले रही है जिसमें पहला विमान आज उसके बेड़े में शामिल हुआ है। इसमें सीएफएम-लीप 1ए इंजन लगे हुये है जिससे रखरखाव का खर्च कम होगा। विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेसली थंग ने कहा कि नये विमान के बेड़े में शामिल होने से एयरलाइन का परिचालन बेहतर होगा, लागत में कमी आयेगी और कार्बन उत्सर्जन कम होगा। ए321 निओ एयरबस ए320 परिवार का सबसे बड़ा विमान है। इसमें अधिकतम 240 सीटें हो सकती हैं। यह अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है तथा 20 प्रतिशत ईंधन की बचत होगी।

आज का भविष्यफल

मेषः आज सूर्य चंद्र के राशि परिवर्तन योग का मेष राशि को फायदा मिल रहा है। आपका भावुक और व्यवहारिक रहेंगे, आज आपके हाथों किसी का भला हो सकता है। परोपकार का काम आपके हाथों होने से आपको सुकून महसूस होगा।

वृषभः आज का दिन पारिवार के साथ सुख-शांति पूर्वक बीतेगा। भाग्य मेहरबान रहेगा, दोपहर तक कोई शुभ समाचार भी मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुनः सूर्य की अनुकूलता का लाभ आप आज पा सकते हैं। पिता से आशीर्वाद लेकर नया काम करना शुभ रहेगा। उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की चाहत आज पूरी होगी।

कर्कः राशि स्वामी चंद्रमा की उत्तम स्थिति एवं राशि से पांचवें घर में गुरु का संचार अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करवा सकता है, अवसर पर नजर रखें। छात्रों के लिए भी दिन प्रगतिदायक है, शिक्षा में रुचि रहेगी।

सिंहः सराकरी क्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों में आपको मेहनत के अनुसार अच्छी सफलता मिलेगी। संतान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को लेकर आपको कुछ सक्रिय रहना पड़ सकता है।

कन्याः आज कार्यक्षेत्र में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख मिलेगा। पारिवारिक जीवन में आपसी सहयोग और मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

तुलाः आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नये स्रोत बनेंगे, वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, सावधान रहें।

वृश्चिकः आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि के लिए दिन उत्तम है। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

धनुः आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

मकरः आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

कुंभः पारिवारिक जीवन में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंतित होंगे, खर्च के लिए भी तैयार रहना होगा। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें।

मीनः वैवाहिक जीवन के लिए दिन आनंददायक रहेगा। आज किसी कारण से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। कारोबार में उन्नति और लाभ से खुशी होगी।

सू- दोकू क्र.093

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.92 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -093

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, दाढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे में लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, बेस 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बर्फीला ऋतु 10. तबाह करने वाला, विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14. ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्योहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 92 का हल

बस्तर अब कॉफी और हल्दी उत्पादन क्षेत्र के रूप में बनाएगा पहचान

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। बस्तर जिला प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ पर्यटन के प्रमुख स्थलों के मध्य अब कॉफी और हल्दी उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। जिले की पर्यावरण अनुकूलता से ही दरभा व डिलमिली इलाके में कॉफी और बास्तानार क्षेत्र में हल्दी उत्पादन को जिला प्रशासन द्वारा बढ़ावा दिया जा रहा है। इन उत्पादों का नाम बस्तर कॉफी व बस्तर हल्दी दिया गया है। जो जल्द ही बाजार में उपलब्ध होगी। प्रशासन का प्रयास है कि जिले के किसानों को धान की खेती के साथ-साथ कॉफी और हल्दी की खेती से भी जोड़ कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके।

बस्तर का मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के दरभा के पास कोलेंग मार्ग पर वर्ष 2017 में लगभग 20 एकड़ जमीन पर कॉफी का प्रायोगिक तौर पर कॉफी का प्लांटेशन किया गया था। कृषि विश्वविद्यालय के हार्टिकल्चर विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में कॉफी के उत्पादन को बढ़ावा दिया गया।

इस पूरे प्रोजेक्ट को देखने वाले कृषि विश्वविद्यालय कुम्हरावण्ड के हार्टिकल्चर के प्रोफेसर और अनुसंधान अधिकारी डॉ. के.पी. सिंह ने बताया कि बस्तर में दो प्रजातियों अरेबिका और रूबस्टा काफी के पौधे लगाए गए हैं। बस्तर की कॉफी की गुणवत्ता ओड़िसा और आंध्रप्रदेश के अरकू वैली में उत्पादित किए जा रहे कॉफी के समान है। उन्होंने कहा कि अरेबिका प्रजाति के पौधों से कॉफी के बीजों का उत्पादन प्रारंभ हो गया है, जबकि रूबस्टा से अगले वर्ष से उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अरेबिका प्रजाति के पौधों से प्राप्त बीज का ओडिसा के कोरापुट में प्रोसेसिंग कराई गई है। डॉ. सिंह ने बताया कि दो प्रकार से कॉफी का उत्पादन की बिक्री की जाएगी। एक फिल्टर कॉफी होगी, जो स्वाद में बेहतर है, दूसरी ग्रीन कॉफी होगी।

एक एकड़ में लगभग 3 क्विंटल कॉफी के बीज का उत्पादन

हार्टिकल्चर कॉलेज के डीन डॉ. एचसी नंदा ने बताया कि कॉफी का एक पौधा चार से पांच साल में पूरी तरह बढ़ जाता है। एक बार पौधा लग जाने के बाद यह 50 से 60 वर्षों तक बीज देता है। एक एकड़ में लगभग ढाई से तीन क्विंटल कॉफी के बीज का उत्पादन होता है। उन्होंने बताया कि यहां काफी की खेती की अच्छी संभावनाएं है। इसे व्यावसायिक स्वरूप देने के लिए स्थानीय किसानों को भी जोड़ा जा रहा है। किसान कॉफी की खेती से हर साल 50 हजार से 80 हजार प्रति एकड़ आमदनी कमा सकते हैं। इसके साथ-साथ अंतरवर्ती फसलों दलहन-तिलहन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इन फसलों को लेने का मुख्य उद्देश्य कम उपजाऊ जमीन पर, कम खाद-पानी में बहुत अच्छे से उगाई जा सकती है। कॉफी उत्पादन से पर्यावरण में हरा-भरा वातावरण के साथ-साथ ग्रामीणों के आय का साधन भी उपलब्ध होगा।

बस्तर के विकासखण्ड बास्तानार इलाके में उत्पादित किए जाने वाले हल्दी में पाए जाने वाला कैंसर रोधी तत्व करक्यूमन की मात्रा अधिक पाई जाती है। बस्तर हल्दी के नाम से यह उत्पाद जल्द ही बाजारों में बिक्री हेतु उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री बघेल ने 21 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से दोनों उत्पाद का विमोचन किए। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि बस्तर कॉफी और बस्तर हल्दी का बेहतर मार्केटिंग किया जाए।

आरक्षक की हत्या में शामिल तीन माओवादी गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

बीजापुर। थाना फरसेगढ़ में पदस्थ आरक्षक सोमारू पोयाम मेडिकल छुट्टी पर अपने गृह ग्राम माटवाटा आया था। 01अगस्त 2020 को आरक्षक अपने घर में खाना खाने के बाद सोया हुआ था रात्रि में करीबन 09.00 बजे माओवादी रायफल, बंदूक, तीर-धनुष, चाकू, टंगिया से लैस होकर आरक्षक के घर आये और पुलिस मे होने की बात कहते हुये पुछताछ करने लगे। आरक्षक के माता-पिता द्वारा रोके जाने पर इनकी माता को तीर से दाहिने हाथ की कलाई में एवं पिता को टंगिया के बेंठ एवं डण्डा से मारकर घायल कर घर में घुसकर आरक्षक सोमारू पोयाम को तीर-धनुष, टंगिया, चाकु, बंण्डा से मार कर हत्या कर दिये। घटना में शहीद आरक्षक के माता-पिता भी गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उक्त घटना पर थाना जांगला में अपराध क्रमांक 15/2020 धारा 302, 307, 324, 506, 427, 147, 148, 149, 395 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप के दिशा निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी भैरमगढ़ अविनाश मिश्रा एवं थाना प्रभारी जांगला रामनरेश गौतम द्वारा मामले में फरार माओवादियों की पता तलाश मुखबीर लगाकर लगातार प्रयास किये गये। विवेचना के दौरान घटना में शामिल माओवादियों का पता चलने से थाना जांगला एवं भैरमगढ़ का संयुक्त बल माटवाड़ा भुर्रीपानी, बेलचर, कोटमेटा की ओर माओवादी अभियान एवं माओवादी आरोपियों की पता तलाश में रवाना हुई। अभियान के दौरान 23 अगस्त को भुर्रापानी मे रेडकर घटना में शामिल 03 माओवादी को पकड़ा गया। बुधराम माड़वी पिता सोनू उम्र 40 वर्ष साकिन भुर्रीपानी थाना जांगला जन मिलिशिया।मनकू वेका पिता आंदो उम्र 42 वर्ष साकिन भुर्रीपानी थाना जांगला जन मिलिशिया। बोमड़ा पोड़ियामी पिता माटा उम्र 26 वर्ष साकिन भुर्रीपानी थाना जांगला जन मिलिशिया। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से मेमोरण्डम पर घटना में प्रयुक्त तीर-धनुष, चाकु, बण्डा बरामद किया गया। पकड़े गये माओवादियों से बारिकी से पुछताछ पर घटना में शामिल अन्य माओवादी एव उनके सहयोगियों का नाम बताया गया है। शीघ्र ही घटना में शामिल माओवादियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही की जावेगी। थाना जांगला में विधिवत गिरफ्तारी उपरान्त रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया।

कहीं सड़क ही नहीं तो कई सड़कें हैं गुणवत्ता विहीन

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से बीजापुर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार

राजेश झाड़ी

बीजापुर। जिले के भोपालपटनम ब्लाक के खास पारा से बारेगुड़ा तक पांच किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किया जाना था इस मार्ग के निर्माण के लिए विभाग द्वारा एक करोड़ नब्बे लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से निर्माण कार्य किए बिना ही लगभग पचास लाख रुपए का आहरण करते हुए शासकीय धनराशि का बंदरबांट किया गया है। खासपारा से बारेगुड़ा तक सड़क मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं वाहन चलना तो दूर की बात मोटरसाइकिल अथवा पद यात्रियों को भी आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है आपत्कालीन स्थिति में एंबुलेंस भी इस गांव तक नहीं पहुंच सकता इन परिस्थितियों में उस तरह की घटनाएं होना भी लाजमी है जैसा कि पूर्व में बर्तन से नदी पार करते वक्त घटी है प्रधानमंत्री सड़क योजना में विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत से बीजापुर जिले में अब तक चल रहे निर्माण कार्यों में भारी तादाद में भ्रष्टाचार किया गया है। कहीं सड़क बनी ही नहीं कहीं बनी भी है वह गुणवत्ता विहीन है खास पारा से बारेगुड़ा सड़क मार्ग प्रधानमंत्री सड़क योजना विभाग की पोल खोलने के लिए पर्याप्त उदाहरण है। इधर शिकायत होते देख प्रधानमंत्री सड़क योजना के ईई आर के साहू ने पिछले दिनों इस सड़क का मुआयना भी किया है अब देखना यह होगा की विभाग द्वारा की गई इस गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ प्रशासन किस तरह की कार्यवाही करती है।

ग्राम पंचायत लिंगापुर के सरपंच मेकल संतोष एवं अन्य ग्रामीणों ने इस सड़क का निर्माण अब तक नहीं होने से कड़ी नाराजगी जताया है क्षेत्र के लोगों में इस मार्ग को लेकर काफी आक्रोश है खास पारा से बारेगुड़ा तक मार्ग निर्माण के बगैर ही राशि आहरण करने की बात संज्ञान में आते ही क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने इस बात की शिकायत जिला कलेक्टर रितेश अग्रवाल से करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी एवं ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग भी कर चुके हैं। ,

जनता को कोरोना से बचाने विधायक विकास ने झोंकी पूरी ताकत

रायपुर। राजधानी रायपुर पश्चिम के विधायक व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने अपने क्षेत्र की जनता को कोरोना संक्रमण से बचाने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में वे अपने विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग वार्डों में आमजनों के लिए कोविड-19 जांच शिविर का आयोजन करा रहे हैं। आज शुक्रवार को पश्चिम क्षेत्र के कुकुरबेड़ा, मंगलबाजार में यह जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र की जनता ने स्वस्फूर्त ढंग से शिविर में आकर अपना जांच कराया। ज्ञात हो कि कल कोविड-19 जांच शिविर का आयोजन मोतीनगर एवं रामकुंड सामुदायिक भवन में कराया गया था। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आज कोविड-19 की जांच के लिए कुकुरबेड़ा सामुदायिक भवन एवं ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के मंगल बाजार में जांच शिविर आयोजित की गई।

बिजली कटौती के चलते पानी की समस्या

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। अघोषित बिजली कटौती और लचर व्यवस्था का खामियाजा शहरी गांवों के बिजली उपभोक्ता परेशान हो रहे। लो-वोल्टेज, अघोषित कटौती और सप्लाई की लचर व्यवस्था से सब हो रहे परेशान। बिजली कटौती के चलते पानी की समस्या भी हो रही। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते शाम होते ही बिजली बंद रहना हर दिन की समस्या बन गई है। गर्मी के कारण लोग शाम को ही बाजार के लिए निकलते हैं, पर इसी दौरान बिजली बंद हो जाती है। इसका असर ग्राहकी पर पड़ता है और व्यापारी निराश हो जाते हैं। इसके अलावा सड़कों पर अंधेरा होने के कारण आवाजाही में परेशानी होती है। हर रोज एक से दो घंटे की बिजली की कटौती आम बात हो गई है।

गांवों में लो वोल्टेज की समस्या रहती है। बिजली कटौती के चलते पानी की समस्या भी हो रही। ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटनेंस नहीं के बराबर होता है। ग्रामीण और शहरी एरिया में बिजली विभाग करोड़ों का मेंटनेंस का कार्य कर रहा है, पर कंडम ट्रांसफार्मर और झुलते तारों से लोगों को छुटकारा नहीं मिल रहा। विभाग मई-जून में बरसात से पहले मेंटेनेंस का कार्य करता है, इस कारण इस अवधि में बिजली बंद कर दी जाती है। इसके बावजूद अघोषित कटौती की जाती है। इन दोनों स्थितियों से छुटकारा यदि मिल भी जाए तो हवा-पानी के कारण बिजली बंद हो जाती है।

नागरिकों का कहना है कि यह सब विभाग के अधिकारियों में कार्य की प्रति सजगता में कमी का नतीजा है। पुराने संसाधनों और सीमित कर्मचारियों के भरोसे उपभोक्ताओं को बिजली की समस्या से छुटकारा मिल पाना संभव नहीं है। मौसम के बिगड़े मिजाज और विद्युत विभाग के अधिकारियों में सजगता की कमी के चलते अक्सर शाम होते ही नगर सहित जिले के अन्य क्षेत्रों में बिजली गुल हो जाती है। घरों में लोग दीपक, लालटेन या चिमनी के भरोसे हो जाते हैं। शासकीय या अन्य कार्यालयों में शाम को ही काम समेटना होता है, ज्यादातर आजकल कंप्यूटर और इंटरनेट पर निर्भर हो गए हैं, इस कारण बिजली बंद रहने से वे भी प्रभावित रहते हैं। आमतौर पर जून माह में दोपहर बाद आंधी-तूफान और कभी-कभी बारिश का नजारा रहता है, इस वर्ष यह मई में ही देखने को मिल रहा है।